WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक **नवप्रदेश** — प्रदेश के साथ पूरा देश...

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

रायपुर, गुरुवार, 8 जनवरी 2026 शुक्ल पक्ष-पंचमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 320 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

नाम बड़े दर्शन छोटे वाली कहावत को चरितार्थ करने वाले जेएनयू में एक बार फिर वामपंथी छात्र संगठन से जुड़े विद्यार्थियों ने आपत्तिजनक नारेबाजी की। समझ में नहीं आता कि यहां छात्र पढ़ाई करने जाते हैं या कब्र की खुदाई करने जाते हैं। सबसे सस्ती उच्च शिक्षा और नाममात्र शुल्क पर भोजन व आवास की सुविधा मिलने से यहां अधेड़ अवस्था तक कथित छात्र पढ़ते रहते हैं और अक्सर ढफली लेकर देश विरोधी नारे लगाते रहते हैं। अब समय आ गया है कि इससे पहले पानी सिर से ऊंचा हो जाये इन ढफली बाजों की तरीके से बैंड बजा दी जाये।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय उपलब्धि की हासिल

राजधानी की आईपीएचएल देश की पहली एनक्यूएएस प्रमाणित प्रयोगशाला बनी

■ **छत्तीसगढ़ ने स्थापित किया राष्ट्रीय मानक**

रायपुर /नवप्रदेश। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने जिला अस्पताल रायपुर स्थित इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स का प्रमाणन प्राप्त होने पर छत्तीसगढ़ सरकार को सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल करने के लिए बधाई दी है। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को लिखे पत्र में श्री नड्डा ने उल्लेख किया कि रायपुर आईपीएचएल देश में अपनी तरह की पहली प्रयोगशाला बन गई है, जिसे यह प्रतिष्ठित प्रमाणन प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि राज्य

की विश्वसनीय एवं क्वालिटी-अश्योर्ड डायग्नोस्टिक सेवाएँ प्रदान करने की बढ़ती क्षमता को दर्शाती है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने इस उपलब्धि को राज्य सरकार की प्रतिबद्धता और रायपुर जिला अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मियों के समर्पण का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि उनके प्रयासों ने सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में जनविश्वास को मजबूत किया है और सेवा-प्रदाय के नए मानक स्थापित किए हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जे. पी. नड्डा ने आगे कहा कि आईपीएचएल की स्थापना प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अधोसंरचना मिशन का एक महत्वपूर्ण घटक है। यह मिशन पूरे देश में स्वास्थ्य निगरानी, प्रयोगशाला नेटवर्क और आपदा तैयारी तंत्र को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस मिशन का मूल उद्देश्य गुणवत्ता-सुनिश्चित, अस्पताल-विशिष्ट एवं रोग-विशिष्ट प्रयोगशाला निदान उपलब्ध कराना है। रायपुर आईपीएचएल को प्रदान किया गया यह प्रमाणन इस बात की पुष्टि करता है कि ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम हाउस में जनदर्शन आज

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री निवास कार्यालय रायपुर में 8 जनवरी गुरुवार को दोपहर 12 बजे से जनदर्शन का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय इस अवसर पर प्रदेशवासियों से सीधे संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का त्वरित और संवेदनशील निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को समयबद्ध समाधान मिल सके।

'समुद्र प्रताप' से सुरक्षा व्यवस्था को मिली मजबूती: मोदी

नयी दिल्ली (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय तटरक्षक पोत (आईसीजीएस) समुद्र प्रताप को बल के बेड़े में शामिल किये जाने को भारत के समुद्री सफ़र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा है कि इससे समुद्री क्षमताओं के क्षेत्र में देश का आत्मनिर्भरता का विजन और मजबूत हुआ है। श्री मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा है कि इससे देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस पोत के बल के बेड़े में शामिल होना रक्षा और समुद्री क्षमताओं के क्षेत्र में देश के आत्मनिर्भर भारत के विजऩ को और सुदृढ़ करता है। उन्होंने कहा कि इससे देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलती है, तटीय निगरानी सशक्त होती है और भारत के व्यापक समुद्री हितों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। साथ ही, इसमें पर्यावरण-अनुकूल संचालन सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकियों के समावेशन से स्थायित्व के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता भी परिलक्षित होती है।

भारत ने वेनेजुएला की स्थिति पर जतायी चिंता

लक्जमबर्ग (वार्ता)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वेनेजुएला के हालिया घटनाक्रम पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि भारत का मुख्य ध्यान वेनेजुएला के लोगों के कल्याण और उनकी सुरक्षा पर केंद्रित है।उन्होंने सभी पक्षों और संबंधित हितधारकों से संवाद का रास्ता अपनाने तथा नागरिकों की सुरक्षा के लिए शांतिपूर्ण समाधान खोजने का आह्वान किया। लक्जमबर्ग के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री जेवियर बेटटेल के साथ बातचीत में श्री जयशंकर ने वेनेजुएला के साथ भारत के दीर्घकालिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि वह वेनेजुएला के घटनाक्रम को लेकर वास्तव में चिंतित हैं और वह इसमें शामिल सभी पक्षों से आग्रह करते हैं कि वे एक साथ बैठें और ऐसी स्थिति पर पहुंचें जो वेनेजुएला के लोगों के कल्याण और सुरक्षा के हित में हो। भारत के विदेश मंत्रालय ने भी एक बयान जारी कर वेनेजुएला की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है और बातचीत के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान की अपील की है। मंत्रालय ने वेनेजुएला के लोगों के प्रति अपना समर्थन दोहराया और संकट के समाधान के लिए शांतिपूर्ण संवाद पर जोर दिया।

आवारा कुत्तों से जुड़े मामले पर सुप्रीम कोर्ट- कैसे पता चलेगा, कुत्ता काटने के मूड में है या नहीं?

सुप्रीम कोर्ट बोला- कुत्तों के चलते लोग कब तक परेशानी झेलेंगे, बच्चों-बड़ों को काट रहे

नई दिल्ली/वार्ता। आवारा कुत्तों से जुड़े मामले में दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई के दौरान एक वकील के बयान पर बड़ी टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने अधिवक्ता वंदना जैन की एक दलील पर टिप्पणी की, 'जब हम पशु प्रेमियों की बात करते हैं, तो इसमें सभी जानवर शामिल होते हैं। मैं अपने घर में कोई जानवर रखना चाहता हूं या नहीं, यह मेरा विवेक है।

कल सोसाइटी में कोई भैंस ले आएगा, तो क्या करेंगे?: सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा, 'यही बात गेटेड कम्युनिटी पर भी लागू होती है। गेटेड कम्युनिटी में कुत्ते को घूमने देना चाहिए या नहीं, यह समुदाय को तय करना होगा। मान लीजिए, 90 प्रतिशत निवासियों को लगता है कि यह बच्चों के लिए खतरनाक होगा, लेकिन 10 फीसदी कुत्ते रखने पर जोर देते हैं। कोई कल भैंस ला सकता है। वे कह सकते हैं कि मुझे भैंस का दूध चाहिए।

कुत्तों को लेकर गेटेड कम्युनिटी कर सकें फैसला, होना चाहिए प्रावधान: सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसा कोई प्रावधान ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

सुनवाई के दौरान 5 बड़ी बातें...

- बहस में आवारा कुत्तों के फेवर में पैरवी कर रहे कपिल सिब्बल ने कहा कि जो कुत्ता काटे उसकी नसबंदी की जा सकती है।
- इस पर कोर्ट ने कहा, अब तो बस एक ही चीज बाकी है, कुत्तों को भी काउंसलिंग देना। ताकि वापस छोड़े जाने पर वह काटे नहीं।
- इस बीच सिब्बल ने कहा, जब भी मैं मंदिरों वगैरह में गया हूं, मुझे कभी किसी ने नहीं काटा। सुप्रीम कोर्ट ने जवाब दिया- 'आप खुशकिस्मत हैं। लोगों को काटा जा रहा है, बच्चों को काटा जा रहा है। लोग मर रहे हैं।
- कोर्ट ने कहा कि कुत्तों से दुर्घटनाओं का खतरा भी होता है। आप इसकी पहचान कैसे करेंगे? सुबह-सुबह कौन सा कुत्ता किस मूड में है, यह आप नहीं जान सकते।
- कोर्ट ने सरकार से पूछा कि 2018 में एनिमल बर्थ कंट्रोल को लेकर सख्त निर्देश दिए गए थे। ये ठीक से लागू क्यों नहीं हुए। नियमों के पालन में देरी से जनता को नुकसान नहीं होना चाहिए।

सरकारी नौकरियों में आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के दो अहम फैसले

सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी नौकरियों में जनरल कैटेगरी को लेकर हाल ही में दो ऐतिहासिक फैसले सुनाए हैं। देश की शीर्ष अदालत ने साफ कर दिया है कि अगर आरक्षित श्रेणी का कोई उम्मीदवार बिना किसी रियायत या छूट का लाभ उठाए सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों से बेहतर प्रदर्शन करता है, तो उसे जनरल या ओपन कैटेगरी में ही माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने इन दोनों फैसले में अपने पूर्व के रुख को ही दोहराया है। सुप्रीम कोर्ट के इन नए फैसलों का जनरल कैटेगरी पर असर कई स्तरों पर पड़ेगा। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट के ये फैसले सरकारी नौकरियों और प्रतियोगी परीक्षाओं में मेरिट ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी ने की नेतन्याहू से बात

आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ता से लड़ते रहेंगे

■ **मोदी और नेतन्याहू ने रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने तथा गाजा शांति योजना पर बात की**

नई दिल्ली(वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ भारत- इजरायल रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों और गाजा शांति योजना पर चर्चा की। बातचीत के बाद श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मुझे अपने मित्र, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात करके और उन्हें तथा इजऱाइल के लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं देकर प्रसन्नता हुई। हमने आने वाले वर्ष में भारत–इजऱाइल रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

हमने क्षेत्रीय स्थिति पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और आतंकवाद के खिलाफ और अधिक दृढ़ संकल्प के साथ लडऩे के अपने साझा संकल्प की एक बार फिर पुष्टि की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि श्री नेतन्याहू ने श्री मोदी के साथ बातचीत के लिए टेलीफोन किया था। ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

वेनेजुएला अमेरिका को 30–50 मिलियन बैरल तेल देगा: ट्रंप

वाशिंगटन (वार्ता)। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि वेनेजुएला अमेरिका को 30 से 50 मिलियन बैरल तेल देगा और यह तेल बाजार दरों पर बेचा जाएगा एवं इससे होने वाली कमाई अमेरिकी सरकार के नियंत्रण में रहेगी। श्री ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि वेनेजुएला में अंतरिम सरकार अमेरिका को 30 से 50 मिलियन बैरल उच्च गुणवत्ता वाला तेल सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि इससे होने वाली कमाई से वेनेजुएला और अमेरिकी दोनों नागरिकों को फायदा होगा।

श्री ट्रंप ने लिखा, यह तेल बाजार मूल्य पर बेचा जाएगा और पैसा मेरे द्वारा अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में नियंत्रित किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इसका उपयोग वेनेजुएला और अमेरिका के लोगों

के फायदे के लिए किया जाए। उन्होंने ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट को बिना किसी देरी के इस योजना को लागू करने का निर्देश दिया। तेल को जहाजों में भरकर सीधे अमेरिकी बंदरगाहों पर उतारने के लिए भेजा जाएगा।

यह घोषणा अमेरिकी सेना द्वारा तीन जनवरी को बड़े पैमाने पर हमले के कुछ दिनों बाद हुई है। हमले में वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार कर ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

ट्रम्प का मोदी पर बयान, राहुल बोले-

फर्क समझो सरजी ट्रम्प के आगे मोदी सरेंडर, इंदिरा ने अमेरिका को झुकाया था

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी की लीडरशिप की तुलना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से की। राहुल ने X पर 'फर्क समझो सर जी कैप्शन के साथ 3 जून का वीडियो शेयर किया और कहा कि

मोदी ट्रम्प के आगे सरेंडर हो जाते हैं, लेकिन इंदिरा ने अमेरिका को झुकाया था।

राहुल ने कहा- आपको वह समय याद होगा जब फोन कॉल नहीं था, सातवां फ्लीट आया था। 1971 के युद्ध में, सातवां फ्लीट आया, कई हथियार आए, एक एयरक्राफ्ट कैरियर भी आया। तब इंदिरा गांधी जी ने कहा था, 'मुझे जो करना है, ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

एक-दो नहीं, इस साल 19 युद्धपोत शामिल करेगी नौसेना

■ **चीन की चुनौती को भारत का जवाब**

नई दिल्ली(ए.)। भारतीय नौसेना अपने इतिहास की सबसे बड़ी वार्षिक वृद्धि की ओर अग्रसर है। इस वर्ष 2026 में नौसेना 19 युद्धपोतों को कमीशन करने जा रही है, जो एक वर्ष में सबसे बड़ी वृद्धि होगी। पिछले वर्ष 2025 में नौसेना ने 14 जहाजों को कमीशन किया था, जिसमें एक पनडुब्बी भी शामिल थी। सूत्रों के अनुसार, यह उत्पादन गति इतिहास में अभूतपूर्व है और यह स्वदेशी जहाज निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र की परिपक्वता को दर्शाती है। ट्रिब्यून ने सूत्रों के हवाले से लिखा है कि 2026 नौसेना के विस्तार का शिखर वर्ष

रहेगा। इस दौरान नीलगिरी श्रेणी के मल्टी-रोल स्टेल्थ फ्रिगेट्स की संख्या में भी इजाफा होगा। इस श्रेणी का अग्रणी पोत जनवरी 2025 में सेवा में आया था, जिसके बाद अगस्त 2025 में आईएनएस हिमगिरि और आईएनएस उदयगिरि का कमीशनिंग हुआ। चालू वर्ष में इस श्रेणी के कम से कम दो और पोत नौसेना में शामिल होने की उम्मीद है।

गरमा-गरमा

मुख्यधारा में लौटे — बंदूक से भरोसे की ओर बस्तर का सफर, -इनमें 7 लड़कियां, इन पर कुल 64 लाख रुपये का था ईनाम

सुकमा में 26 नक्सलियों ने किया अत्मसमर्पण

सुकमा/नवप्रदेश। बस्तर अंचल में नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे निर्णायक अभियान को बुधवार को बड़ी सफलता मिली, जब 7 महिला समेत कुल 26 माओवादी कैडरों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का ऐलान किया। इन आत्मसमर्पित माओवादियों पर कुल 64 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

छत्तीसगढ़ शासन की 'नक्सलवादी आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति-2025 और सुकमा पुलिस द्वारा संचालित 'पूना मार्गेम - पुनर्वास से पुनर्जीवन अभियान से प्रभावित होकर इन कैडरों

ने आत्मसमर्पण किया। यह आत्मसमर्पण रक्षित आरक्षी केंद्र, सुकमा में वरिष्ठ पुलिस व केंद्रीय बल अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

पीएलजीए से एरिया कमेटी तक सक्रिय रहे कैडर: आत्मसमर्पित माओवादी पीएलजीए बटालियन, दक्षिण बस्तर डिवीजन, ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

सुरक्षा कैंप और ऑपरेशन से टूटा नेटवर्क

अंदरूनी इलाकों में लगातार नए सुरक्षा कैंपों की स्थापना, सघन नक्सल ऑपरेशन और बढ़ते पुलिस दबाव से माओवादी संगठन की कमर टूटती नजर आ रही है। अधिकारियों का कहना है कि अब संगठन समाप्ति की ओर बढ़ रहा है। पुलिस ने शेष नक्सलियों से भी अपील की है कि वे हिंसा छोड़कर शांति, विकास और सम्मानजनक जीवन के लिए 'पूना मार्गेम अभियान से जुड़ें।

आपको देश से निकाला जा सकता है

नियमों के उल्लंघन को लेकर भारतीय छात्रों को अमेरिका की चेतावनी

नई दिल्ली। अमेरिका में पढ़ रहे भारतीय छात्रों को लेकर अमेरिकी दूतावास ने बुधवार को चेतावनी जारी की। दूतावास ने कहा कि किसी भी तरह के नियम उल्लंघन पर छात्रों को उनके देश से निकाला जा सकता है। अमेरिकी दूतावास ने स्पष्ट कहा कि अमेरिकी वीजा कोई अधिकार नहीं, बल्कि एक विशेष सुविधा है और वहां रहते हुए कानून तोडऩे पर गंभीर नतीजे हो सकते हैं।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में अमेरिकी दूतावास ने कहा, अमेरिकी कानून तोडऩे से आपके छात्र वीजा पर गंभीर असर पड़ सकता है। अगर आप गिरफ्तार होते हैं या किसी कानून का उल्लंघन करते हैं, तो आपका वीजा रद्द किया जा सकता है, आपको निर्वासित (डिपोर्ट) किया जा सकता है और भविष्य में अमेरिकी वीजा मिलने से रोका जा सकता है। नियमों का पालन करें और अपनी यात्रा को खतरे में न डालें। अमेरिकी वीजा एक सुविधा है, अधिकार नहीं। यह चेतावनी ऐसे समय ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा कार्यकर्ता हर मोर्चे पर सक्रिय रहे, लगातार होती रही मॉनिटरिंग

पायलट की नसीहतें बेअसर पूरे प्रदेश में एसआईआर पर कांग्रेसियों ने साध लिया मौन

- न मतदाताओं के नाम जोड़ने और काटने पर आपत्ति की
- फील्ड में नहीं निकले राहुल के मुद्दे को जमींदोज कर दिया

हनीफ निजामी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस की समीक्षा बैठक 8 जनवरी को रायपुर में होने जा रही है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट प्रदेश में कांग्रेस की संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक से पहले ही कांग्रेस में कई सवाल उठाए जा रहे हैं। दरअसल एसआईआर को लेकर पायलट की नसीहतों का पूरे प्रदेश में कोई असर नहीं हुआ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से लेकर जमीनी कार्यकर्ता इस अभियान से दूर रहे।

पिछली बैठक में एसआईआर को लेकर पायलट ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिये थे। गली-गली घूम-घूम कर मतदाताओं के नाम जोड़ने और काटने का अभियान चलाने कहा गया। एसआईआर को लेकर चली पूरी प्रक्रिया के दौरान नाम काटने-जोड़ने की प्रक्रिया के दौरान कांग्रेसी चुप्पी साधे रहे। इसके उलट, भाजपा के पन्ना प्रभारी से लेकर विधानसभा प्रभारी चौकस रहे। एसआईआर को लेकर भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर पर सक्रिय रहे। पूरी सक्रियता के साथ वोटर लिस्ट का काम करते रहे। पायलट की नसीहतों का केवल इतना असर हुआ कि शहर और जिला स्तर की बैठकें हो गई। बैठकों में एसआईआर को लेकर पायलट की नसीहत संगठन पदाधिकारियों को बता दी गई। संगठन पदाधिकारियों ने बमुश्किल एक या दो दिन मतदाताओं से कुछ देर संपर्क किया। फोटो खिंचवाई और घर जाकर बैठ गए। हालत इतनी बदतर रही कि एसआईआर के लिये विधानसभावार प्रभारी नियुक्त किये गए थे। अधिकांश प्रभारियों ने भी सिर्फ अखबारों में बयानबाजी की। कई प्रभारियों ने तो कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक तक नहीं बुलाई। अपने प्रभार वाले क्षेत्र में जाने की जहमत भी नहीं उठाई।

यह हाल तब है जब देश में कांग्रेस के सबसे बड़े नेता वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के मामले उठा रहे हैं। बावजूद, खुद को राहुल गांधी का सिपाही समझने वाले कांग्रेस नेता फील्ड पर उतरने की बजाय घर पर बैठे हैं। पूरे प्रदेश में कहीं पर भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मतदाता सूची को लेकर कोई काम ही नहीं किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राष्ट्रीय स्तर के इस महाअभियान में एसआईआर को लेकर केवल रायपुर से निर्देश जारी किये। किसी भी स्तर पर समीक्षा नहीं की गई। ग्राउंड वर्क हो रहा है या नहीं, इसकी मॉनिटरिंग नहीं की गई। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से लेकर कांग्रेस के पदाधिकारियों समेत सामान्य कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के एसआईआर के मुद्दे को जमींदोज कर दिया।

वोटर लिस्ट के अंतिम प्रकाशन के बाद करेंगे प्रलापः चुनाव आयोग ने लगातार राजनीतिक दलों से अपील की है कि निष्पक्षता के साथ मतदाता सूची में नाम जोड़ने और काटने की प्रक्रिया में सहयोग दें। सभी जिलों के कलेक्टरों ने भी बैठक बुलाकर और प्रेस बयान जारी कर राजनीतिक दलों से वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण कार्य में सहभागिता की अपील की है। ताकि, किसी तरह की गड़बड़ी न होने पाए। इसके बावजूद कांग्रेसी मौन साधे रहे। एसआईआर प्रक्रिया के दौरान पूरे प्रदेश में 27 लाख वोटरों के नाम कटे हैं। इतनी तादाद में नाम कटने पर भी कांग्रेसियों ने अब तक फील्ड में उतरकर सत्यापन करने की कोई कोशिश तक नहीं की है। बड़ा सवाल ये है कि क्या प्रदेश के कांग्रेसी वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन होने के बाद नाम कटने और जुड़ने को लेकर प्रलाप करेंगे।

इस तरह समझें कितने निष्क्रिय रहे कांग्रेसी

कांग्रेस संगठन ने राहुल गांधी के एसआईआर के मुद्दे की किस कदर धज्जियां उड़ाई, इसका अंदाज लगाने के लिये पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के गृह जिले दुर्ग में कांग्रेस की गतिविधियों से समझा जा सकता है। प्रदेश कांग्रेस महासचिव दीपक दुबे को दुर्ग शहर का प्रभारी बनाया गया। दीपक दुबे ने राजीव भवन में बैठक बुलाई। इसके बाद तीन दिन उन्होंने ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी के साथ मतदाताओं से संपर्क किया। चौथे दिन दीपक दुबे ने बूथ में जाकर बीएलओ से प्रक्रिया की जानकारी ली। इसके अलावा कोई और काम नहीं किया गया। दुर्ग शहर के पड़ोसी वैशाली नगर भिलाई क्षेत्र में एसआईआर का सबसे ज्यादा बुरा हाल रहा। यहां पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल को एसआईआर प्रभारी बनाया गया। धीरज ने यहां एक बार भी बैठक नहीं बुलाई। वैशाली नगर क्षेत्र में एसआईआर को लेकर पूरे विधानसभा क्षेत्र में कदम भी नहीं रखा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर भी पूरे एसआईआर अभियान के दौरान घर से बाहर नहीं निकले। मजे की बात ये है कि धीरज बाकलीवाल और मुकेश चंद्राकर को एसआईआर की निष्क्रियता का ईनाम भी मिल गया। धीरज बाकलीवाल को दुर्ग शहर अध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया। भिलाई शहर अध्यक्ष पद पर लगातार दूसरी बार मुकेश चंद्राकर की ताजपोशी कर दी गई। निष्क्रियता के आरोप के बावजूद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पसंद के कारण सक्रिय कांग्रेस नेताओं की बजाय निष्क्रिय कांग्रेस नेताओं को ओहदे दे दिये गए।

रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स ने इच्छुक विद्यार्थियों के लिए रोबोटिक सर्जरी पर शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया

रायपुर/नवप्रदेश। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स, रायपुर ने प्रतिष्ठित स्कूलों एवं कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए सफलतापूर्वक एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया, जिसमें तीन दिनों में 150 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस भ्रमण ने युवा विद्यार्थियों को रोबोटिक-सहायता प्राप्त सर्जरी में हो रही प्रगति को समझने तथा इस अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक का वास्तविक अनुभव प्राप्त करने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया।

सत्रों के दौरान विद्यार्थियों को दा विंची रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम से परिचित कराया गया, जहाँ विशेषज्ञों ने इसके कार्य करने की प्रक्रिया, उपयोग और शल्य चिकित्सा में इसके परिवर्तनकारी योगदान के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों ने इनवेसिव और नॉन-इनवेसिव प्रक्रियाओं, न्यूनतम चीरे वाली सर्जरी तथा यह भी सीखा कि किस प्रकार रोबोटिक तकनीक सटीकता बढ़ाती है, रिकवरी समय कम करती है और मरीजों के परिणामों में सुधार लाती है। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स के मेडिकल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे के साथ एक रोचक इंटरएक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर दिया और अपने साढ़े तीन दशकों से अधिक के सर्जिकल अनुभव से जुड़े महत्वपूर्ण विचार साझा किए। विद्यार्थियों ने उत्सुकता के साथ प्रश्न पूछे और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं में रोबोटिक सिस्टम के महत्व को समझते हुए इसे नजदीक से देखने का अवसर प्राप्त किया।

पूरा भ्रमण आरकेसीएच टीम की देखरेख में कुशलतापूर्वक संचालित किया गया, जिससे सभी गतिविधियाँ सुचारू रूप से संपन्न हुई तथा सुरक्षा और संक्रमण नियंत्रण प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया गया। विद्यार्थियों को देखने के क्षेत्रों में प्रवेश से पूर्व मास्क, स्क्रब्स तथा सभी आवश्यक ओटी सुरक्षा उपाय प्रदान किए गए।

न्यूज गैलरी

बिना परमिट ले जा रहे 675 बोरा धान से भरा ट्रक जब्त

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नगरी में सिहावा क्षेत्र के अंतर्गत बोराई एवं उड़ीसा बॉर्डर से कुछ ही दूरी पर बस्तर सीमा से लगे केशकाल क्षेत्र में खाद्य विभाग के उड़नदस्ता दल द्वारा रात्रि गश्त के दौरान अवैध धान परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई ग्राम मछली से गोविंदपुर जाने वाले मार्ग पर की गई। मिली जानकारी के अनुसार, जांच के दौरान एक ट्रक में कुल 675 बोरा धान लदा पाया गया। मौके पर धान परिवहन से संबंधित कोई भी वैध अनुज्ञा (परमिट) प्रस्तुत नहीं की जा सकी। ट्रक पकड़े जाने के तत्काल बाद अनुज्ञा काटे जाने की जानकारी सामने आई, जिसे खाद्य विभाग द्वारा अमान्य घोषित किया गया। नियमानुसार धान सहित ट्रक को जब्त कर लिया गया। जब्त किए गए धान की अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख 13 हजार रुपये आंकी गई है। उक्त कार्रवाई केशकाल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बड़ेराजपुर विकासखंड के विश्रामपुरी-मछली मार्ग के पास की गई। खाद्य विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा यह पाया गया कि रोशन ट्रेडर्स, बोराई-नगरी (प्रोपराइटरः पदम भंसाली) द्वारा बिना अनुज्ञा के धान का अवैध परिवहन किया जा रहा था।फिलहाल धान से भरे जप्त ट्रक को कोंडागांव जिला के विश्रामपुरी थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। प्रकरण में आगे की वैधानिक कार्रवाई प्रचलित है। खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि, अवैध भंडारण और परिवहन के मामलों में भविष्य में भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

एक दर्जन गांवों में छाया रहा अंधेरा

कोरबा/नवप्रदेश। ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था सुधारने का नाम नहीं ले रही है। कनकी फीडर में तकनीकी खामी आने की वजह से पूरी रात एक दर्जन गांवों में अंधेरा छाया रहा और सुबह हुई तब जाकर विद्युत व्यवस्था को किसी तरह बहाल किया जा सका इसके बाद भी व्यवस्था सही नहीं हो पाई थी और अगले दिन फिर से कई बार बिजली की आंख मिचौली बदस्तूर जारी रही। जिससे क्षेत्र के स्थानीय लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बताया जाता है कि कनकी फीडर को पड़ोसी जिले जांजगीर चांपा से विद्युत आपूर्ति की जाती है बताया जाता है कि सोमवार की रात कनकी फीडर में अचानक तकनीकी खामियां जाने की वजह से कनकी फीडर के अंतर्गत आने वाले लगभग एक दर्जन गांव कनकी, खैरभवना, तरदा, बाता बिरदा सहित अन्य गांव में अंधेरा छाया हुआ था। स्थानीय ग्रामीणों ने स्थानीय अधिकारी कर्मचारियों को देर रात ही इसकी सूचना दी थी लेकिन अधिकारी कर्मचारियों की टीम ने व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में ठोस पहल नहीं की जिसके चलते एक दर्जन गांव में पूरी रात अंधेरा छाया रहा।

खरीदी केंद्र में मिला मिलावटी धान, 10 हजार बोरे को किया जब्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रदेश के कृषि प्रधान जिले बेमेतरा में धान खरीदी जारी है। इस बीच यहां के धान उपार्जन केंद्र ग्राम गाड़ाडीह में मिलावट का मामला सामने आया है। दरअसल, जिला प्रशासन की टीम द्वारा उपार्जन केंद्र में रखे गए 5 स्टैक मोटा धान की जांच की गई, जिसमें पुराना धान व अमानक श्रेणी का नया धान मिश्रित रूप में पाया गया। गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर टीम ने कुल 10 हजार बोरे धान को अस्थायी रूप से जब्त कर उनके परिवहन पर रोक लगा दी है। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई किसानों के हितों की रक्षा, पारदर्शी उपार्जन प्रक्रिया सुनिश्चित करने व शासन द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानकों के पालन हेतु की गई है। जांच के दौरान प्रथम दृष्ट्या यह पाया गया कि धान की गुणवत्ता मानक से कम है, जिससे शासन को आर्थिक नुकसान होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। जांच पूर्ण होने के पश्चात संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफनियम अनुसार कठोर कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

चुनाव आयोग को मिले 12 हजार 339 मतदाता संदिग्ध, नोटिस जारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में हाल में हुए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) अंतर्गत 12 हजार 339 मतदाता संदिग्ध मिले हैं। इन मतदाताओं को अब दस्तावेज दिखाने होंगे। ऐसे लोगों को आयोग के ईआरओ/एईआरओ (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी) ने नोटिस जारी कर दिया है। दरअसल, ये वो लोग है जो, सर्वे के दौरान जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र में नो-मैपिंग श्रेणी में आए हैं। इनके परिजन का नाम 2003 की सूची में नहीं है। इन वोटर्स को निर्वाचक नामावली में अपना नाम बनाए रखने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित आवश्यक दस्तावेज के साथ नियत तिथि, समय व स्थान पर संबंधित अधिकारी के समक्ष सुनवाई में उपस्थित होने के निर्देश दिए है। इसमें विधानसभा क्षेत्र साजा में 2 हजार 808, बेमेतरा में 3 हजार 715 व नवागढ़ में 5 हजार 816 वोटर्स है। ये वर्ष 2003 की मतदाता सूची में अपना अथवा माता/पिता का नाम शामिल होने से संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए हैं।

पीएचई के ठेकेदारों को प्रताड़ित कर रहे अफसर: अशोक पंजवानी

- कमीशनखोरी के चक्कर में दो सालों से बिल का भुगतान अटका पड़ा है

राजांदगांव/नवप्रदेश। पीएचई कांट्रेक्टर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अशोक पंजवानी ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) दुर्ग के अधिकारियों द्वारा ठेकेदारों को बिल पास करने के नाम पर कमीशन के रूप में रिश्वतखोरी का जिक्र करते हुए कहा है कि विभागीय अधिकारियों द्वारा ठेकेदारों को कमीशन के नाम पर अनावश्यक परेशान कर बिल को दो साल से अटका कर प्रताड़ित किया जा रहा है।

श्री पंजवानी ने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि जल जीवन मिशन में अधिकारियों के द्वारा बिल बनाने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। ठेकेदार मजबूर हैं, क्योंकि उनके कार्य का बिल बनाना बाकी है। किए गए कार्यों का भुगतान दो साल से भी अधिक समय से लंबित है। अधिकारियों के द्वारा बिल बनाने के नाम पर अवैध डिमांड की जाती है। रूपए नहीं दे पाने की स्थिति में उनके द्वारा कार्य में विभिन्न त्रुटियां निकाल कर शासन और प्रशासन के सामने ठेकेदारों को अधिकारियों के द्वारा बदनाम किया जाता है, जबकि उनके टाइम कीपर और अधिकारियों के निर्देश के अनुसार ही ठेकेदार कार्य करता है। उसके बावजूद ठेकेदारों को प्रताड़ित किया जा रहा है।

श्री पंजवानी ने कहा कि अभी दुर्ग में ठेकेदार ने अधिकारियों की प्रताडना से परेशान होकर स्वयं हिडन कैमरा लगाकर पैसा देते हुए वीडियो वायरल किया है। उस ठेकेदार का एनडीटीवी में वर्जन भी आया है, जिसमें उन्होंने कार्यपालन अभियंता, वहां के सब इंजीनियर और ऊपर के अधिकारियों पर पैसे की डिमांड का आरोप लगाते हुए बिल नहीं बनाने का आरोप लगाया है। इस घटना से साबित होता है कि प्रदेश में जल जीवन मिशन में अधिकारियों के द्वारा लूट खसोट, अवैध वसूली निरंतर जारी है। अधिकारियों को किसी का डर नहीं रह गया है।

यही स्थिति पीएचई के सभी डिवीजन ऑफिस राजनांदगांव की है। एक तरफविभागीय मंत्री अरुण साव विधानसभा में जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं। उसके बाद भी इस प्रकार की घटनाएं उनके जीरो टॉलरेंस को ठेंगा दिखाते हुए प्रतीत होती है। यदि शासन और अधिकारी साफ मन से कार्य करें तो ठेकेदार कभी भी किसी कर्मचारी को हिडन कैमरे के माध्यम से कवर करने की कोशिश भी नहीं करेगा।

दंतैल हाथी का उत्पात दो दिनों में 8 घरों को तोड़कर खा गया राशन, अलर्ट जारी

- जंगली दंतैल हाथी ने जमकर मचाया उत्पात

जशपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां दंतैल जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया है, जिसके कारण पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। गंभीरता की बात है कि, दो दिनों में अकेले जंगली हाथी ने 8 घरों को तोड़ डाला। आपको बता दें कि, 6 जनवरी को सोमवार की रात नारायणपुर में चार घरों को तोड़ा था। घर में रखें टीवी समेत अन्य उपकरण को भी टॉड डाला।फिर बीती रात यानि मंगवार को सुसडेगा में चार घरों को तोड़ा। इतना ही नहीं, हाथी ने दोनों घरों में रखें धान को भी चट कर लिया। घर में सो रही मां बेटी हाथी के चपेट में आने से बाल-बाल बचीं।

मौके पर पहुंची वन विभाग की टीमः इसकी सूचना मिलते ही वन विभाग के कर्मचारी मौके पर मौजूद हुए। जिसके बाद वन अमला ने हाथी प्रभावित क्षेत्र में निवासरत लोगों को खाली कराया। यह पूरा मामला पत्थलगांव वन परिक्षेत्र का है। वहीं इस घटना के बाद से ग्रामीणों में काफी भय का माहौल बन गया है। फिलहाल, वन विभाग की टीम सूचना के आधार पर ग्रामीणों को सावधानी बरतने को कहा है।

अबूझमाड़ मैराथन 31 जनवरी को

मंत्री कश्यप ने आफिशियल टी-शर्ट का किया विमोचन, 8 से 10 हजार एथलीट होंगे शामिल

नारायणपुर/नवप्रदेश। मंत्री केदार कश्यप ने बुधवार को सर्किट हाउस में 'अबूझमाड़ महोत्सव' के अंतर्गत होने वाली इस प्रतिष्ठित मैराथन की आधिकारिक टी- शर्ट का विमोचन किया। ऊंचे पर्वतों, घने जंगलों और अबूझमाड़ की मावली माता की पावन धरती के बीच यह दौड़ बस्तर को पांचवीं बार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने जा रहा हैं।

अबूझमाड़ के गांवों में सुबह अब अलग तरह से होती है। जंगलों से उठती धुंध के बीच अब केवल सन्नाटा नहीं, बल्कि दौड़ते कदमों की आहट सुनाई देती है। कभी डर और अलगाव की पहचान रहे इस इलाके में अब अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन की तैयारी गांव-गांव उत्सव का रूप ले चुकी है।

नक्सल हिंसा से उबरते अबूझमाड़ क्षेत्र में शांति, विकास और खेल भावना का संदेश देने वाली अबूझमाड़ पीस हॉफमैराथन का पंचम संस्करण 31 जनवरी को नारायणपुर में आयोजित किया जाएगा। 15 लाख रुपये से अधिक की पुरस्कार राशि वाली यह दौड़ गांवों के युवाओं के लिए सपनों का रास्ता भी बन गई है। हर साल 8000 से 10000 धावक यहां पहुंचकर अबूझमाड़ की कहानी अपने साथ दुनिया तक ले जाते हैं।

अधिकारियों को दिए निर्देश- सभी खेल सुविधाओं को मानक अनुरूप विकसित किया जाए

खेल स्थलों का निरीक्षण, किरण देव ने बोले-जगदलपुर में होगा खेल सुविधाओं का विस्तार

- किरण देव ने बैडमिंटन कोर्ट, बॉक्स क्रिकेट मैदान का किया निरीक्षण, समय पर पूर्ण करने के दिए निर्देश

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग की खेल अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और विधायक किरण देव ने अधिकारियों सहित जगदलपुर में चल रहे प्रमुख खेल परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में निर्माणाधीन बैडमिंटन कोर्ट और टाउन हॉल परिसर के पीछे विकसित हो रहे बॉक्स क्रिकेट मैदान की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्माण गुणवत्ता और निर्धारित समय-सीमा पर विशेष बल दिया गया। निरीक्षण टीम ने बैडमिंटन कोर्ट और बॉक्स क्रिकेट मैदान की निर्माण स्थिति, तकनीकी पहलुओं और आगे की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की। संबंधित विभागों को लंबित कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने तथा निर्माण की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए गए।

बस्तर में खेल प्रतिभाओं को मिलेगा बड़ा मंचः निरीक्षण के दौरान यह बात स्पष्ट की गई कि बस्तर में खेल प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता है आधुनिक सुविधाओं, बेहतर प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धी माहौल की। निर्माणाधीन बैडमिंटन कोर्ट और बॉक्स क्रिकेट मैदान के तैयार होने से स्थानीय खिलाड़ियों को अभ्यास, प्रतियोगिताओं और कौशल विकास के अधिक अवसर प्राप्त होंगे। इससे बस्तर की खेल संस्कृति को नई दिशा और गति मिलने की उम्मीद है।

निरीक्षण में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति

निरीक्षण कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव के साथ रामाश्रय सिंह, गोविंद इनाणी, पीडब्ल्यूडी विभाग अधिकारी, नगर निगम कार्यपालन भियंता गोपाल भारद्वाज, अमर कश्यप, सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

निरीक्षण के प्रमुख निर्देश

- बैडमिंटन कोर्ट और बॉक्स क्रिकेट मैदान को निर्धारित समय-सीमा में पूरी तरह तैयार किया जाए।
- निर्माण गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी न हो, इस पर विशेष निगरानी रखी जाए।
- सभी खेल सुविधाओं को मानक अनुरूप विकसित किया जाए।
- परिसरों को जल्द से जल्द युवाओं के उपयोग हेतु तैयार किया जाए, ताकि स्थानीय खिलाड़ी लाभान्वित हो सकें।

न्यूज गैलरी

कृषि विवि में एपी एवं एसएमएस के रुके इंटरव्यू आज से

रायपुर/नवप्रदेश। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापक (एपी) एवं विषय वस्तु विशेषज्ञ (एसएमएस) के पदों पर भर्ती के लिए दो माह पहले से रुके इंटरव्यू 8 जनवरी से फिर से शुरू हो रहेहैं। पूर्व की भांति इंटरव्यू के पहले सिलेक्शन कराने का झांसा देने वाले फिर सक्रिय हो गए हैं। जिसकी चर्चा भी विवि के गलियारे में होने लगी है। गड़बड़ियों की शिकायत के चलते ही दो माह पहले लोकभवन ने सहायक प्राध्यापक एवं विषय वस्तु विशेषज्ञ के पदों पर भर्ती के लिए इंटरव्यू पर एक दिन पहले रोक लगाई थी। शिकायत की लोकभवन द्वारा जांच कराई गई। जिसके बाद लोकभवन ने तीन सप्ताह पहले ही 'भर्ती' को हरी झंडी दी। अनुमति मिलने के बाद विवि ने भर्ती प्रक्रिया पुनः शुरू कर दी है। इंटरव्यू 8 जनवरी से प्रारंभ हो रहे हैं। इस संबंध में पात्र अभ्यर्थियों को सूचना भेज दी गई है। इंटरव्यू 8 से 17 जनवरी तक चलेंगे। इधर, इंटरव्यू के पहले ही विवि के गलियारे में सलेक्शन कराने का झांसा देने वाले फिर सक्रिय होने की चर्चा चल रही है।

जैन संवेदना ने 26 बुजुर्गों को दिए श्रवण यंत्र

रायपुर/नवप्रदेश। जैन संवेदना ट्रस्ट की ओर से नववर्ष के प्रथम सप्ताह में 26 बजुर्गों को श्रवण यंत्र प्रदान किए गए। ट्रस्ट के प्रमुख संरक्षक महेंद्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया, वितरण का प्रोसेस बिल्कुल सम्मान्य है, केवल बुजुर्ग को हमसे संपर्क करना है, कोई औपचारिकता नहीं है, उपलब्ध श्रवण यंत्र तत्काल दिया जा रहा है। जिन बच्चों व बुजुर्गों को कम सुनाई देता है वे आडियोमैट्री जांच करा कर संपर्क कर सकते हैं। 85 वर्षीय लेखनराम धृतलहरे, 83 वर्षीय सुरेंद्र प्रसाद साहू जैसे सैकड़ों बुजुर्ग हैं, जिनका मानना है कि श्रवण यंत्र बुजुर्गों में जीवन जीने की नई ऊर्जा का संचार करता है। ट्रस्ट ने वर्ष 2026 में 1000 से ज्यादा श्रवण यंत्र वितरण का लक्ष्य रखा है। नव वर्ष के प्रथम सप्ताह में रमेशचंद-निर्मला संचेती परिवार की ओर से 4, ललित-अनिता ओस्तवाल भाटापारा की ओर से 4 और रमेश-अंकुश छाजेड़ परिवार की ओर से 2 बुजुर्गों को श्रवण यंत्र प्रदान किए गए। ट्रस्ट के वीरेंद्र डागा ने बताया कि साधर्मिकों से इस सेवा के लिए सहयोग लिया जा रहा है। ट्रस्ट द्वारा मूक पशु-पक्षियों की सेवा, दिव्यांगों को कृत्रिम हाथ, कैलिपर्स, वैशाखी, बीपी नापने की मशीन, शुगर टेस्टिंग मशीन का निःशुल्क वितरण तथा मानव कल्याण में साधर्मिकों के स्वावलंबी जीवन, व्यवसायिक उत्थान व विवाह योजना पर लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

महापौर ने 60 लाख के 2 'आकांक्षीय शौचालयों' का किया भूमिपूजन

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के नागरिकों को स्वस्थ परिवेश और बेहतर जनसुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में नगर निगम ने एक और कदम बढ़ाया है। महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने मंगलवार को रायपुर उत्तर और दक्षिण विधानसभा क्षेत्रों में दो नए आकांक्षीय शौचालयों के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। लगभग 60 लाख रुपये की लागत से बनने वाले ये शौचालय आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे। भूमिपूजन कार्यक्रम में रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा और रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। महापौर ने अतिथियों के साथ श्रीफल फोड़कर और कुदाल चलाकर निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत की। इस दौरान एमआईसी सदस्य, जोन अध्यक्ष और स्थानीय पार्षद भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक शौचालय की स्वीकृत लागत लगभग 30-30 लाख रुपये है। ये दोनों ही 10-10 सीटर क्षमता वाले नवीन आकांक्षीय शौचालय होंगे, जिनका निर्माण जनहित और स्वच्छता को ध्यान में रखकर किया जा रहा है।

अब छात्र बनेंगे उद्यमी, 5 इनोवेटिव आइडियाज को स्टार्टअप के लिए मिला प्लेटफॉर्म

रायपुर/नवप्रदेश। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय (रविवि) अब केवल डिग्री देने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि छात्रों को भविष्य का बिजनेस लीडर बनाने की तैयारी में जुट गया है। विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 से नवाचार, स्टार्टअप और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए अपनी स्वयं की सेक्शन-8 कंपनी 'इनोवेशन टेक्नोलॉजी एंड एंटरप्रेन्योरशिप फाउंडेशन' की शुरुआत की है।

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु आवश्यक पहल करने के लिए जारी की अपील

सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जन-जागरूकता कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुक्रम में मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ शासन के मार्गदर्शन में अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा द्वारा पूरे प्रदेश में सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत प्रतिदिन जन-जागरूकता संबंधी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं परिवहन मंत्री श्री केदार कश्यप की ओर से लीड एजेंसी द्वारा जन जागरूकता संबंधी तैयार पोस्टर एवं फ्लैक्स जारी किया गया। इसी क्रम में उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा द्वारा प्रदेश के समस्त सरपंचों एवं पंचगणों को पंचायत अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु आवश्यक पहल करने के लिए एक अपील जारी किया गया। सड़क सुरक्षा माह के प्रथम दिवस 01 जनवरी 2 026 को न्यायमूर्ति श्री अभय मनोहर सप्रे, माननीय सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑफ रोड सेफ्टी की अध्यक्षता में बेमेतरा में हेलमेट रैली को हरी झण्डी दिखाकर इसका शुभारंभ किया। इसी कड़ी में 03 जनवरी को दुर्ग में संभाग स्तरीय अधिकारियों, संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, सात जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, परिवहन, लोक निर्माण, नगरीय प्रशासन, शिक्षा, आबकारी, स्वास्थ्य निर्माण एजेंसियों की बैठक तथा 05 जनवरी को मंत्रालय महानदी भवन में मुख्य सचिव श्री विकासशील की उपस्थिति में संबंधित विभागीय सचिवों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सड़क दुर्घटनाओं को रोकने कार्ययोजना के तहत कार्य करने के निर्देश दिए गए। सड़क दुर्घटनाओं में कमी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देने के साथ ही विशेष रूप से सर्वाधिक दुर्घटनाओं वाले जिले रायपुर, बिलासपुर एवं दुर्ग के लिए समन्वित प्रयास से कार्ययोजना बनाया जाकर वर्ष 2026 के दौरान दुर्घटनाओं में कमी लाने के निर्देश दिये गये।

मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन सुशासन, दक्षता और नागरिक केंद्रित प्रशासन के लिए प्रतिबद्ध

ई-ऑफिस में श्रेष्ठ प्रदर्शन: मुख्य सचिव विकास शील ने अधिकारियों को किया सम्मानित

■ **पारदर्शिता और कार्यकुशलता को मिला नया आयाम : उत्कृष्ट अधिकारियों को प्रशंसा पत्र**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन सुशासन, दक्षता और नागरिक केंद्रित प्रशासन के लिए प्रतिबद्ध है। पारदर्शिता और कार्यकुशलता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा नवंबर 2025 माह के लिए मंत्रालय महनदी भवन के अधिकारियों का ई-ऑफिस प्रदर्शन मूल्यांकन किया गया। डिजिटल गवर्नेंस को नई गति देने वाली इस महत्वपूर्ण पहल के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ई-ऑफिस में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मुख्य सचिव श्री विकास शील ने चयनित अधिकारियों को सम्मानित करते हुए उन्हें शासन-प्रशासन में गति, पारदर्शिता और परिणामोन्मुखी कार्यसंस्कृति को और सुदृढ़ करने के लिए प्रोत्साहित किया।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मंत्रालय स्थित महानदी भवन, नवा रायपुर के अधिकारियों के लिए नवंबर 2025 माह का ई-ऑफिस प्रदर्शन मूल्यांकन पूर्ण कर लिया गया है। यह पहल शासन-प्रशासन में डिजिटल गवर्नेंस, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और कार्यकुशलता को संस्थागत रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रणाली का उद्देश्य अधिकारियों को स्व-मूल्यांकन का अवसर, रचनात्मक प्रतिस्पर्धा का परिवेश, बेहतर कार्य-प्रबंधन और समयबद्ध निर्णय प्रक्रिया के लिए प्रेरित करना है, जिससे समग्र रूप से शासन तंत्र अधिक प्रभावी और सेवा-केंद्रित बन सके। इस मूल्यांकन तंत्र का प्रमुख उद्देश्य शासन स्तर पर डिजिटल प्रक्रियाओं को सुदृढ़ बनाना, कार्यभार प्रबंधन और समयबद्ध फाइल निस्तारण को प्रोत्साहित करना, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को औपचारिक रूप से मान्यता देना तथा विभागों के बीच सकारात्मक प्रतिस्पर्धा के माध्यम से समग्र प्रशासनिक दक्षता बढ़ाना है।

मूल्यांकन विभिन्न संवर्गोंङ्कसंयुक्त सचिव, उप सचिव, अवर सचिव एवं अनुभाग अधिकारीङ्कके लिए पृथक-पृथक किया गया। मूल्यांकन पूर्णतः ई-ऑफिस प्रणाली से प्राप्त आधिकारिक डेटा पर आधारित रहा। मासिक अवधि के दौरान अधिकारियों द्वारा किए गए कार्यभार तथा फाइल निस्तारण की गति और दक्षता को प्राथमिक आधार बनाया गया।

कैट द्वारा भारत का अब तक का सबसे बड़ा राष्ट्रीय व्यापारिक आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, राम मंधान, वासु मखीजा, भरत जैन, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज आदि ने संयुक्त रूप से बताया कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी विज़न को आगे बढ़ाते हुए कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आज नई दिल्ली में आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन में विराट रूप में एक चार दिवसीय भारतीय व्यापार महोत्सव के आयोजन करने की घोषणा की। यह पहल विशेषरूप से माननीय प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल एवं लोकल टू ग्लोबल के आह्वान के अनुरूप शुरू की गई है।

---

13 शेड तोड़े, 20 अवैध गुमटियां जप्त

मोवा ब्रिज से दलदल सिवनी तक सड़क कब्जामुक्त

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ प्रशासन का डंडा एक बार फिर चला है। 'टीम प्रहरी' अभियान के तहत आज नगर निगम जोन 9 की टीम ने मोवा ब्रिज से दलदल सिवनी मुख्य मार्ग पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सड़क को पूरी तरह कब्जामुक्त कराया। इस संयुक्त कार्रवाई से मार्ग पर लगने वाले लंबे जाम से आम जनता को बड़ी राहत मिली है। जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त विश्वदीप और एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के कड़े निर्देशों के बाद नगर निगम की उड़न दस्ता टीम ने मोवा-दलदल सिवनी मार्ग पर धावा बोला। सड़क किनारे अवैध रूप से कब्जा जमाए बैठे दुकानदारों और अतिक्रमणकारियों में इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया। निगम अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक दुकानों के सामने सड़क घेरे हुए लगभग 13 अवैध शेड को क्रेन और बुलडोजर की मदद से ढहा दिया गया।

मुख्य मार्ग पर यातायात में बाधा बन रही 20 अवैध गुमटियों को जप्त कर निगम मुख्यालय भेजा गया। कार्रवाई के बाद संकरा हो चुका मुख्य मार्ग अब चौड़ा नजर आ रहा है, जिससे व्यापारियों और राहगीरों को आवागमन में आसानी होगी। यह पूरी कार्रवाई जोन 9 कमिश्नर अंशुल शर्मा के मार्गदर्शन में संचालित की गई। मौके पर कार्यपालन अभियंता शरद ध्रुव, सहायक अभियंता सैयद जोहेब, संदीप तिवारी, और उप अभियंता अतुल बंसल सहित निगम का भारी अमला मौजूद रहा। मोवा से दलदल सिवनी का यह मार्ग काफी व्यस्त रहता है और अवैध कब्जों के कारण यहाँ आए दिन एक्सीडेंट और ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती थी। टीम प्रहरी ने साफ किया है कि शहर के मुख्य मार्गों पर किसी भी प्रकार का स्थायी या अस्थायी अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

लोकतांत्रिक संस्थाओं को सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम : जेपीसी बैठक में सांसद अग्रवाल

रायपुर/नई दिल्ली/नवप्रदेश। नई दिल्ली स्थित लोकसभा एनेक्सी भवन में बुधवार को संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025, जम्मूङ्कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 तथा केंद्र शासित प्रदेश शासन (संशोधन) विधेयक, 2025 से संबंधित संयुक्त संसदीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल ने सहभागिता की।

बैठक की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष सांसद श्रीमती अपराजिता सारंगी ने की। बैठक के दौरान उपरोक्त तीनों विधेयकों पर समिति के समक्ष ब्रिफिंग एवं साक्ष्य प्रस्तुत किए गए, जिनमें इन विधेयकों के संवैधानिक, विधिक, प्रशासनिक एवं नीतिगत पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति को विधेयकों से अवगत कराने हेतु देश के प्रतिष्ठित विधि विशेषज्ञों एवं शिक्षाविदों द्वारा तथ्यपरक एवं गहन प्रस्तुतियाँ दी गईं। इस अवसर पर अध्यक्ष, विधि आयोग, पूर्व न्यायाधीश श्री दिनेश महेश्वरी, विधि सचिव डॉ. अंजू राठी राणा, कुलपति, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्ली प्रो. (डॉ.) जी.एस. बाजपेई तथा कुलपति, नालसार विधि विश्वविद्यालय, हैदराबाद प्रो. श्रीकृष्ण देव राव ने विधेयकों के उद्देश्यों, संवैधानिक प्रावधानों, प्रशासनिक प्रभावों एवं उनके संभावित दूरगामी परिणामों पर समिति को विस्तार से जानकारी दी। बैठक के दौरान समिति सदस्यों द्वारा विधेयकों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन, गंभीर एवं सार्थक विचार-विमर्श किया गया। सदस्यों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान विशेषज्ञों ने विधिक एवं तथ्यात्मक आधार पर प्रस्तुत किया।

श्रीरामजानकी मंदिर के शिखर पर लहराई धर्मध्वजा : मुख्यमंत्री साय ने प्रदेश की समृद्धि की कामना की

आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण

■ **जनसहभागिता से निर्मित भव्य श्रीरामजानकी मंदिर छत्तीसगढ़ की आस्था और एकजुटता का प्रतीक : मुख्यमंत्री साय**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज गरियाबंद जिले के सिरकट्टी धाम आश्रम स्थित श्रीरामजानकी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की तथा मंदिर के सर्वोच्च शिखर पर धर्मध्वजा की स्थापना की। उन्होंने आश्रम को सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बताते हुए आश्रम परिसर में समरसता भवन के निर्माण के लिए 50 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद पूरे देश में जो आध्यात्मिक चेतना का वातावरण निर्मित हुआ है, उसी की अखंड धारा का विस्तार आज सिरकट्टी धाम में धर्मध्वजा स्थापना के रूप में दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा देश ऋषि-मुनियों, साधु-संतों और आध्यात्मिक परंपराओं की पवित्र भूमि है। हमें धर्म को केवल आस्था के रूप में नहीं, बल्कि कर्तव्य के रूप में स्वीकार करना चाहिए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ का सौभाग्य है कि प्रभु श्रीराम ने अपने वनवास काल का अधिकांश समय यहीं व्यतीत किया। दंडकारण्य के रूप में विख्यात अबूझमाड़ का विशाल जंगल कभी नक्सल समस्या से प्रभावित क्षेत्र था, जो आज तेजी से नक्सलवाद से मुक्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा श्री रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना के अंतर्गत अब तक 39 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम की निशुल्क तीर्थयात्रा कराई जा चुकी है। मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा दर्शन योजना के अंतर्गत भी अब तक पांच हजार से अधिक श्रद्धालु लाभान्वित हुए हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश के पांच शक्तिपीठों के विकास का कार्य भी निरंतर प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि भोरमदेव क्षेत्र के समग्र विकास के लिए स्वदेश दर्शन योजना के तहत 148 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है तथा रतनपुर के विकास के लिए भी प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। उन्होंने कहा कि राजिम कल्प-कुंभ का आयोजन भी इस बार भव्य स्वरूप में किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि श्रीरामजानकी मंदिर का भव्य स्वरूप जनसहभागिता का अनुपम उदाहरण है। लगभग 22 हजार परिवारों के सहयोग से लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह मंदिर बीते 10 वर्षों की तपस्या का परिणाम है। राजस्थान के शिल्पियों द्वारा पारंपरिक शैली में बिना सीमेंट और छड़ के उपयोग के निर्मित इस मंदिर की आयु लगभग एक हजार वर्ष आंकी गई है। उन्होंने मंदिर निर्माण में सहयोग करने वाले सभी दानदाताओं और श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे छत्तीसगढ़ की आस्था और एकजुटता का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने धर्मध्वजा रोहण को ऐतिहासिक क्षण बताया।

सुविचार

जिद होनी चाहिए कुछ हासिल करने की वरना उम्मीद लगाए तो हर कोई बैठा रहता है। - अज्ञात

जेएनयू में फिर लगे आपत्तिजनक नारे

देश की राजधानी नई दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में एक बार फिर वामपंथी छात्र संगठन से जुड़े विद्यार्थियों ने आपत्तिजनक नारे लगाये। गोरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने जेएनयू के पूर्व छात्रों खालिद उमर और सर्जिल इमाम सहित सात छात्राओं की जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद पांच छात्रों को जमानत दे दी थी लेकिन 15 जून 2021 को दिल्ली में भड़के दंगे जिसमें 53 लोगों की मौत हो गई थी। उस मामले में खालिद उमर और सर्जिल इमाम को जमानत देने से न सिर्फ इंकार कर दिया बल्कि सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि वे एक साल तक जमानत की याचिका दाखिल नहीं कर सकते। जबकि आरोपियों की ओर से देश के नामी गिरामी वकीलों की फौज खड़ी हुई थी और इनके पक्ष में सहानुभूति दिखाने के लिए न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी से एक पत्र भी लिखाया गया था। इंटरनेशनल मीडिया में भी इन छात्रों की गिरफ्तारी का मामला उठवाया गया था ताकि सुप्रीम कोर्ट पर दबाव बने। किन्तु सुप्रीम कोर्ट ने खालिद उमर और सर्जिल इमाम को जमानत नहीं दी। इसके बाद जेएनयू के वामपंथी छात्र संगठन के कुछ छात्र छात्राओं ने जेएनयू कैंपस में आपत्तिजनक नारेबाजी की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की जेएनयू में कब्र खोदने के नारे लगाये। जिसे जेएनयू प्रबंधन ने गंभीरता से लिया है और इन प्रदर्शनकारी छात्रों के कृत्य को देश विरोधी बताते हुए पुलिस थाने में उनके खिलाफ मामला दर्ज कराने की सिफारिश की है। इसके बाद इन छात्रो के खिलार्फ जुर्म दर्ज कर लिया गया है। बहुत जल्द इनकी पहचान कर गिरफ्तारी भी होगी। अब इस मामले को लेकर सियासत भी शुरू हो गई है। कांग्रेस नेता उदित राज ने बयान दिया है कि ये मासूम छात्र है और उनके द्वारा की गई नारेबाजी मामूली घटना है। अन्य विपक्षी नेता भी इन ढफलीबाज छात्रों के समर्थन में आ गये हैं। जबकि भाजपा नेताओं ने जेएनयू को अराजकता का अड्डा बनाने वाले ऐसे हुडदंगी छात्रों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है। गौरतलब है कि जेएनयू में पहले भी देश विरोधी नारे लगते रहे हैं। जब आतंकवादी अफजल को फांसी दी गई थी। तब जेएनयू में तुम कितने अफजल मारोगे। हर घर से अफजल निकलेगा और भारत तेरे तुकड़े तुकड़े होंगे जैसे देश विरोधी नारे लगाये गये थे। हाल ही में जब बस्तर में कुख्यात नक्सली कमांडर हिड़मा को मुठभेड़ में मार गिराया गया था तब भी जेएनयू में वामपंथी विचारधारा के नक्सली नेता हिड़मा के समर्थन में नारेबाजी की थी। जेएनयू कभी देश का अग्रणी शिक्षण संस्थान हुआ करता था जहां नाममात्र फीस पर और बहुत ही मामूली शुल्क पर शिक्षा के साथ ही भोजन और आवास की सुविधा मुहैया कराई जाती है और जेएनयू से पढ़कर निकले छात्र सरकार में और राजनीतिक के क्षेत्र में उच्च पदों पर पहुंचे हैं किन्तु बीते कुछ सालों में जेएनयू को वामपंथी छात्र संगठन ने अराजकता का अखाड़ा बना दिया है। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए।

ठंड से ठिठुरते मासूम बच्चो की सुध ले सरकार

छत्तीसगढ़ में शीतलहर की स्थिति बन गई है। सरगुजा संभाग में तो तापमान चार डिग्री तक पहुंच गया है। पूरे प्रदेश में कमोवेश यही स्थिति है। मौसम विभाग के अनुसार अभी और कुछ दिनों तक शीतलहर का असर रहेगा। इस कडाके की ठंड में सबसे ज्यादा तकलीफ उन मासूम बच्चों को हो रही है जिन्हें सुबह सवेरे स्कूल जाना पड़ रहा है। स्कूली शिक्षा विभाग ने पहले ही शीतकालीन छुट्टी घोषित कर दी थी किन्तु अब जो भयानक ठंड पड़ रही है उसे देखते हुए छोटे बच्चों के लिए फिर से कुछ दिनों के लिए स्कूलों में अवकाश घोषित किया जाना चाहिए। यदि ऐसा संभव न हो तो कम से कम सुबह सात बजे से लगने वाले स्कूलों का टाइम तो जरूर बदलना चाहिए। भारी ठंड की वजह से नर्सरी से लेकर कक्षा पांच तक के छोटे छोटे बच्चे सर्दी जुकाम और बुखार से पीड़ित हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में छत्तीसगढ़ शासन के स्कूली शिक्षा विभाग को इन मासूम बच्चों की सुध लेनी चाहिए। सरगुजा क्षेत्र में तो पड़ रही जबरदस्त ठंड के कारण वहां के जिला प्रशासन ने प्राइमरी कक्षा तक के छात्रों के लिए स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है। इसी तरह अन्य संभागों में भी ठंड के कहर को देखते हुए प्राइमरी कक्षा तक के छात्रों के लिए विशेष अवकाश घोषित करना उचित होगा। उम्मीद है कि स्कूली शिक्षा विभाग इस मुद्दे पर गंभीरतापूर्वक विचार कर यथाशीघ्र उचित निर्णय लेगा।

प्रवीण दाताराम गुगनानी

श्रीगुरुजी ने जेल में रहते हुए ही समूचे राष्ट्र को स्पष्ट कर दिया था कि संघ एक घोर राष्ट्रवादी, संस्कृति केंद्रित व समाज आधारित संगठन मात्र है। उस समय के तत्कालीन गृह सचिव आर.एन. बनर्जी ने, गांधी हत्या में संघ की संलिप्तता के मिथ के संदर्भ में सार्वजनिक तौर पर कहा था कि सम्पूर्ण, गहन व सघन जांच की गई है जिसमें संघ का गांधी जी की हत्या में रज मात्र भी भूमिका नहीं दिखती है। आज बैतूल जिले की यह ऐतिहासिक जेल निजी क्षेत्र को विक्रित की जाकर तोड़े जाने के कगार पर है। आवश्यकता इस बात की है कि जेल परिसर में निर्मित इस 'गुरुजी कक्ष' को या 'संघ संविधान जन्म कक्ष' को सुरक्षित रखकर एक स्मारक के रूप में सुरक्षित रखा जाए। समूचा देश बैतूल जेल के इस कक्ष को एक विशाल, भव्य स्मारक के रूप में देखना चाहता है।

बैतूल की जेल जहाँ लिखा गया था आरएसएस का संविधान अब बने स्मारक

सर्वविदित है कि परमपूजनीय श्रीगुरुजी माधव सदाशिवराव गोलवलकर बैतूल के कारागार के बैरक क्र. 1 में रह चुके हैं। वे यहाँ 1 जनवरी 1949 से 6 जून 1949 तक बंदी रहे थे। बैतूल कारागार के जिस बैरक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय परमपूजनीय सरसंघचालक श्रीगुरुजी को बंदी बनाकर रखा गया था वह कक्ष आज भी एक लघु स्मारक के रूप में रिक्त रहता है। इस कक्ष में श्री गुरुजी का एक चित्र लगा हुआ है व उनके कारागार प्रवास के संदर्भ में कक्ष की दीवार पर संक्षिप्त लेखन भी है। बैतूल जेल के इस लघु स्मारक को अब एक भव्य, दिव्य स्मारक में परिवर्तित करने की चाह देश भर के स्वयंसेवकों में है।

वर्ष 2017 में परमपूजनीय सरसंघचालक डॉ. मोहनराव जी भागवत ने भी जेल के इस कक्ष में जाकर श्रीगुरुजी को श्रद्धासुमन अर्पित किए थे।

गांधी जी की दुखद हत्या के पश्चात् नेहरू सरकार ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगा दिया था। श्री गुरुजी सहित बीस हजार अग्रणी स्वयंसेवक गिरफ्तार कर लिए गए थे। उस समय के प्रसिद्ध मराठी समाचार पत्र 'केसरी' के संपादक केतकर जी सरकार व संघ के मध्य संवाद करा रहे थे। केतकर जी 12 व 16 जनवरी 1649 को श्री गुरुजी से सिवनी कारागार में मिले थे। उन्होंने श्री गुरुजी से संघ के सत्याग्रह को समाप्त करने का आग्रह किया। श्रीगुरुजी ने परिस्थितियों का आकलन किया व आंदोलन स्थगित कर दिया। 22 जनवरी को संघ के सत्याग्रह प्रभारी महावीर जी ने आंदोलन स्थगित करने की घोषणा कर दी। तब जाकर कहीं सरकार ने राहत की साँस ली थी। यह भी एक स्मरणीय तथ्य है कि नेहरू जी की हठधर्मिता से संघ पर 1948 में लगे प्रतिबंध हटाने की भूमिका भी बैतूल जेल के बैरक क्र. 1 में ही लिखी गई थी।

देश के प्रमुख समाचार पत्र 'द ट्रिब्यून' ने 22 जन. 1949 को संघ प्रतिबंध को अनैतिक बताते हुए लिखा - ÷अब नेहरू सरकार को संघ से प्रतिबंध हटा लेना चाहिए÷।

संघ के इस आंदोलन के प्रति देश की जनता में बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए नेहरू सरकार घबरा गई थी। सरकार ने तत्काल ही पाँसा फेंका और प. मौलिचन्द्र शर्मा को संघ से चर्चा करने हेतु आगे बढ़ाया।

इस समय तक श्री गुरुजी को सिवनी कारागार से बैतूल कारागार में स्थानांतरित किया जा चुका था। 10 जुलाई को मौलिचन्द्र शर्मा श्री गुरुजी से भेंट करने बैतूल जेल आए थे। बैतूल जेल से ही श्री गुरुजी एवं मौलिचन्द्र शर्मा की चर्चा के आधार पर नेहरू जी ने 12 जुलाई को संघ से प्रतिबंध हटाया था व 13 जुलाई को प्रातः समय में श्री गुरुजी को बैतूल जेल से मुक्त कर दिया गया था। (संदर्भ



- श्री गुरुजी समग्र, खंड 2, पृष्ठ 45)

बैतूल जेल से निकलने के तत्काल बाद ही श्री गुरुजी जीटी एक्सप्रेस से नागपुर चले गए थे। श्री गुरुजी के बैतूल से प्रस्थान के समय का एक किस्सा संघ क्षेत्रों में बहुधा ही कहा सुना जाता है। कहा जाता है कि, श्री गुरुजी ने बैतूल स्टेशन पर छोड़ने आए स्वयंसेवकों से कहा था - ÷जिस दिन बैतूल में संघ का कार्य सुदृढ़ और संपुष्ट हो जाएगा उस दिन समूचे देश में संघ विचार सुदृढ़ हो जाएगा÷।

बैतूल जेल में श्रीगुरुजी के बंदी रहने के समय को दुखद किंतु ऐतिहासिक काल कहा जाता है। श्री गुरुजी ने इस विकट, दुधूर्ष अग्निपरीक्षा के समय में अद्भुत धेर्य का परिचय देते हुए बैतूल जेल से अनेकों पत्रों व संवादों के माध्यम से देश भर के स्वयंसेवकों के मनोबल को बनाए रखा था तथा देश के वातावरण में राष्ट्रीयता का प्रवाह भी बनाए रखा था। समूचे देश के लाखों स्वयंसेवकों व सामान्य जनता श्रीगुरुजी के संदेशों हेतु बैतूल जेल की ओर टकटकी लगाए देखते रहती थी। बैतूल देश की धड़कनों के केंद्र में आ गया था। बैतूल जेल में रहते हुए ही श्री गुरुजी ने नेहरू सरकार पर इतना दबाव बना लिया था कि नेहरू सरकार को न चाहते हुए भी श्री गुरुजी को जेल से मुक्त करना पड़ा था। गुरुजी के बैतूल जेल में बंदी रहने के मध्य उन्होंने देश भर में ऐसा वातावरण निर्मित कर दिया था कि गृह मंत्री वल्लभभाई पटेल ने भी नेहरू जी पर अंगुली उठाते हुए 27 फरवरी 1948 को एक पत्र लिखा था - ÷बापू की हत्या की जाँच में हो रही प्रगति पर मैने प्रायः प्रतिदिन ध्यान दिया है। सभी प्रमुख अपराधियों ने अपनी गतिविधियों के लम्बे और विस्तृत वक्तव्य दिए हैं। उन वक्तव्यों से यह बात भी स्पष्ट रूप से उभर कर आती है कि इस सारे मामले में संघ कहीं भी संलिप्त नहीं है।÷ (संदर्भ - 1.श्रीगुरुजी समग्र दर्शन-2, पृष्ठ 2-10, संदर्भ 2. पहली अग्नि परीक्षा, मामा माणिकचंद्र वाजपेयी, पृष्ठ 23-24, संदर्भ 3. Sardar PatelÓs Correspondence, Vol. VI PAGE 56)

श्री गुरुजी को बैतूल कारागार में नाना प्रकार से प्रताड़ित किया गया था। उन्हें भोजन, पहनने को कपड़े व कंबल आदि अत्यंत निम्नस्तरीय प्रकार के दिए जाते थे। कष्ट, प्रताड़ना, व निम्न स्तरीय भोजन, वस्त्र से उत्पन्न कष्ट से श्रीगुरुजी को कोई अन्तर नहीं पड़ता था। वे तो निस्पृह योगी थे। बिना भगवा पहने ही एक महान सन्यासी थे। उन्होंने बैतूल जेल में मिले उस सम्पूर्ण गरल को नीलकंठ बन अपने कंठ में स्थिर कर दिया था। बैतूल जेल उनके लिए एक साधना केंद्र हो गई थी।

बैतूल कारागार में श्रीगुरूजी ने संघ का संविधान तैयार करने के कार्य को प्रारंभ व पूर्ण किया था व अपने हस्ताक्षर के साथ इसे जारी किया था। श्रीगुरुजी गोलवलकर का बैतूल जेल प्रवास संघ के इतिहास का एक निर्णायक मोड़ था, और, बैतूल की यह जेल संघ के संविधान की जन्मस्थली। बैतूल कारागार में रहते हुए श्रीगुरुजी ने संघ की राजनाति में शुचिता, पवित्रता व समाज योगदान के संदर्भ में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के साथ बहुत व्यापक पत्राचार किया। इन पत्रों को बाद में ÷Justice on Trial÷ नामक पुस्तक में प्रकाशित भी किया गया था।

श्री गुरुजी ने तत्कालीन नेहरूवियन सरकार से आग्रह किया था कि यदि संघ के विरुद्ध कोई साक्ष्य है तो उसे सार्वजनिक किया जाए, अन्यथा प्रतिबंध हटाकर स्वयंसेवकों को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने दिया जाए।

बैतूल कारागार में रहने के मध्य श्री गुरुजी उस समय के उदारवादी नेता टी.आर.वी. शास्त्री से सतत् संपर्क में थे। शास्त्री जी ने भी नेहरू-गांधी की सरकार और गुरुजी के बीच मध्यस्थता की थी। उस समय की जवाहर लाल नेहरू की आत्ममुग्ध, अंग्रेजीदां शैली से चलने वाली सरकार ने संघ पर नाना प्रकार के आरोप लगाए थे।

आर.के जैन

शासन और जवाबदेही की नई संस्कृति प्रगति पोर्टल एक अत्यंत प्रभावी मंच के रूप में सामने आया, जिसके माध्यम से: परियोजनाओं की रियल-टाइम निगरानी संभव हुई समस्याओं को एक साथ कई स्तरों तक तुरंत पहुँचाया जा सका एक ही मंच से मंत्रालयों और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय हो पाया डीएफसी परियोजना में भी इसी तरह की एक आंतरिक निगरानी व्यवस्था लागू की गई। बड़े ठेकों की साप्ताहिक समीक्षा, नियमित स्थल निरीक्षण और तय किए गए लक्ष्यों की लगातार निगरानी सामान्य प्रक्रिया बन गई। चूंकि पोर्टल पर डाली गई सभी समय-सीमाएं दर्ज रहती थीं, इससे परियोजना टीम के भीतर अपने वादों को पूरा करने की ज़िम्मेदारी और जवाबदेही की भावना भी मज़बूत हुई।

भारत की डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर बनेगा गेम चेंजर

डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) परियोजना आज़ादी के बाद शुरू की गई सबसे महत्वाकांक्षी रेल अवसंरचना योजनाओं में से एक है। इसका उद्देश्य माल ढुलाई के लिए उच्च क्षमता और आधुनिक तकनीक से लैस विशेष रेल कॉरिडोर तैयार करना है।

इस परियोजना के माध्यम से भारतीय रेल तेज़, सुरक्षित, भरोसेमंद और कम लागत वाली लॉजिस्टिक सेवाएं देकर माल परिवहन के क्षेत्र में अपनी हिस्सेदारी दोबारा बढ़ाना चाहती है। साथ ही, इस परियोजना से मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्कों के विकास को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जिससे लॉजिस्टिक्स लागत घटेगी और पूरी आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता में सुधार होगा।

करीब ?1.2 लाख करोड़ से अधिक की अनुमानित लागत और 2843 किलोमीटर की कुल लंबाई वाली डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना के दो मुख्य हिस्से हैं:

पूर्वी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर(ईडीएफसी):

यह 1337 किलोमीटर लंबा है। यह कॉरिडोर पंजाब के लुधियाना स्थित साहनेवाल से लेकर बिहार के सोननगर तक जाता है और पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश तथा बिहार राज्यों से होकर गुजरता है।

पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डब्ल्यूडीएफसी):

यह 1506 किलोमीटर लंबा है। यह उत्तर प्रदेश के दादरी से लेकर मुंबई के पास जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (जेएनपीटी) तक फैला हुआ है। यह हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश राज्यों से होकर गुजरता है। कुल मिलाकर, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) का मार्ग 7 राज्यों और 56 जिलों से होकर गुजरता है। यह जंगलों, वन्यजीव अभयारण्यों, मैंग्रोव क्षेत्रों और क्रीक इलाकों से भी

होकर जाता है, जिससे इस परियोजना का निर्माण कार्य स्वाभाविक रूप से जटिल हो जाता है।

समय पर पूरा होने में आने वाली चुनौतियां

हालांकि इस परियोजना की शुरुआत 2008 में हुई थी, लेकिन कई बाधाओं के कारण कई वर्षों तक काम की गति धीमी रही। मुख्य चुनौतियां इस प्रकार थीं:

- लगभग 11,000 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण, जिसमें अवैध कब्जे और बने हुए ढांचों को हटाना शामिल था।
- वन भूमि, वन्यजीव अभयारण्यों, मैंग्रोव क्षेत्रों, पेड़ों की कटाई और क्रीक (नाले) पार करने से जुड़े कानूनी अनुमतियां प्राप्त करना।
- 900 से अधिक लेवल क्रॉसिंग को खत्म करने के लिए रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) और रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) का निर्माण, जिनके लिए संयुक्त नक्शा स्वीकृति और रास्तों के लिए भूमि अधिग्रहण आवश्यक था।
- हाई टेंशन बिजली लाइनों, गैस और तेल पाइपलाइनों को स्थानांतरित करना।
- रक्षा विभाग, एनएचएआई, राज्य राजमार्ग प्राधिकरणों, सिंचाई विभाग से नहर पार करने की अनुमति और मिट्टी उधार लेने की स्वीकृति।
- कोविड के बाद ठेकेदारों पर पड़ा आर्थिक दबाव, जिससे नकदी की कमी हुई।

निर्माण के लिए बिना किसी बाधा वाली भूमि उपलब्ध न होने से कार्य समय-सारिणी पर गंभीर असर पड़ा और परियोजना पर संभावित दावों का खतरा भी बढ़ गया।

प्रगति पोर्टल-निर्णायक मोड़

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से शुरू किया गया प्रगति पोर्टल डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) परियोजना के लिए एक अहम मोड़ साबित हुआ। इस पोर्टल के माध्यम से डीएफसी के अधिकारियों ने लंबे समय से लंबित समस्याओं को पूरे दस्तावेज़ों के साथ अपलोड किया। प्रगति पोर्टल की सबसे बड़ी ताकत इसकी पारदर्शिता और जवाबदेही थी। संबंधित मंत्रालयों, राज्य सरकारों और विभागों को यह साफ़ पता था कि कार्य की प्रगति पर सबसे ऊंचे स्तर पर, स्वयं माननीय प्रधानमंत्री द्वारा भी, निगरानी की जा रही है। जो मुद्दे वर्षों तक लगातार प्रयासों के बावजूद अटके रहे थे, वे कुछ ही हफ्तों में, और कई मामलों में तो कुछ दिनों के भीतर ही, सुलझा लिए गए। जहाँ तुरंत समाधान संभव नहीं था, वहाँ विभागों ने निश्चित समय-सीमा तय की और उसका सख्ती से पालन किया गया।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

- जीवन में जो प्रेम से भरा है वो केवल प्रेम दे सकता है और ऐसे केवल सद्?गुरु ही हैं।
- ईश्वर जितने प्राचीन हैं उतने ही नवनवायमान हैं, उनसे सनातन कोई नहीं।
- भवसागर में रहते हुए भी प्रत्येक कर्म अगर कृष्ण के लिए हो, गुरु के लिए हो तो कोई भय नहीं, निर्भयता के साथ रहो।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1026 सुल्तान महमूद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर को लूट कर उसे नष्ट किया। 1697 ब्रिटेन में आखिरी बार ईशनिंदा के लिए मृत्युदंड दिया गया। 1790 अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन ने पहली बार देश को सम्बोधित किया। 1884- समाज सुधारक और 'ब्रह्म समाज' के संस्थापकों में से एक केशव चन्द्र सेन का निधन हुआ। 1856 डॉ. जॉन वीच ने हाइड्रेटेड सोडियम बोरेट की खोज की। 1889 हर्मन होलेरिथ को पंच कार्ड टैब्युलेटिंग मशीन के आविष्कार का पेटेंट मिला। 1890 हिन्दी साहित्यकार रामचन्द्र वर्मा का जन्म। 1908 प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री निडर नाडिया का जन्म। 1925 प्रसिद्ध साहित्यकार मोहन राकेश का जन्म हुआ। 1929 नीदरलैंड्स और वेस्टइंडीज के बीच पहली बार टेलीफोन संपर्क स्थापित हुआ। 1942 प्रसिद्ध ब्रिटिश भौतिक विज्ञानी स्टीफन हॉकिंग का जन्म हुआ 1952 जॉर्डन ने संविधान अंगीकार किया। 1971 पाकिस्तान के राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो ने नेता शेख मुजीबुर रहमान को जेल से आजाद किया था।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

फूलों पर भंवरे झूल

फूलों पर भंवरे झूल रहे ये मौसम कितना प्यारा है। वासंती गीतों के तट पर जीवन का कोई किनारा है। यह कौन गुलाबी रितु आई महकी बागों में, अमराई लग उठी, चांदनी नई नई कितना यह मस्त नजारा है फूलों पर भंवरे.. मधुबन में बुलबुल बोल रही हर तरफ जिंदगी डोल रही कुहु कुहु करती कोयलिया ने प्रियतम को पास पुकारा हैफूलों पर भंवरे... जिसने भी देखा मन झूमा जब तितली ने गुल को चूमा कलियों ने इस कोमलता को मुस्काते हुए , निहारा है फूलों पर भंवरे ... - **अजय कुमार सिंह भदौरिया**

मर चुकी है लज़्ज़ते

मर चुकी है लज़्ज़ते हसरत तमाम, लीजिए अब आपकी ज़हमत तमाम। एक में भी कैफ़ियत लिक्खी नहीं, सौ दफ़े हमने पढ़े हैं ख़त तमाम। दुश्मनों को जलने दो गर जल रहे, जलने वालों से तो है बरकत तमाम। अस्ल चेहरा आईने में जब दिखा, इक मिनट में मिट गई गफ़्लत तमाम। कर ले या तो खुल के मुझ से दुश्मनी, या कुएं में डाल दे नफ़रत तमाम। एक तू ही बस 'कमल' अनजान है, सब पे है ज़ाहिर मेरी हालत तमाम।

- रूबी झा 'कमल

पीडीएस काउंटर उचित मूल्य की दुकान

पीडीएस काउंटर(उचित मूल्य की दुकान) देखा, ऐसा लगा कि फ्री/ रियायती दरों में चांवल उपलब्ध होने के साथ साथ ही, फ्री/रियायती दरों में मोबाइल रिचार्ज भी होने लगे तो और बढ़िया, डिजिटल इंडिया इससे मजबुत होगा, इस काउंटर में मोबाइल नं रजिस्टर्ड है ही, जिस पर ओटीपी आते है। इन काउंटर्स का बहुउद्देशीय उपयोग होते रहे, भला ही होगा।??

- पोखराज शर्मा

रजनी यामा यामिनी, रात्रि तमी निशि रैन

रजनी यामा यामिनी, रात्रि तमी निशि रैन। विभावरी या रात हो, अभिप्राय बस चैन॥ अभिप्राय बस चैन, सोच यदि रात न होती। मजदूरी मजबूर, आँख पल भर कब सोती। सुमन भाग्य को दोष, सदा देती फिर सजनी। धन्य विधाता आप, चैन ले आती रजनी॥ - **सुमन ओमानिया**

इंदौर में जहरीले पानी पीने से 12

इंदौर में जहरीले पानी पीने से 12 लोगों की हुई मौतों के बाद एक बड़े मंत्री ने ऐसा घंटा बजाया कि शाहरुख खान की गिनती देशद्रोही में होने लगी... नेता,मंत्री,बाबा की.. ऐसी हुई बदजुबान.. एक के बाद घटना घटे भूले सारे नौजवान, भूले सारे नौजवान होती याददाश्त कमजोर.. न्याय बैठा मौन साधे,अन्याय का होता शोर। - **शत्रुंजय तिवारी**

पर फैलाए नाचता, जब खेतों में मोर

पर फैलाए नाचता, जब खेतों में मोर। गोलू भोलू देखकर ,करने लगते शोर।। करने लगते शोर,बजाएँ मिलकर ताली। भागे डरकर मोर, लगे है जान बचा ली। करके सुंदर नृत्य,सभी का मन बहलाए। होते लोग प्रसन्न,मोर जब पर फैलाए।। - **डॉ बिपिन पाण्डेय**

अपने जीवन के वो सोने से पल... जो मैंने

अपने जीवन के वो सोने से पल... जो मैंने गंवा दिए तेरी यादों में... काश कि अपने उपर कुछ खर्चा होता.. तो आज तुम बैठे होते मेरे खिदमतगारों में... ।

- कुमुद "अनुन्जया"

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे।

वृषः आज आपको काम को लेकर कुछ नए-नए अवसर मिलेंगे, जिससे आपको काम करने में भी खूब मजा आएगा और आप अपनी जिम्मेदारियां से भी घबराएंगे नहीं व उनका डटकर सामना करेंगे।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए अपने कामों को समय से निपटाने के लिए रहेगा। आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान-सम्मान दिलवाएगी।

कर्कः आज का दिन आपके लिए अपने कामों पर पूरा फोकस बनाए रखने के लिए रहेगा। आप अपनी फिटनेस पर थोड़ा ध्यान दें। आपने यदि कोई लेनदेन किया है, तो आप उसे पूरी लिखापढ़ी करके करें, तो ही आपके लिए बेहतर रहेगा।

सिंहः आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा। आप अपनी जरूरत की आवश्यकताओं की पूर्ति पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे।

कन्याः आज आप अपने कामों में कोई बदलाव करने से बचें। आपको घर-परिवार में चल रही समस्याओं को भी मिल बैठकर दूर करने की आवश्यकता है।

तुलाः आज का दिन आपके लिए धन के मामले में समस्याएं लेकर आ सकता है, क्योंकि आपका धन को लेकर कोई काम पूरा होते-होते रह सकता है। बिजनेस की डील भी आप थोड़ा सोच समझकर ही फाइनल करें।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आप कहीं विदेश जाने की भी योजना बना सकते हैं। आप यदि किसी परिजन के घर मेल-मिलाप करने जाएं, तो वहां बहुत ही तोलमोल कर बोले आपको अपनी वाणी पर थोड़ा संयम रखना होगा।

धनुः आज का दिन आपके लिए पार्टनरशिप में कोई काम करने के लिए रहेगा, जो आपके लिए बेहतर रहेगा।

मकरः आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आप किसी पॉलिटिक्स का हिस्सा ना बनें, क्योंकि राजनीति की ओर कदम बढ़ा रहे लोगों को कुछ मुश्किलों का सामना अवश्य करना **पड़ेगा।**

कुंभः आज का दिन आपके लिए सावधान रहने के लिए रहेगा, क्योंकि आपकी सेहत में उतार चढ़ाव लगा रहेगा। आप अपने खाने-पीने में लापरवाही बिल्कुल ना करें। आप अपने कामों को लेकर काफी एक्टिव रहेंगे।

मीनः आज आपको काम को लेकर टेंशन अधिक रहेगी, लेकिन आप उसे अपने ऊपर हावी होने ना दे। कार्य क्षेत्र में आपको काम को लेकर प्रशंसा होगी।

QUIZ TIME

1) एशिया के सबसे लंबी रेलवे सुरंग शिकन किस देश में स्थित है?

2) संविधान सभा में कुल कितनी महिला सदस्य थी?

3) द्रौपदी मुर्मू पनडुब्बी में यात्रा करने वाला देश की दूसरी राष्ट्रपति बनीं है, उन्होंने किस पनडुब्बी में यात्रा की?

4) स्वामी विवेकानंद ने किस वर्ष औपचारिक रूप से संन्यास की प्रतिज्ञा ली?

5) लेडी डॉक्टर्स नामक पुस्तक की लेखिका कौन हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) जापान (2) 15 (3) आईएनएस वाघशीर (4) 1886 (5) कविता राव

पहेली

न्यूज गैलरी

69 कंडम बसों की होगी नीलामी

भिलाई नगर। दुर्ग जिला अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटी के अंतर्गत 69 कंडम सिटी बसों का मेटल स्क्रेप ट्रेड कार्पोरेशन लिमिटेड (एमएसटीसी) के माध्यम से नीलाम किया जाएगा। 69 कंडम सिटी बसों को खरीदने हेतु एमएसटीसी पोर्टल में रजिस्टर्ड बिडर ही नीलामी में भाग ले सकते है।

स्कूली बच्चों को दिलाई शपथ

भिलाईनगर। नगर निगम भिलाई के वार्ड क्रमांक 33 संतोषी पारा के एस.एल.आर.एम. सेंटर में स्कूली बच्चों के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया। बच्चों को स्वच्छता का संदेश देते हुए बताया गया कि सूखा कचरा नीला और गीला कचरा हरे डस्टबिन में अलग-अलग रखा जाना चाहिए। गीले कचरे को मशीन में डालकर खाद बनाने तक की प्रक्रिया को समझाया गया। यही खाद बागवानी में भी उपयोग में लाया जाता है। बच्चों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के साथ अपने घरों और आस-पास सफाई रखने शपथ दिलाई गई। प्रशिक्षण के दौरान स्वच्छता निरीक्षक चूड़ामणि यादव सहित स्कूल के शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

पीएम राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला 12 को

दुर्ग। आदर्श शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, जीई रोड पावरहाउस भिलाई में 12 जनवरी को सुबह 10 बजे से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला (पीएमएनएएम) का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला विभिन्न प्रतिष्ठित उद्योगों और कंपनियों में अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के लिए आयोजित हो रहा है। मेले में 10 वीं, 12 वीं और आईटीआई उत्तीर्ण इच्छुक अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं। अभ्यर्थियों को अपनी मार्कशीट, प्रमाण पत्र, रिज्यूम, आधार कार्ड सहित सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लाने के लिए कहा गया है।

दुर्ग नगर यादव महासभा का यादव मिलन समारोह 11 को

दुर्ग। नगर यादव महासभा द्वारा 11 जनवरी को दोपहर 1 बजे से यादव छात्रावास पचरीपारा वार्ड 28 में यादव मिलन समारोह एवं युवक-युवती सम्मेलन के साथ गीता जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री गजेंन्द्र यादव होंगे। अध्यक्षता सांसद विजय बघेल करेंगे। विशेष अतिथि विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अल्का बाघमार, दीपक ताराचंद साहू, शिवराज राउत, राजेश ताम्रकार, छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष अजय यादव और पार्षद ममता ओमप्रकाश व बबीता यादव उपस्थित रहेंगे। समापन समारोह शाम 4 बजे होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक देवेन्द्र यादव, अध्यक्षता बोधन यादव अध्यक्ष जिला कोसरिया समाज, विशेष अतिथि पूर्व विधायक अरुण वोरा, राजेन्द्र साहू, धीरज बाकलीवाल, मेघनाथ यादव (प्रांताध्यक्ष छग सर्व समाज संगठन), मन्ना यादव, दलौरिन बाई यादव उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी समाज अध्यक्ष अमरसिंह यादव, संरक्षक छोटेलाल यादव ने दी।

वाणिज्य-उद्योग मंत्री गोयल ने कॉन्क्लेव में बीएसपी के 'गिफ्ट मिल्क योजना' का किया शुभारंभ

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-बीएसपी की प्रमुख पोषण आधारित सीएसआर पहल 'गिफ्ट मिल्क कार्यक्रम' के तृतीय चरण का शुभारंभ 6 जनवरी को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय सीएसआर कॉन्क्लेव के दौरान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा किया गया। यह कॉन्क्लेव पोषण सुरक्षा एवं कुपोषण उन्मूलन में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व की भूमिका विषय पर एनडीडीबी फाउंडेशन फॉर न्यूट्रिशन (एनएफएन) द्वारा आयोजित किया गया था। इस अवसर पर गिफ्ट मिल्क कार्यक्रम के विस्तार की घोषणा की गई।

सीएसआर के अंतर्गत क्रियान्वित गिफ्ट मिल्क कार्यक्रम के तृतीय चरण में भिलाई इस्पात संयंत्र के लौह अयस्क खदानों के बफर जोन अंतर्गत स्थित शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत लगभग 4,000 बच्चों को विटामिन ए और डी से युक्त फ्लेवर्ड दूध उपलब्ध कराया जाएगा। यह दूध एनडीडीबी द्वारा प्रबंधित छत्तीसगढ़ दुग्ध महासंघ के माध्यम से वितरित किया जाएगा, जिससे अंतिम छोर तक पोषण पहुंचाने में सहकारी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

कॉन्क्लेव के दौरान लौह अयस्क खदान क्षेत्र के बफर जोन गांवों में दूध वितरण का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहित केंद्रीय मंत्रियों द्वारा रावघाट खदान क्षेत्र के विद्यालयों से आए 21 स्कूली बच्चों को मंच पर गिफ्ट मिल्क पैकेट वितरित कर कार्यक्रम के अगले

चरण का प्रतीकात्मक शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर सेल की ओर से निदेशक (वित्त) अशोक पंडा व कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन-निगमित कार्यालय) राजीव पांडेय ने संगठन का प्रतिनिधित्व करते हुए सम्मान प्राप्त किया। सेल-निगमित कार्यालय के मानव संसाधन विभाग से मुख्य महाप्रबंधक हरिमोहन झा, महाप्रबंधक मलय गोस्वामी, सहायक महाप्रबंधक वीणू बाला सहित बीएसपी के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग से महाप्रबंधक मनोज दुबे और उप प्रबंधक केके वर्मा कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी तथा पंचायती राज राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी और अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन, भारत सरकार के सहकारिता सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के सचिव नरेश पाल गंगवार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव अनिल मलिक व एनडीडीबी के अध्यक्ष डॉ. मीनेश शाह सहित अनेक वरिष्ठ गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

गिफ्ट मिल्क कार्यक्रम, भिलाई इस्पात संयंत्र की एक लक्षित सीएसआर पहल है, जिसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ के लौह अयस्क खदान क्षेत्र में स्कूली बच्चों के बीच कुपोषण को कम करना, स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार लाना, विद्यालय उपस्थिति बढ़ाना तथा अधिगम परिणामों को बेहतर बनाना है। इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु एनडीडीबी फाउंडेशन फॉर न्यूट्रिशन एवं सेल-बीएसपी के मध्य 10 जून 2024 को समझौता किया गया था। इसके अंतर्गत प्रत्येक दिन स्कूल में बच्चों को 200 मिलीलीटर पाश्चुरीकृत व पोषक तत्वों से युक्त फ्लेवर्ड दूध प्रदान किया जाता है, जिसकी आपूर्ति व्यवस्था रायपुर दुग्ध संघ द्वारा की जा रही है। यह पहल 18 अप्रैल, 2023 को तत्कालीन सेल के चेयरमैन ने लॉन्च की थी, और जिसे बाद में बीएसपी ने एनएफएन के टेक्निकल मदद से इसे ज़मीनी स्तर पर लागू किया।

एसआईआर के तहत दावा-आपत्ति के दौरान दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित अधिकारी से कराएं : कलेक्टर

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले में एसआईआर के अंतर्गत 23 दिसंबर को प्रारंभिक मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही दावा-आपत्ति का कार्य प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि मतदाता सूची में मैपिंग न होने पर 40 हजार लोगों को नोटिस जारी किया गया है। जिन लोगों का नाम प्रारंभिक मतदाता सूची में नहीं आया है, उनसे फार्म 6 भरवाया जाना है। इस दौरान उन्हे आयोग द्वारा जारी 13 प्रकार के दस्तावेजों में से प्रमाण हेतु दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। प्रस्तुत दस्तावेज सत्यापन हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी को ई-मेल के माध्यम से भेजे जाएंगे।

सत्यापन के बाद 5 दिनों के भीतर दस्तावेज संबंधित ईआरओ को वापस भेजना होगा। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी विशेष ध्यान दें कि पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में छूटने न पाएं और अपात्र व्यक्ति का नाम जुड़ने न पाए। कलेक्टर ने मंगलवार की शाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिए।

कलेक्टर ने लंबित समय सीमा

प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग द्वारा संरक्षित वेट लैंड की जानकारी ली और जिले के अंतर्गत 2.25 हेक्टेयर से कम क्षेत्रफल वाले चिन्हित वेट लैंड को संबंधित एसडीएम से एनओसी मिलने के बाद ही शासन स्तर पर भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को संबंधित क्षेत्र में कोटवारी जमीन की बिक्री संबंधी जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सिकलिंग की पहचान, वय वंदन एवं आयुष्मान कार्ड में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निजी स्कूलों में स्कूली बच्चों के आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया में प्रगति लाने जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक पहल करने कहा। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी के बच्चों का भी आधार कार्ड बनाया जाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कार्य योजना बनाकर ईडीएम से समन्वय के साथ बच्चों का आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया पूर्ण कराएं।

उन्होंने निर्माण कार्य क्रियान्वयन एजेंसी विभागों से अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के स्वीकृत निर्माण कार्य समयावधि में शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने जिले में जल संचयन हेतु जल शक्ति अभियान की समीक्षा के दौरान कैच द रेन कार्यक्रम अंतर्गत विभागीय कार्यों को गूगल शीट में अपलोड कराने के निर्देश दिए। डीएमओ ने अवगत कराया कि धान खरीदी हेतु उपार्जन केन्द्रों में नए व पुराने बारदानों की पर्याप्त उपलब्धता है।

अवैध क्रशर संचालन के विरूद्ध प्रकरण दर्ज

दुर्ग। 'कलेक्टर जनदर्शन' कार्यक्रम में शिकायत के बाद दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर ग्राम पंचायत पतोरा और मुड़पार में अवैध रूप से संचालित क्रशरों पर बड़ी कार्यवाही की गई है। सोमवार को जनदर्शन में ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत पतोरा में नियमों को ताक पर रखकर संचालित अवैध क्रशरों की शिकायत की थी। जनदर्शन में प्राप्त आवेदन को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर अभिजीत सिंह ने तत्काल खनिज विभाग को जाँच और कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर के आदेश पर खनिज विभाग की टीम ने पतोरा और मुड़पार का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि क्रशर संचालक पर्यावरण मानकों का पालन नहीं कर रहे थे। त्वरित कार्यवाही करते हुए विभाग ने प्रकरण दर्ज किया है।

बीएसपी के सिंटर प्लांट्स 2 और 3 ने रचा दैनिक उत्पादन का नया कीर्तिमान

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-बीएसपी के सिंटर प्लांट्स 2 और सिंटर प्लांट्स 3 ने 5 जनवरी, 2026 को संयुक्त रूप से 28,250 टन दैनिक सिंटर उत्पादन कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इससे पूर्व का सर्वोत्तम रिकॉर्ड 11 जनवरी 2024 को 28,212 टन का दर्ज किया गया था। इस उपलब्धि पर कार्यपालक निदेशक (संकार्य) राकेश कुमार और मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (लौह) तापस दासगुप्ता सहित संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों ने सिंटर प्लांट्स 2 व सिंटर प्लांट्स 3 की टीम को बधाई दी। रिकॉर्ड उपलब्धि को प्राप्त करने में सिंटर संयंत्रों के साथ-साथ एलडीसीपी, ब्लास्ट फर्नेस, ओएचपी, कोक ओवन सहित विभिन्न सहयोगी विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कच्चे माल की समयबद्ध उपलब्धता, बेहतर संचालन समन्वय तथा प्रक्रिया अनुशासन ने इस सफलता को संभव बनाया।

यह उपलब्धि विभागाध्यक्ष व महाप्रबंधक प्रभारी (सिंटर प्लांट्स 2) जगेंद्र कुमार और महाप्रबंधक प्रभारी (सिंटर प्लांट्स 3) राहुल बिजुरकर के नेतृत्व में हासिल की गई। इस उपलब्धि में सिंटर प्लांट्स 3 के महाप्रबंधक (उत्पादन) एके बेडेकर और सिंटर प्लांट्स 2 के महाप्रबंधक (उत्पादन) एमएम अनीस का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। निकट भविष्य में आयरन ओर क्रशर की स्थापना के बाद क्रश्ड आयरन और फाइन्स की उपलब्धता से सिंटर उत्पादन में और वृद्धि की संभावना है। विभाग ने बताया कि सिंटर में कैल्साइंड लाइम की विशिष्ट खपत को 25 किलोग्राम प्रति टन तक लाने की दिशा में भी निरंतर प्रयास जारी हैं।

झुके पोल से गिरकर श्रमिक घायल : बीएसपी के प्रबंधक और ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज

■ **बिना सुरक्षा उपकरण काम कराने का आरोप**

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी टाउनशिप क्षेत्र में बिना सुरक्षा उपकरण काम के दौरान एक ठेका श्रमिक हादसे का शिकार हो गया। आरोप है कि ठेकेदार ने उसे जबरदस्ती झुके हुए पोल पर चढ़ाया, जहां से गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित का कहना है कि प्रबंधन ने ठीक से उसका इलाज भी नहीं कराया। ठेकेदार ने मुआवजा देने और स्वस्थ होने पर काम पर वापस रखने का आश्वासन दिया था, लेकिन चार महीने बाद भी उसे न तो मुआवजा मिला और न ही कोई सहायता मिली। लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने बीएसपी प्रबंधक राजकिशोर, दिलीप राणे, टिकेंद्र ठाकुर, अशोक साहू, महिपाल देशमुख, ठेकेदार शंकर दयाल सिंह के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। ग्राम चंदखुरी निवासी ठेका श्रमिक ललित चन्द्राकर पिछले 12 साल से बीएसपी टाउनशिप में ठेका श्रमिक के रूप में विद्युत कार्य कर रहा है। 3 सितंबर 2025 को शाम 4 बजे ठेकेदार शंकर दयाल सिंह ने उसे सेक्टर-6 जगदंबा मंदिर के पास बिजली पोल पर काम करने कहा। जिस पोल पर काम कराया जा रहा था, वह चैनल पोल था और बैंड हो चुका था। इसे क्रेन के सहारे खड़ा किया गया था। ललित कुमार ने बिना सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट और गमबूट के पोल पर चढने से मना किया और घटना की आशंका जताई, लेकिन उस पर दबाव बनाया कि कुछ नहीं होगा और जबरन पोल पर चढ़ा दिया गया। काम के दौरान क्रेन से पोल को टिकाकर रस्सी से खींचा जा रहा था। इसी बीच कमर में लगा झूला खिसक गया और ललित कुमार करीब 15 फीट ऊंचाई से नीचे गिर पड़ा। हादसे में उसके दाहिने हाथ, पैर और रीढ़ की हड्डी में गंभीर फ्रैक्चर हो गया। उसे सेक्टर-9 अस्पताल भिलाई ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआई) अस्पताल और फिर हाइटेक अस्पताल रेफर किया गया। मौके पर बीएसपी प्रबंधन से जुड़े अधिकारी राजकिशोर, दिलीप राणे, टिकेंद्र ठाकुर, अशोक साहू और महिपाल देशमुख भी मौजूद थे। पीड़ित का आरोप है कि पूरी तरह ठीक न होने के बावजूद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। ठेकेदार ने मुआवजा देने और स्वस्थ होने पर काम पर वापस रखने का आश्वासन दिया। 4 महीने बीतने के बाद भी मुआवजा नही दिया। इलाज पर करीब एक लाख रुपए खर्च हो गए।

ग्राम पंचायतों में हर माह 7 को आवास दिवस

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले में प्रत्येक माह की 7 तारीख को चावल उत्सव और महात्मा गांधी नरेगा के रोजगार दिवस के साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के आवास दिवस का आयोजन प्रत्येक ग्राम पंचायत में अनिवार्य रूप से किया जाएगा। ग्राम पंचायत बासीन में रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीईओ बजरंग दुबे, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, उपाध्यक्ष पवन शर्मा उपस्थित रहे। ग्राम चौपाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद किया गया। प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्वीकृत, निर्माणाधीन और पूर्ण आवासों के हितग्राहियों की सूची का वाचन किया और हितग्राहियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

लीनेस क्लब दुर्ग सिटी की आकांक्षा मिश्रा बनी अध्यक्ष

दुर्ग/नवप्रदेश। लीनेस क्लब दुर्ग सिटी का शपथ ग्रहण मालवीय नगर स्थित एवेलॉन होटल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में लीनेस रश्मि अग्रवाल डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट, शबाना नाज वाइस मल्टीपल प्रेसिडेंट द्वितीय मुख्य अतिथि रहे। शपथ अधिकारी पास्ट मल्टीपल प्रेसिडेंट मृदुला रोजिंदार ने क्लब के सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि रीजन् पर्ल की रीजन् ऑफिसर रश्मि लखोटिया मौजूद रही। उनके द्वारा क्लब में शामिल हुए 3 नए सदस्यों सरिता मिश्रा, श्रुति तिवारी और कमलेश शर्मा को शपथ दिलाई गई। क्लब की एरिया ऑफिसर हेमा टोंडर भी कार्यक्रम में मौजूद थी। मंच संचालन रुचि सक्सेना ने किया। विभा गुप्ता ने ध्वज वंदना की। निवृतमान अध्यक्ष अनीता तिवारी ने स्वागत भाषण दिया। सिंधु चंदेल और मंजू बरमेचा को परमानेंट प्रोजेक्ट के लिए सम्मानित किया गया। शपथ लेने के बाद अध्यक्ष आकांक्षा मिश्रा ने पूरी निष्ठा के साथ सभी मेंबर्स को साथ लेकर चलने और निरंतर अच्छे कार्य करने का वचन दिया। कोषाध्यक्ष पद पर शपथ लेने के बाद आभार प्रदर्शन रितु ठाकुर ने किया।

बीएसपी के आवासों का नियमितीकरण करने भिलाई और रिसाली निगम एक साथ करेंगे कार्रवाई

रिसाली/नवप्रदेश। बीएसपी द्वारा वर्षों पूर्व बनाए आवासों के नियमितीकरण के मामले में नगर निगम रिसाली और भिलाई नगर निगम मिलकर नोटिस जारी करने सहित अन्य कानूनी कार्यवाही करेंगे। इसके लिए रिसाली नगर निगम लिखित में नगर निगम भिलाई को सहमति देगा। बुधवार को महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता में हुई परिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र ने विभिन्न क्षेत्र में आवासीय और व्यवसायिक परिसर का निर्माण किया है। इसके लिए किसी भी प्रकार की अनुमति

संयंत्र ने नहीं ली थी। वर्तमान मे रिसाली निगम भिलाई निगम से अलग हो चुका है। रिसाली निगम क्षेत्र में भी टाऊनशिप का क्षेत्र शामिल है। नियमितीकरण के लंबित मामले को पूर्ण कर प्रकरण को सेटलमेंट करने रिसाली निगम ने भिलाई नगर निगम का सहयोग करने का निर्णय लिया है। संपूर्ण कार्यवाही का नेतृत्व नगर निगम भिलाई करेगा। महापौर परिषद ने इस संबंध में फैसला किया है। महापौर परिषद की बैठक में एमआईसी सदस्य जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, सनीर साहू, रोहित धनकर, रंजिता बेनुआ समेत आयुक्त मोनिका वर्मा, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे समेत अन्य विभाग मौजूद थे।

सफाई ठेका के लिए अनुमति लेगा निगम

वर्तमान में शहर की सफाई व्यवस्था के लिए चार हिस्सों में विभक्त कर एजेंसी को कार्य आदेश जारी किया गया है। महापौर परिषद ने निर्णय लिया है कि आने वाले वर्ष में कार्य आदेश जारी करने के पूर्व अनुमति प्रस्ताव शासन को भेजा जाए। व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए परिषद के सदस्यों ने पूर्व में हुए एजेंसी के कार्य आदेश में समय सीमा को बढ़ाने का निर्णय लिया है।

एनएसपीसीएल को भेजेगा प्रस्ताव

परिषद ने निर्णय लिया है कि पुरैना में विभिन्न विकास कार्य को एनएसपीसीएल के सीएसआर मद से कराने प्रस्ताव भेजा जाए। खास बात यह है कि इसके लिए पूर्व में विधायक ने भी एनएसपीसीएल के लिए पत्र लिखा है। बुधवार को हुई बैठक में परिषद ने निर्णय लिया कि क्षेत्रीय पार्षद भी इस कार्य के लिए एनएसपीसीएल को पत्र पृथक से लिखें।

प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने किया केन्द्रीय परीक्षण प्रयोगशाला भिलाई में दो स्मार्ट मीटर बेंच का उद्घाटन

स्मार्ट मीटर टेस्टिंग की सुविधा शुरू : जर्मनी की हाई-टेक मशीनों से होगी जांच

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के उपभोक्ताओं की स्मार्ट मीटर संबंधी शिकायतों का समाधान और उनकी सटीकता की जांच भिलाई में ही हो सकेगी। पूरे प्रदेश में पहले केवल एक ही मीटर परीक्षण प्रयोगशाला भिलाई में स्थापित थी, जहां उपलब्ध एक ही बेंच पर पूरे प्रदेश के सभी प्रकार के मीटरों का परीक्षण किया जाता था। पूरे प्रदेश के मीटरों की जांच करने में समय लगता था। राज्य सरकार ने पॉवर कंपनी के प्रस्ताव पर 6 करोड़ 82 लाख रुपए की लागत से प्रदेश के रायपुर और बिलासपुर में नई मीटर टेस्टिंग लैब व भिलाई में पूर्व से स्थापित लैब की क्षमता वृद्धि की स्वीकृति

प्रदान की। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने भिलाई-तीन स्थित केंद्रीय परीक्षण प्रयोगशाला(मीटर टेस्टिंग लैब) में लगभग 2 करोड़ 27 लाख रुपये की लागत से स्थापित दो नई स्मार्ट मीटर बेंचों का उद्घाटन किया। प्रयोगशाला में पूर्व से ही स्थापित बेंच पर एक साथ 20 मीटरों की जांच की जा सकती है। अब प्रयोगशाला में कुल तीन बेंच हो गए हैं। जिससे प्रयोगशाला की क्षमता बढ़ गई है, अब एक साथ 60 मीटरों की जांच की जा सकती है।

प्रयोगशाला में स्थापित नई स्मार्ट मीटर बेंच मशीनें जर्मनी की अत्याधुनिक 'जेरा' कंपनी की हैं। प्रयोगशाला में एक थ्री-फेस और एक सिंगल-फेस बेंच लगाई गई है, जिससे सभी प्रकार के स्मार्ट मीटरों की जांच संभव होगी। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर, शिरीष शैलेट, मुख्य अभियंता एम जामुलकर, चंद्रकला गिडवानी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता रश्मि वर्मा सहित अधीक्षण अभियंता आरके मिश्रा, जे जगन्नाथ प्रसाद, मनोज वर्मा, पीएल सिदार, आरके चन्द्राकर और कार्यपालन अभियंता अविनाश चौहान जैसे कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने कहा कि वर्तमान में स्मार्ट मीटरों की अनिवार्यता को देखते हुए उपभोक्ताओं में पारदर्शिता और विश्वास बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया गया है। यदि किसी उपभोक्ता को अपने स्मार्ट मीटर की रीडिंग या कार्यप्रणाली पर संदेह है, तो वे निर्धारित शुल्क जमा कर प्रयोगशाला में अपने मीटर की जांच करवा सकते हैं।

छत्तीसगढ़ की पहली प्रयोगशाला है जिसे राष्ट्रीय परीक्षण और शोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) से मान्यता प्राप्त है। यहाँ मीटर टेस्टिंग के अलावा केबल, कंडक्टर और सीटीपीटी की जांच भी की जाती है। वर्तमान में यहाँ पावर और डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर परीक्षण प्रयोगशाला का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

आयुक्त ने संतोषी पारा का किया सघन निरीक्षण

भिलाई नगर/नवप्रदेश। नगर निगम भिलाई जोन-3 अंतर्गत अवैध ब्रेकर, सार्वजनिक नल, पाइपलाइन लीकेज, जर्जर दुकान सहित सार्वजनिक शौचालय का औचक निरीक्षण आयुक्त राजीव पाण्डेय ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये। इस दौरान वार्ड पार्षद एन शैलजा व जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता भी उपस्थित रहे।

वार्ड 33 संतोषी पारा के चौक-चैराहों पर बने अवैध ब्रेकर का जायजा लेते हुए सड़कों के बीच से अवैध ब्रेकर को जल्द हटाने निर्देशित किया गया। वार्ड में पेयजल हेतु बिछाई गई पाइपलाइन का अवलोकन कर सभी लीकेज की जांच कर जल्द से जल्द ठीक कराने कहा गया। वार्ड में निर्मित ग्राउण्ड के भीतर निर्माणाधीन डोम शेड, फुटपाथ, बाउण्ड्रीवाल और

समतलीकरण के कार्य का निरीक्षण किया गया।

मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत बनी दुकानों पर अवैध कब्जा कर निवास किये जाने की शिकायत पर आयुक्त ने नागरिकों से चर्चा कर जल्द कब्जा खाली करने कहा।

पीएम आवास योजना के आवास लेने आवेदन जमा कर विस्थापन की प्रक्रिया करने कहा गया। सार्वजनिक शौचालय सहित शहर के सभी सार्वजनिक शौचालय का शीघ्र संधारण करने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, अशोक देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक चुड़ामड़ी यादव, सुपरवाइजर श्याम ठाकुर उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

अंजोरा गांव में बीच चौराहे पर धूल – धूलक्कड़ से ग्रामीण परेशान

टेड़ेसरा /नव प्रदेश। जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत ग्राम अंजोरा के हृदय स्थल जगह कबीर कुटी के सामने ही कोयला युक्त डष्ट डालने की वजह से पूरे मैदान में धूल भरी डष्ट चौबीसों घंटे धूल उड़ते रहता है। जिसके कारण आसपास के रहने वाले ग्रामीणों का जीना दुभर हो चुका है। गांव के आसपास रहने वाले छोटे बच्चे भी इस जगह पर खेलकूद करने से भी कतरा रहे हैं। धूल की वजह से आस-पास का माहौल भी काला हो चुका है। जिसकी वजह से ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भी प्रभाव पड़ रहा है। ग्राम पंचायत के सरपंच तोरण धुर्वे के द्वारा गांव की साफसफाई धूल भरी जिंदगी से निजात नहीं दीला पा रहे हैं। इसी प्रकार चलते रहा? तो ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ने से कोई नहीं रोक सकता । चौक चौराहा से लेकर गांव की हर गली मोहल्ले में गंदगी का आलम पसरा पड़ा है। ग्राम पंचायत के सरपंच के द्वारा सफाई के नाम पर किसी प्रकार की पहल नहीं किया जा रहा है। जिसकी वजह से हर जगह गंदगी पसरा पड़ा है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारियों को इस गांव की तरफध्यान देते हुए । तुरंत ही सफाई का कार्य कराया जाना चाहिए। जिससे धूल भरी जिंदगी से निजात पा सके ग्रामीणों यह भी बताया कि ग्राम पंचायत के द्वारा भी सफाई व्यवस्था नहीं करने की वजह से आज जगह-जगह गंदगी का आलम पसरा पड़ा हुआ है।

13 जनवरी को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

कवर्धा / नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो, निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है। उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कबीरधाम कार्यालय परिसर में 13 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अरूण एग्रीकल्चर, महेन्द्रा टेक्ट्रर शो रूम, कवर्धा द्वारा पद सेल्समेन के 05 पद पर भर्ती किया जाना है। यह प्लेसमेंट कैम्प पूर्णतः निःशुल्क है। यह नियुक्ति केवल निजी क्षेत्र के संस्थाओं में कार्य हेतु किया जाता है। चयन संबंधी कार्यवाही नियोजक द्वारा ही किया जाना है, अतः पद, संस्था, कार्य, वेतन व अन्य विस्तृत जानकारी कैम्प में उपस्थित नियोजक या प्रतिनिधि से संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी को अपने रोजगार पहचान पत्र (नया नंबर जारी वाला), समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, स्थायी जाति व निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 1 पासपोर्ट साईज फोटो, ड्राईविंग लायसेंस व अन्य प्रमाण पत्रों की मूलप्रति एवं छायाप्रतियों के साथ नियत समय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जिला न्यायालय रोड, कवर्धा में उपस्थित हो सकते है। इस हेतु किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

शीतलहर और ठंड से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया सुरक्षा उपाय

कवर्धा / नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में शीतलहर एवं ठंड का प्रकोप बढ़ने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.के. तुर्रे ने बताया कि जिले का तापमान दिन के समय 24 सेल्सियस से कम और रात में 10 सेल्सियस से नीचे दर्ज किया जा रहा है। ऐसे में ठंडी हवाओं का स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। डॉ. तुर्रे ने बताया कि शीतलहर का सबसे अधिक प्रभाव बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चों, दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों एवं उच्च रक्तचाप वाले मरीजों पर पड़ता है। ठंड के कारण रक्त वाहिकाएं सिकुड़ने से हृदय पर दबाव बढ़ जाता है, जिससे हृदयघात, ब्रेन स्ट्रोक और अनियमित धड़कन जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति में अत्यधिक ठिठुरन, शरीर अकड़ना, उंगलियों का पीला या सफेद होना, सुन्नपन जैसे लक्षण दिखाई दें तो तत्काल नजदीकी चिकित्सक से संपर्क करें। उन्होंने नागरिकों को ठंड से बचाव के लिए स्वेटर, मोजे, दस्ताने और गर्म कपड़ों का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि शरीर को गर्म रखने के लिए गर्म तरल पदार्थों का सेवन करते रहें।

राष्ट्रीय जंबूरी की तैयारियां अंतिम चरण में, अधिकारियों ने लिया जायजा

वरिष्ठ अधिकारियों ने लिया आयोजन स्थल का जायजा

बालोद। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में आगामी 9 जनवरी से राष्ट्रीय जंबूरी आयोजन होने जा रहा है, जिसे लेकर जिलेभर में उत्साह का माहौल है। दुधली में होने जा रहा यह आयोजन बालोद जिले के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि पहली बार इतने बड़े स्तर पर राष्ट्रीय जंबूरी का आयोजन यहां किया जा रहा है। देश के विभिन्न राज्यों से हजारों स्काउट-गाइड, रोवर्स-रेंजर्स, प्रशिक्षक एवं पदाधिकारी इस जंबूरी में शामिल होने बालोद पहुंचेंगे। राष्ट्रीय जंबूरी के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन, भारत स्काउट एवं गाइड संगठन और विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। आयोजन स्थल पर विशाल पंडाल, आवासीय टेंट, भोजनालय, प्रशिक्षण कक्ष, सांस्कृतिक मंच और प्रदर्शनी क्षेत्र बनाए जा रहे हैं। प्रतिभागियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ पेयजल, शौचालय, बिजली और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

अधिकारियों ने लिया तैयारी का जायजा

बालोद जिले के ग्राम दुधली में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी का बुधवार को दुर्ग संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर और दुर्ग रेंज आईजी श्री राम गोपाल गर्ग ने स्थल निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रवेश द्वार, मंच, युवा संसद स्थल, वॉटर स्पोर्ट्स आदि का अवलोकन किया। उन्होंने राष्ट्रीय आयोजन के गरिमा के अनुरूप सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा, एसपी श्री योगेश पटेल सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

क्या है आयोजन का मुख्य उद्देश्य

इस राष्ट्रीय जंबूरी का मुख्य उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता, सेवा भावना और राष्ट्रीय एकता को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रशिक्षण सत्र, कार्यशालाएं और गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण और सामाजिक जागरूकता जैसे विषय शामिल रहेंगे। जंबूरी के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। देश के अलग-अलग राज्यों से आने वाले प्रतिभागी अपनी-अपनी लोक संस्कृति, पारंपरिक नृत्य, गीत और वेशभूषा के माध्यम से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। इससे प्रतिभागियों को भारत की विविधता में एकता को करीब से देखने और समझने का अवसर मिलेगा।

आयोजन में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को भी प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, लोकगीत, पारंपरिक खान-पान और हस्तशिल्प प्रदर्शनी के माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा। जिला प्रशासन और आयोजन समिति द्वारा स्थानीय कलाकारों को मंच देने की विशेष योजना बनाई गई है। सुरक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। आयोजन स्थल पर पुलिस बल, मेडिकल टीम, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और स्वयंसेवकों की तैनाती की जाएगी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए कंट्रोल रूम और निगरानी व्यवस्था भी बनाई जा रही है। राष्ट्रीय जंबूरी आयोजन से बालोद जिले के स्थानीय व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। बाहर से आने वाले हजारों प्रतिभागियों और अतिथियों के कारण होटल, परिवहन, खानपान और स्थानीय बाजारों में रौनक बढ़ेगी। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार और आय के अवसर भी मिलेंगे। जिला प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि राष्ट्रीय जंबूरी बालोद जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

कोटवार की दर्दनाक मौत के बाद एनएच-30 पर लोगों ने किया घंटों चक्का जाम

कवर्धा में हिट एंड रन से दहला शहर,

एनएच-30 पर भड़का जनाक्रोश, चक्काजाम

कवर्धा / नवप्रदेश। शहर की सड़कों पर बेलगाम रफ्तार एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में हिट एंड रन की दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे कवर्धा को झकझोर दिया। तेज गति से दौड़ते ट्रक ने बाइक सवार कोटवार को कुचल दिया। हादसा इतना भयावह था कि ट्रक का पहिया सिर के ऊपर से गुजर गया और मौके पर ही मौत हो गई। मृतक दिलीप पात्रे कोटवार के पद पर कार्यरत थे। घटना के बाद चालक ट्रक समेत फरार हो गया, जिससे आक्रोश और गहरा गया।

ट्रांसपोर्ट नगर में सुबह-सुबह मातम

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दिलीप पात्रे धान टोकन से जुड़ी जानकारी के सिलसिले में बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद चालक ने मानवीय जिम्मेदारी निभाने के बजाय वाहन नहीं रोका और भाग निकला। कुछ ही पलों में सड़क खून से लाल हो गई और आसपास के लोग स्तब्ध रह गए।

घटना की खबर फैलते ही स्थानीय लोग और मृतक के परिचित मौके पर जुट गए। आक्रोश इतना बढ़ा कि नेशनल हाईवे-30 पर चक्काजाम कर दिया गया। देखते ही देखते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्कूल बसों से लेकर एंबुलेंस तक जाम में फंस गईं और यातायात पूरी तरह ठप हो गया।

मुआवजा और शराब दुकान हटाने की मांग

जाम के दौरान लोग मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने और क्षेत्र में संचालित शराब दुकान को हटाने की मांग पर अड़ गए। लोगों का कहना था कि शराब दुकान के कारण इस इलाके में तेज रफ्तार वाहनों और असामाजिक गतिविधियों में लगातार इजाफा हो रहा है, जिससे हादसों का खतरा बना रहता है।

पुलिस-प्रशासन की मशक्कत, जांच तेज

सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया। अधिकारियों ने समझाइश के जरिए भीड़ को शांत कराने का प्रयास किया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक के खिलाफ मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू की। जांच में ट्रक का नंबर चिन्हित किए जाने की बात सामने आई है और चालक की तलाश में टीमें लगाई गई हैं।

पोस्टमार्टम और परिवार में कोहराम-मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। एक जिम्मेदार कर्मचारी की सड़क हादसे में मौत ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया।

चिल्फी घाटी तक दिखा जाम का असर-हादसे का असर केवल कवर्धा तक सीमित नहीं रहा। बिलासपुर मुख्य मार्ग पर यातायात कई घंटों तक बाधित रहा। चिल्फी घाटी क्षेत्र में करीब आठ किलोमीटर तक वाहनों की कतारें लग गईं।

फिर उठे सुरक्षा पर सवाल-इस हादसे ने एक बार फिर तेज रफ्तार, हिट एंड रन और कमजोर यातायात निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों का साफ कहना है कि सख्ती और सतत निगरानी के बिना ऐसी घटनाएं रुकने वाली नहीं हैं।

टेलीस्कोप से बच्चों ने देखा सूर्य, चंद्रमा, शनि और अन्य ग्रहों का लाइव अद्भुत नजारा

रात्रिकालीन आकाश अवलोकन कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने 1.2 अरब किलोमीटर दूर शनि ग्रह को स्पष्ट देखा

कवर्धा / नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्वामी आत्मानंद स्कूल में आयोजित दो दिवसीय खगोल कार्यशाला एवं रात्रिकालीन आकाश अवलोकन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों सहित जिले के अनेक नागरिकों ने पहली बार टेलीस्कोप से सूर्य, चंद्रमा, शनि सहित अन्य ग्रहों को स्पष्ट देखा। वो दृश्य, जिन्हें बच्चे अब तक सिर्फ किताबों में देखते और पढ़ते थे, उन्हें वास्तविक रूप में देखकर उनके चेहरे उत्साह और आश्चर्य से खिल उठे। रात्रिकालीन आकाश अवलोकन कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने 1.2 अरब किलोमीटर दूर शनि ग्रह को स्पष्ट देखा। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने भी टेलीस्कोप के माध्यम से ग्रहों और चंद्रमा का अवलोकन किया तथा बच्चों व प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

दो दिवसीय खगोल कार्यशाला छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर रायपुर, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा शिक्षा विभाग के सहयोग से सेजेस स्कूल, दुर्गावती चैक, कवर्धा में आयोजित की गई। 06 एवं 07 जनवरी को आयोजित इस अनूठे कार्यक्रम में विद्यार्थियों को ग्रहों, तारों, नक्षत्रों और ब्रह्मांड से जुड़ी वैज्ञानिक अवधारणाओं को सरल भाषा में समझाया गया।

कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने कहा कि खगोल विज्ञान बच्चों में वैज्ञानिक सोच, खोजबीन और नवाचार की भावना को मजबूत करता है।

मोहारा में खुली प्रीमियम वाइन शॉप के विरोध में कांग्रेस का धरना

राजनांदगांव/नव प्रदेश। शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में मोहारा क्षेत्र में खुली प्रीमियम वाइन शॉप को बंद कराने की मांग को लेकर आज धरना प्रदर्शन किया गया। धरने का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने किया। इस दौरान पूर्व महापौर हेमा सुदेश देशमुख, पूर्व महापौर नरेश डाकलिया, पार्षद संतोष पिल्ले, कुलबीर छाबड़ा, शारदा तिवारी, विनय झा, ऋषि शास्त्री, नीरज कनौजे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। अपने उद्बोधन में जितेंद्र मुदलियार जी ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार गूंगी-बहरी हो गई है। अहंकार में डूबी हुई सरकार हैउन्होंने कहा कि विधायक, सांसद व पार्षद क्षेत्र की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, वहीं अधिकारी जनता की आवाज को अनसुना कर रहे हैं।

अंत में कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ताओं ने राजनांदगांव विधायक डॉ श्री रमन सिंह जी राजनांदगांव सांसद श्री संतोष पांडे जी राजनांदगांव महापौर श्री मधुसूदन यादव जी का इन सब का पुतला दहन किया

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सलोनी में वार्षिक उत्सव मनाया गया

टेड़ेसरा / नव प्रदेश। विकासखंड राजनांदगांव के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सलोनी में वार्षिक उत्सव मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि श्रीमती किरण विनोद बारले जिला पंचायत सदस्य राजनांदगांव, शाला विकास समिति अध्यक्ष हेम दास साहू, सरपंच नूतन यादव, पूर्व सरपंच राजकुमार संघारे , रतन यादव, उपसरपंच गौतम यदु रूपेंद्र कुमार साहू एवं एस. एस. मरकाम, मधुकर बोरकर, डी .आर .साहू एवं श्रीमती के. कामड़े मैडम सभी सेवानिवृत शिक्षक उपस्थित थे। साथ ही आए हुए अतिथियों का आए हुए पुष्पगुच्छ ? व बेच लगाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सलोनी के प्राचार्य दीपक सिंह ठाकुर एवं प्राथमिक शाला,पूर्व माध्यमिक शाला के समस्त शिक्षक गण उपस्थित थे । कार्यक्रम शुभारंभ होने से पहले मां सरस्वती की वंदना करते हुए मुख्य अतिथि एवं सभी अतिथि गानों के द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्प माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में खासतौर पर राष्ट्रीय संत युवराज पांडे कथा वाचक के द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोकगीत भारत मां के रतन बेटा, मैं छत्तीसगढ़िया ओ। प्रस्तुति महाराज जी के द्वारा दिया गया। उनके द्वारा स्कूली बच्चों को पांच बातें याद रहने कहा गया। जो स्कूली बच्चों के जीवन में बहुत ही सार्थक एवं प्रेरणादायक बातें बताई गई। अगर गुरुजनों के द्वारा किसी बच्चे को डांटे भी हैं तो उनके अंदर प्रेम छुपा होता है।

जैसे सोनार सोने के बिस्किट को ठोक कर जेवर बनाते हैं इस प्रकार बच्चों को भी समझा बुझा कर पढ़ाई के प्रति सजग रहने प्रेरित किया जाता है जिसे अन्यथा नहीं लेना चाहिए। तत्पश्चात स्कूली बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दिया गया जिसमें क्षेत्र एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण व स्कूली बच्चे शामिल हुए। साथ ही साथ वर्ष 2024 -25 में जिले में टॉपर रहे 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रेस्टो पत्र व मोमेंटो के द्वारा सम्मानित किया गया।

पेज 1 का शेष

राजधानी की आईपीएचएल देश...

प्रयोगशाला ने अपने मानव संसाधन, अत्याधुनिक उपकरणों और उन्नत अधो संरचना का सफलतापूर्वक एकीकरण करते हुए राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों को प्राप्त किया है।

केन्द्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि यह उपलब्धि अन्य राज्यों के लिए एक राष्ट्रीय मानक स्थापित करती है। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार से आग्रह किया कि वह रायपुर मॉडल को श्रेष्ठ अभ्यास (बेस्ट प्रैक्टिस) के रूप में अपनाते हुए राज्य के अन्य जिलों और क्षेत्रों में भी उच्च गुणवत्ता वाली डायग्नोस्टिक सेवाओं का विस्तार सुनिश्चित करे।

सुप्रीम कोर्ट बोला- कुत्तों के ...

होना चाहिए जिसके तहत गेटेड कम्युनिटी मतदान के जरिए फैसला ले सके। वकील वंदना जैन ने कहा, 'हम कुत्तों के खिलाफनहीं हैं। हमें कुत्तों के खतरे और सार्वजनिक सुरक्षा को देखना होगा। 6.2 करोड़ कुत्तों की आबादी है और स्थिति नियंत्रण से बाहर होती जा रही है।' मामले की सुनवाई कल भी जारी रहेगी।

सरकारी नौकरियों में आरक्षण ...

आधारित चयन को और मजबूत करेंगे।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने 19 दिसंबर को राजस्थान हाई कोर्ट के एक फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि ओपन कैटेगरी का अर्थ है 'खुला' यानी इसमें शामिल होने की इकलौती शर्त मेरिट है। अदालत के फैसले से यह साफहुआ कि जाति, वर्ग या लिंग के आधार पर किसी को इससे बाहर नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि आवेदन पत्र में आरक्षित श्रेणी का उल्लेख कर देने भर से कोई उम्मीदवार अपने आप केवल आरक्षित पद के लिए योग्य नहीं हो जाता है।

आतंकवाद के खिलाफ..

बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने गर्मजोशी के साथ नववर्ष की शुभकामनाओं का आदान प्रदान किया और दोनों देशों के लोगों के लिए शांति और समृद्धि की कामना की।

उन्होंने साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, गहरे आपसी विश्वास और दूरदर्शी दृष्टिकोण के मार्गदर्शन में आने वाले वर्ष में भारतङ्कइजराइल रणनीतिक साझेदारी को और सुदृढ़ करने के लिए साझा प्राथमिकताओं की पहचान की।

वेनेजुएला अमेरिका को ...

गत शनिवार शाम को न्यूयॉर्क लाया गया था और उन्हें ब्रुकलिन में मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले के लिए अमेरिकी जिला न्यायालय में दायर एक नए आरोप पत्र में, जिसे अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने साझा किया है, आरोप लगाया गया है कि मादुरो राष्ट्र-प्रायोजित गिरोह चलाते थे और देश में नशीले पदार्थों की तस्करी को बढ़ावा देते थे। अमरीकी राष्ट्रपति ने सैन्य अभियान के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिकी तेल कंपनियों द्वारा वेनेजुएला के खराब हो रहे तेल बुनियादी ढांचे में अरबों का निवेश करने की योजनाओं की रूपरेखा बताई। उन्होंने देश के पेट्रोलियम क्षेत्र को मादुरो सरकार के तहत वर्षों के कुप्रबंधन के परिणामस्वरूप पूरी तरह से बर्बाद बताया।

फर्क समझो सरजी ट्रम्प के ...

मैं करूंगी। राहुल ने कहा, इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जरा सा दबाव डालो वे सरेंडर कर देते हैं। मैं अब इन भाजपा-आरएसएस के लोगों को बहुत अच्छी तरह जानता हूं। उन्हें थोड़ा धक्का दो और वे डर के मारे भाग जाएंगे। राहुल ने यह वीडियो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान के एक दिन बाद आया है, जिसमें ट्रम्प ने कहा था- 'प्रधानमंत्री मोदी मुझसे मिलने आए और कहा 'सर, क्या मैं आपसे मिल सकता हूं।'

ट्रम्प ने दावा किया था- मोदी मिलने आए, पूछा- सर क्या आपसे मिल सकता हूं

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक दिन पहले मंगलवार को कहा था कि पीएम मोदी उनसे ज्यादा खुश नहीं हैं, क्योंकि वॉशिंगटन ने रूसी तेल खरीदने की वजह से दिल्ली पर 50' टैरिफ लगाया है। ट्रम्प ने यह भी कहा- पीएम मोदी खुद मुझसे मिलने आए थे। वह मेरे पास आए और बोले- सर, क्या मैं आपसे मिल सकता हूं? और मैंने कहा- हां।

सुकमा में 26 नक्सलियों ...

माड़ डिवीजन और एओबी क्षेत्र में लंबे समय तक सक्रिय रहे हैं। इनमें सीवायपीसीएम ङ्क 01, डीवीसीएम ङ्क 01, पीपीसीएम ङ्क 03, एसीएम ङ्क 03 तथा 18 पार्टी सदस्य शामिल हैं। इनमें से कई कैडर सुकमा, माड़ क्षेत्र और ओडिशा सीमा से सटे इलाकों में हुई बड़ी नक्सली वारदातों में शामिल रहे हैं, जिनमें सुरक्षा बलों पर हुए घातक हमले भी शामिल हैं।

इन अधिकारियों की रही मौजूदगी

आत्मसमर्पण के दौरान किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक सुकमा,सुरेश सिंह पायल, द्वितीय कमान अधिकारी (डीआईजी कार्यालय) अजयमणि त्रिपाठी, द्वितीय कमान अधिकारी, 212 वाहिनी सीआरपीफ वीरेंद्र सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी, 217 वाहिनी सीआरपीफ रोहित शाह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नक्सल ऑप्स) अभिषेक वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीष रात्रे, उप पुलिस अधीक्षक (नक्सल ऑप्स),रविकांत सहारे, उप पुलिस अधीक्षक (विआशा),मोनिका श्याम, उप पुलिस अधीक्षक मौजूद रहे।

गनियमों के उल्लंघन को ...

आई है, जब कुछ महीने पहले ट्रंप प्रशासन ने छात्र वीजा प्रक्रिया में बड़े बदलावों की घोषणा की थी। इनमें ज्यादा शुल्क, सोशल मीडिया की अनिवार्य जांच और छात्रों के अमेरिका में रहने की अवधि पर प्रस्तावित सीमा शामिल है।

बिहान योजना से बदल रही जिंदगी, लखपति दीदी बनकर आगे बढ़ रहीं

श्रीमती हेमिन रात्रे और श्रीमती मीना रात्रे हुई आत्मनिर्भर

कवर्धा। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की मदद से कबीरधाम जिले की महिलाएँ आज आत्मनिर्भर बन रही हैं। वे अब केवल घर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि काम करके परिवार की आमदनी भी बढ़ा रही हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चल रही बिहान योजना ने महिलाओं के जीवन में एक नई रोशनी लाई है। इसी योजना से जुड़कर कई महिलाएँ आज लखपति दीदी बन चुकी हैं।

कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड की जय सतनाम स्व-सहायता समूह की सदस्य श्रीमती हेमिन रात्रे और श्रीमती मीना रात्रे इसकी अच्छी मिसाल हैं। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और विभागीय सहायता मिली। इसके बाद उन्होंने मछली पालन को अपने रोजगार का साधन बनाया। एनआरएलएम के सहयोग से सामुदायिक तालाब में वैज्ञानिक तरीके से मछली पालन शुरू किया गया। सही देखरेख और समय पर भोजन देने से मछली उत्पादन बढ़ा। इससे मछली बेचकर उन्हें नियमित और अच्छी आमदनी होने लगी। अब वे घर के खर्च आसानी से चला पा रही हैं और बचत भी कर रही हैं।

आज ये महिलाएँ लखपति दीदी बनकर जिले की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं। मछली पालन से मिली आय ने उनकी आर्थिक स्थिति ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और समाज में सम्मान भी बढ़ाया है। श्रीमती हेमिन रात्रे और श्रीमती मीना रात्रे बताती हैं कि पहले उनका जीवन केवल घर तक सीमित था। काम करने की इच्छा थी, लेकिन पैसे की कमी के कारण आगे नहीं बढ़ पाई। स्व-सहायता समूह से जुड़ने और बिहान योजना के तहत ऋण मिलने के बाद उन्होंने मछली पालन शुरू किया, जो आज उनकी आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार बन गया है। अब वे घर की जिम्मेदारियों के साथ-साथ परिवार की आर्थिक मजबूती में भी अहम भूमिका निभा रही हैं। समाज और रिश्तेदारों के बीच उनकी एक नई पहचान बनी है, जिससे उनका आत्मसम्मान और हौसला दोनों बढ़े हैं।

निखिलकांत ने किया बोर खनन कार्य का शुभारंभ

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर के वार्ड क्रमांक 18 में स्थानीय नागरिकों की मांग पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू तथा वार्ड पार्षद श्रीमती माधुरी धनीराम यदु द्वारा नवीन बोर खनन कार्य का शुभारंभ पूजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा प्रथम दायित्व है। आज वार्ड 18 के शिव चौक में बोर खनन कराया जा रहा है। इसका लाभ स्थानीय रहवासियों को मिलेगा। गर्मी के मौसम में लोगों को निस्तारी व पेयजल के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इसके लिए नागरिक लंबे समय से मांग कर रहे थे। नागरिकों के मंशानुरूप शहर में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। पार्षद माधुरी यदु ने भी संबोधित कर बोर खनन कार्य के लिए वार्ड वासियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पार्षद पीयूष साहू, पूर्व पार्षद शेखर जलक्षत्री, प्रकाश यादव, सोमू यादव, संजय यादव, हनुमंत यादव, आकाश यादव, वेद यादव, मनीष यादव, मुन्ना राजपूत, रामेश्वरी साहू, दीपेश देवांगन, देव जलक्षत्री, रामेश्वरी जलक्षत्री, ईश्वरी साहू आदि उपस्थित थे।

बरबांधा जलाशय वेस्टवेयर पुनर्निर्माण स्थल का निरीक्षण

अधिकारियों व ग्रामीणों की मौजूदगी में पंचनामा तैयार

नगरी/नवप्रदेश। बरबांधा जलाशय के वेस्टवेयर पुनर्निर्माण को लेकर विभागीय स्तर पर कार्रवाई तेज हो गई है। नवप्रदेश समाचार पत्र में दिनांक 31 दिसंबर को निर्माण संबंधी समाचार प्रकाशित होने के पश्चात विभाग ने तत्परता दिखाते हुए बुधवार को मौके पर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान जल संसाधन विभाग एवं वन विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से निर्माण स्थल का जायजा लिया और आगामी कार्यों की रूपरेखा तैयार की।

वेस्टवेयर पुनर्निर्माण कार्य को लेकर सहायक संचालक सीतानदी, परिक्षेत्र अधिकारी सीतानदी, परिक्षेत्र सहायक सिंगनपुर, वन अमला तथा जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मिट्टी खुदाई कार्य हेतु लगभग 12 हेक्टेयर क्षेत्र का सीमांकन कर चस्पा फाइल तैयार की गई।जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी ने जानकारी दी कि खुदाई से प्राप्त मिट्टी को निर्धारित स्थल पर सुरक्षित रूप से परिवहन कर डंप किया जाएगा। डंपिंग क्षेत्र का पृथक से निरीक्षण किया जा रहा है ताकि किसी प्रकार की पर्यावरणीय क्षति न हो। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित कार्य से किसी भी वृक्ष को क्षति नहीं पहुंचेगी और न ही क्षेत्र की जैव विविधता पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। साथ ही यह भी आश्वस्त किया गया कि वेस्टवेयर पुनर्निर्माण कार्य के लिए कोई भी निर्माण सामग्री वन क्षेत्र से नहीं ली जाएगी तथा वन भूमि को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा।

बताया गया कि यह कार्य जलाशय में बालू भराव बढ़ने के उद्देश्य से प्रस्तावित है, जिसे सीतानदी टाइगर रिजर्व के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जाएगा। बरबांधा जलाशय वेस्टवेयर पुनर्निर्माण स्थल परिक्षेत्र सीतानदी के कक्ष क्रमांक 324 एवं 325 में स्थित है। निरीक्षण उपरांत अधिकारियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में पंचनामा तैयार किया गया, जिस पर पंचगणों ने सहमति व्यक्त की। पंचनामा में के.पी. साहू (अनुविभागीय अधिकारी, सिंचाई विभाग, नगरी), ताराचंद कोर्राम, बीजू राम नेताम, नंद कुमार, रामकुमार, सुरेश कुमार, धीरज मरकाम, राधेलाल सोनी, शिवराज नेताम, विश्वकर्मा सहित ग्राम बरबांधा के बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

विवेक शर्मा ने दिल्ली तक पहुंचाई कर्मचारियों की मांग

छुरा/भाटापारा/ नवप्रदेश। राष्ट्रीय आई टी सेल प्रभारी कर्मचारी संगठन एवं सदस्य प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने नववर्ष पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को बधाई दी व अपने संगठन व कर्मचारियों की मांग उन तक पहुंचाई। दिल्ली प्रवास के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू जी से मिलकर कर्मचारियों एवं शिक्षकों की मांगो को प्रमुखता से रखा एवं ईश्वरीय सौगात भेंट कर नववर्ष की शुभकामना दी इस अवसर पर पुरानी पेंशन बहाली संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं शालेय शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र दुबे जी भी उपस्थित थे। मुख्य मांगों में प्रथम नियुक्ति से पेंशन की मांग, टी ई टी की अनिवार्यता समाप्त करने एवं कर्मचारी हितों में अन्य मांगो को रखा गया।

शाउमा विद्यालय डोंगरडुला में बोरवेल खनन कार्य पूर्ण

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरडुला, विकासखंड नगरी, जिला धमतरी में जनपद सदस्य श्री मुनेंद्र ध्रुव के प्रयासों से विद्यालय परिसर में बोरवेल खनन का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। यह कार्य 13 सितंबर 2025 को जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से घोषणा के पश्चात प्रारंभ किया गया था। बोरवेल खनन कार्य पूर्ण होने पर विद्यालय में जल समस्या का स्थायी समाधान संभव हो सका है, जिससे छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को बड़ी राहत मिली है। इस अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत डोंगरडुला, शाला विकास प्रबंधन समिति तथा विद्यालय परिवार द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जनपद सदस्य श्री ध्रुव के प्रति आभार प्रकट किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि बोरवेल खनन से विद्यालय में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी और शैक्षणिक गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने में सहायता मिलेगी।

इलाज या लापरवाही? शाह नर्सिंग होम में ऑपरेशन के बाद मरीज की मौत, परिजनों का हंगामा

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। शहर के शाह नर्सिंग होम में इलाज के लिए पहुंचे एक मरीज की अचानक मौत से हड़कंप मच गया। मौत की खबर मिलते ही मृतक के परिजन आक्रोशित हो गए और अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। बाद में परिजनों द्वारा पोस्टमार्टम व कानूनी कार्रवाई नहीं कराने पर सहमति जताने के बाद मामला शांत हुआ।

जानिए पूरा मामला

जानकारी के अनुसार, नवापारा निवासी 50 वर्षीय व्यक्ति मंगलवार को सदर रोड स्थित शाह नर्सिंग होम में हाइड्रोसील बीमारी का इलाज कराने पहुंचे थे। डॉक्टरों द्वारा जांच के बाद शाम करीब 5.30 बजे ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद मरीज को आईसीयू में शिफ्ट किया गया, जहां उसकी स्थिति सामान्य बताई जा रही थी।

बताया जा रहा है कि शाम करीब 6.45 बजे अचानक मरीज की तबीयत बिगड़ गई। इस दौरान उसे दिल का दौरा पड़ा, जिससे उसकी मौत हो गई। जैसे ही परिजनों को मौत की जानकारी मिली, वे बदहवास हो गए और अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए डॉक्टरों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए। देखते ही देखते अस्पताल परिसर में तनाव का माहौल बन गया।

मौके पर पहुंची पुलिस

हंगामे की सूचना मिलते ही नवापारा थाना प्रभारी दीपेश जायसवाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाइश देकर स्थिति संभालने का प्रयास किया। टीआई ने परिजनों से चर्चा कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। काफी देर तक अस्पताल परिसर में तनाव बना रहा। बाद में मृतक के परिजनों द्वारा किसी प्रकार की पोस्टमार्टम नहीं कराने की लिखित सहमति दिए जाने के बाद मामला शांत हुआ। इसके पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया।

क्या कहते हैं इलाज करने वाले डॉक्टर

घटना के बाद शाह नर्सिंग होम के डॉक्टर प्रतीक शाह ने मीडिया से चर्चा में बताया कि मरीज हाइड्रोसील के इलाज के लिए भर्ती हुआ था और उसका ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा। ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत सामान्य थी, लेकिन लगभग एक घंटे बाद उसे अचानक हार्ट अटैक आया। स्थिति को देखते हुए तत्काल ईसीजी कर प्राथमिक उपचार दिया गया और मरीज को रायपुर रेफर करने की तैयारी की जा रही थी, लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत हो गई।

अवैध रूप से रखे 1350 कट्टा धान प्रशासनिक अमला ने किया जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में अवैध धान भंडारण एवं संग्रहण के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में आज दो अलग-अलग विकासखंडों में कार्रवाई के दौरान कुल 1350 कट्टा धान जब्त किया गया है।

बसना विकासखंड अंतर्गत बसना एसडीएम हरिशंकर पैकरा के नेतृत्व में ग्राम मोहका में राजस्व एवं संबंधित विभागीय अमले द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया। जांच के दौरान उत्तम कुमार बारीक के पास अवैध रूप से रखे 1000 पैकेट धान पाया गया। मौके पर ही नियमानुसार संबंधित रकबे का समर्पण कराते हुए आवश्यक कार्यवाही की गई। वहीं बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत खड़ा दरहा मुंगासेर क्षेत्र में डिप्टी कलेक्टर शुभम देव के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। जांच के दौरान लगभग 350 पैकेट अवैध धान जब्त किया गया, जिसे नियमानुसार मंडी के सुपुर्द किया गया।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शासन के निर्देशों का उल्लंघन कर अवैध रूप से धान का संग्रहण, परिवहन अथवा भंडारण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

फुटबॉल खेलते समय धक्का-मुक्की को लेकर मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली पुलिस ने मारपीट के मामले में तीन लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि 05 जनवरी की शाम करीब 7:30 बजे गांव के किशन वर्मा, समीर भोई, साहिल साहू गांड़ापारा चौक के पास आए और फुटबॉल खेलने के दौरान धक्का-मुक्की की बात को लेकर अजय हंसा के साथ मारपीट की। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

20 लीटर महुआ शराब जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना पुलिस ने खेमड़ा-रेमड़ा मार्ग में एक युवक के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने सावित्रीपुर निवासी दुर्गेश कुर्रे (19) से 20 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब (कीमती 4 हजार रुपए) व परिवहन में प्रयुक्त जुपिटर स्कूटी बिना नंबर जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

जुआ फड में पुलिस की रेड, 15 पकड़ाए 1.80 लाख रूपए जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। तेंदूकोना पुलिस ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर ठाकुरदिया पाकेर खार में जुआ खेल रहे 15 लोगों को गिरफ्तार किया। जुआरियों से पुलिस ने 1. 80 लाख 995 रुपए नकद, 16 .68 लाख के वाहन व 1 . 25 लाख के मोबाइल कुल 19 लाख 91 हजार 995 जब्त किया है। पुलिस ने 11 लोगों के खिलाफ जुआ एक्ट 4 व चार लोगों के खिलाफ जुआ एक्ट 4 , बीएनएस की धारा 112,3(5) के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार तेंदूकोना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम ठाकुरदिया पाकेर खार में कुछ व्यक्ति रुपए का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं । सूचना पर पुलिस टीम ने ठाकुरदिया पाकेर खार में दबिश दी, जहाँ से ठाकुरदिया तेंदूकोना निवासी विद्याधर पटेल (50), ग्राम सराईपाली निवासी गोविंद राम पटेल (42), ग्राम खुंटेरी निवासी कुंजराम पटेल (42), ग्राम कौहाकुड़ा निवासी प्रकाश पटेल (42), ग्राम अरण्ड निवासी प्रकाश डड़सेना (52),बुंदेली निवासी सतीश शर्मा (44), ग्राम बुन्देली निवासी चोवाराम साहू (34), ठकुरदिया निवासी कुंदन पटेल (35), पिथौरा निवासी सतपाल सिंह (36), इन्द्रा कालोनी, पिथौरा निवासी पंकज वासुदेव (20), वार्ड नं 11 पिथौरा निवासी मनोज खालसा (35) , ठाकुरदिया निवासी देवनाथ दीवान (60), ठाकुरदिया निवासी भागीरथी ध्रुव (41), ग्राम लहरौद पिथौरा निवासी रवि अग्रवाल (36) एवं वार्ड -15 पिथौरा निवासी अवतार सिंह (65) को गिरफ्तार किया। जुआरियों से कुल 1 लाख 80 हजार 995 रुपए नकद और 12 नग मोबाइल (कीमत 1.25 लाख जब्त) किया। पुलिस ने जुआरियों के पास से 7 बाइक व 3 कार (कीमत 16. 86 लाख) भी जब्त किया है।

खाने- पीने की पूरी व्यवस्था

ठाकुरदिया पाकेर खार में सभी जुआरियों के लिए खाने -पीने की व्यवस्था थी। पुलिस के अनुसार रवि अग्रवाल, सतपाल सिंह द्वारा जुआ आहूत किया गया था तथा विद्याधर पटेल एवं कुंदन पटेल ने जुआ खेलने और खाने -पीने की व्यवस्था की थी।

पुलिया व सड़क निर्माण की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन

ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम खम्हरिया के ग्रामीणों ने वर्षों से लंबित मूलभूत समस्या को लेकर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करने के उद्देश्य से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की घोषणा की है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम खम्हरिया के प्रमुख मार्ग पर टेरगी नाला स्थित पुलिया निर्माण एवं गांव से नगरी पहुंचने मार्ग के समुचित डामरीकरण की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

ग्रामीणों के अनुसार उक्त पुलिया एवं सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है, जिससे आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि बीते 3 से 4 वर्षों से लगातार प्रशासन को आवेदन एवं ज्ञापन सौंपे गए, बावजूद इसके समस्या का समाधान नहीं हो सका है।

इसी से आक्रोशित होकर समस्त ग्रामवासी दिनांक 16 जनवरी 2026 से तहसील कार्यालय नगरी के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि जब तक पुलिया निर्माण एवं सड़क नवीनीकरण की मांग पूरी नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र संज्ञान लेकर जनहित में आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है। वही एसडीएम कार्यालय में सरपंच संत कुमार मरकाम, रवि दुबे हुलासनी रहेत ग्वाल,पवन नेताम,अभिमन्यु निर्मलकर शिशुपाल कश्यप,पुरन्द्र साहू, पुनाराम साहू,मुन्ना निषाद,हेमन्त नाग सुनील साहू संतोष यादव,धनपुर्णिमा रात्रे सुंदरी मरकाम,भान बाई साहू, रोहाणी निर्मलकर, सुशीला कश्यप, कार्तिक मरकाम,जगलाल चिंडा महेंद्र भंडारी, राधेश्याम साहू दुष्यंत टोडडे , परीक्षित निर्मलकर, डोमार निराला दिनेश साहू, परमा निराला ,सुनील साहू ललेश यादव , रामचरण रात्रे , महेंद्र साहू, सोमन यादव , आदेश मरकाम , गिरीश एल्मा, मैना साहू ,सभी के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया।

पान दुकान से शराब बरामद नाबालिग समेत दो पर कार्रवाई

महासमुंद/नवप्रदेश। बागबाहरा पुलिस ने पान दुकान से शराब बरामद कर नाबालिग समेत दो के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर खोपली स्थित पान दुकान में दबिश दी, तो वहां एक नाबालिग लड़का मिला। तलाशी के दौरान दुकान से देशी प्लेन शराब 16 नग तथा 05 नग आईकोल अंग्रेजी शराब (कीमत 1880 रुपए) तथा बिक्री रकम 2000 रुपए जब्त किया। पूछताछ में नाबालिग लड़के ने बताया कि सतबीर सिंह दुआ ने उसे शराब बेचने के लिए दुकान में बिठाया है। पुलिस ने धारा 34(1)आबकारी एक्ट 95 बीएनएस, 78 जेजे एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

गोदावरी सोलर प्लांट कंपनी के खिलाफ ग्रामीणों का कड़ा विरोध

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के सरायपाली ब्लॉक के जंगलबेड़ा में गोदावरी सोलर प्लांट का ग्रामीण पुरजोर विरोध में उतरे। बड़ी संख्या में आज जंगलबेड़ा गांव के ग्रामीण आम रास्ता और निस्तारी डबरी को बंद करने को लेकर सोलर पॉवर प्लांट के बाहर विरोध करने पहुँचे। ग्रामीणों के समर्थन में विधायक चातुरी नंद भी पहुंची।

सरायपाली ब्लॉक के ग्राम जंगलबेड़ा के ग्रामीणों का कहना सरकारी जमीन पर उद्योग लगाने के लिए पंचायत प्रस्ताव उद्योग विभाग को दिया गया था। ताकि छोटे - छोटे कंपनी अपना उद्योग स्थापित करें और ग्रामीणों और युवाओं को रोजगार मिल सके। लेकिन सरकारी जमीन पर गोदावरी कंपनी सोलर प्लांट स्थापित कर रहा है, जिससे ग्रामीणों को रोजगार का कोई अवसर नहीं मिलेगा। ग्रामीणों का कहना है सोलर प्लांट लगने से घास भूमि पर खेती कर रहे ग्रामीणों को बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है। विरोध की सूचना मिलते ही क्षेत्र के विधायक चातुरी नंद भी मौके पर पहुंची।

शोभायात्रा | शामिल हुए बड़ी संख्या में समाजिकजन, पुजा अर्चना हुआ और मां शाकंभरी की महाआरती किया गया

सांकरा में शाकंभरी जयंती पर पटेल समाज ने निकाली भव्य कलश शोभायात्रा

नगरी/नवप्रदेश। कोसरिया मरार पटेल समाज सांकरा क्षेत्र द्वारा छेर छेरा पुन्नी एवं शाकंभरी जयंती पर्व जो मरार पटेल समाज की ईष्ट देवी है मां शाकंभरी, पटेल समाज द्वारा शाकंभरी जयंती पर्व धूमधाम से 03 जनवरी को ग्राम सांकरा के पटेल सामाजिक भवन में सुबह से ही मां शाकंभरी की छाया चित्र की विधिवत विशेष पूजा अर्चना पंडित उदेभानु दिवान के हाथों यह पुजा अर्चना हुआ और मां शाकंभरी की महाआरती किया गया। तत्पश्चात पटेल समाज द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जो पटेल सामाजिक भवन से बाजार पारा से प्रारंभ कर सांकरा क्षेत्र के विभिन्न मुख्य मार्ग बस स्टेट शहीद चौक, शंकर चौक, नंदी चौक,से होते हुए गांधी चौक,बीच पारा होते हुए रात्रि समय तक पुनः पटेल समाजिक भवन में वापस पहुंची व तत्पश्चात समाज के लोग व बाहर से पहुंचे अतिथियों ने महाप्रसादी भंडारा का आनन्द उठाया शाकंभरी जयंती पर्व में पटेल समाज सिहावाराज अध्यक्ष कन्हैया कौशल , पटेल समाज के ग्रामीण अध्यक्ष सांकरा प्रेम लाल पटेल, कोषाध्यक्ष युवराज पटेल, सचिव डिगेश पटेल, पुरषोत्तम पटेल, भागवत पटेल, रामसाय पटेल, जेठू राम पटेल, सहित खेदू राम पटेल,रमेश पटेल, बलिराम पटेल, रूद्रेश्वर पटेल, अश्वनी पटेल, हीरा पटेल, सेवक पटेल, रिषी पटेल, मनोज पटेल, अशोक पटेल, परमानंद पटेल, पुणेंद्र पटेल,पुनित पटेल, महेंद्र पटेल,युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष खिलावन पटेल, उपाध्यक्ष राजू पटेल, सचिव पोखन पटेल, कोषाध्यक्ष बेदन सिंह पटेल, रुपधन पटेल, गुड्डू पटेल, गजेंद्र पटेल, पालेश्वर पटेल, रूद्र पटेल, रूपेश पटेल, अशोक पटेल,दमन पटेल, मनीष पटेल, भावेश पटेल, लक्की पटेल, प्रवीर पटेल, रामाधार पटेल, मिथलेश पटेल,डिगेश पटेल,ऐकराम पटेल, टेश्वर पटेल,हेमसिंग पटेल,गंगा राम पटेल,दमन पटेल,रवि पटेल,व ग्राम लिलांज के समाजिक बंधु,सहित सांकरा क्षेत्र के पटेल समाज के सभी स्वजातीय बंधु बड़ी संख्या में शामिल रहे।

घटुला क्षेत्र में माँ शाकंभरी जयंती धूमधाम से मनाया

नगरी - ग्राम घटुला में मरार पटेल समाज द्वारा पटेल समाज की ईष्ट देवी मां शाकंभरी जयंती पर ग्राम घटुला के बाबा कुटी मंदिर प्रांगण में पटेल समाज द्वारा मां शाकंभरी की छायाचित्र की विधिवत पूजा अर्चना कर ग्राम घटुला में कलश शोभायात्रा निकाली गई यह पर्व पटेल समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया शाकंभरी जयंती पर पटेल समाज के राज लतखोर पटेल, घटुला क्षेत्र अध्यक्ष माणिक पटेल, सहित हरि पटेल, गुलाब पटेल, पियूष पटेल, नकुल पटेल, रेशू पटेल, रुपेन्द्र पटेल, सहित बड़ी संख्या में पटेल समाज के महिलाएं, बच्चे, युवा, उपस्थित रहे।

जनपदों में मनाया गया आवास दिवस एवं रोजगार दिवस

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के सभी जनपद पंचायतों में आवास दिवस एवं रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं वीबी-जी राम जी अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा तथा हितग्राहियों को समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया गया।

आयोजन के दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों में ऐसे हितग्राहियों का सम्मानित किया गया, जिन्होंने निर्धारित समय से पूर्व अपने आवास का निर्माण पूर्ण किया। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया, जिससे अन्य हितग्राही भी प्रेरित हो सकें। कार्यक्रम में अपूर्ण आवासों की भी समीक्षा की गई। संबंधित हितग्राहियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने निर्माण की गुणवत्ता बनाए रखने, सामग्री के समुचित उपयोग तथा नियमित निरीक्षण पर जोर दिया।

न्यूज गैलरी

80 वां राज अधिवेशन ग्राम दावनबोड़ में संपन्न

भाटापारा/नवप्रदेश। छ म कुर्मी समाज की 80 वा राज अधिवेशन दावनबोड में संपन्न हुआ है कार्यक्रम के अध्यक्षता खोडास राम कश्यप ने की, कार्यक्रम के संयोजक हरिराम वर्मा थे , ग्राम प्रमुख राम कुमार वर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान युवा युवतियों को सम्मानित किया गया है जिसके तहत हमार सुंदर गांव फाउंडेशन के अध्यक्ष सुरेश वर्मा को पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए तथा अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया है , साथ साथ प्रतिभावान बच्चों को समाज कि ओर से विशेष छात्रवृत्ति प्रदान किए , इस कार्यक्रम में पोगान वर्मा, गंगू वर्मा , गोविन्द वर्मा , राम स्वरूप वर्मा , टिकेश्वर वर्मा , सोहन लाल वर्मा , कल्याण वर्मा , सुमंत वर्मा , मनोज वर्मा अजय वर्मा, तिलक वर्मा प्रवीण वर्मा , ताम्रध्वज वर्मा , रामनारायण वर्मा सीता राम वर्मा इत्यादि मौजूद थे।

महिला खेलकूद प्रतियोगिता 10 को

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी महिला खेल का आयोजन जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा भाटापारा के ग्राम लेवाई (सिंगारपुर) के खेल मैदान में 10 जनवरी को प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा। इस प्रतियोगिता में 9 से 18 वर्ष तथा 18 से 35 वर्ष के नीचे दो आयु वर्ग में आयोजित होगा जिसमे महिला खिलाड़ी भाग ले सकेंगे । खेल विद्या में एथलेटिक्स में 100 मी 400 मी और तवा फेंक के अलावा खो-खो, व्हालीबाल, बैडमिंटन, हॉकी, फुटबाल, बास्केटबॉल, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग, रस्साकसी 9से 18 वर्ष (460 कि.ग्रा.) 18 से 35 वर्ष (500 कि. ग्रा.) है खेल प्रतियोगिता में जो भी खिलाड़ी शामिल होना चाहते है वो अपना पंजीयन स्कूल/संस्था के माध्यम से या विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में योगेश कटैलिहा मोबाइल नंबर 997724569 फिरोज टंडन मोबाईल नंबर 8319581790 से सम्पर्क कर दिनांक 9 जनवरी तक करा सकते है । उक्त जानकारी भाटापारा नोडल शरद पंसारी ने दी है अधिक जानकारी के 7489780844 पर संपर्क कर सकते है ।

सहायक उपनिरीक्षक विजय केसरिया सुरेंद्र सिंह एवं जगदेव साहू उप निरीक्षक के पद पर हुए पदोन्नत

भाटापारा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा बुधवार को सहायक उप निरीक्षक से उप निरीक्षक के पद* पर पदोन्नत हुए विजय केसरिया, सुरेंद्र सिंह एवं जगदेव साहू के कंधे पर दो-स्टार लगाकर उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति की बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया*। वर्तमान में उप निरीक्षक विजय केसरिया थाना सिटी कोतवाली, सुरेंद्र सिंह थाना लवन एवं जगदेव साहू थाना हथबंद में पदस्थ होकर अपनी सेवाएं दे रहे है। इस दौरान पदोन्नति कार्यक्रम में अभिषेक सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, बड़े बाबू शैलेंद्र प्रजापति, स्टेनो मनीष चौबे, स्थापना शाखा प्रभारी अश्वनी विशाल सहित पुलिस कार्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

दुष्कर्म के आरोपी एवं सहयोगी को 20-20 वर्ष का कठोर कारावास

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्रामीण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम राजाढार निवासी अभियुक्त दुष्यंत टंडन को अव्यस्क पीड़ित का व्यपहरण कर ले जाने व उसकी इच्छा के विरुद्ध तथा सम्मति के बिना उसके साथ बार - बार बलात्संग करने के आरोप में तथा उसे सहयोग देने वाले साथी ग्राम बोईरडीह निवासी कुलदीप मनहरे को अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा सतीश कुमार जायसवाल ने 20 - 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं आर्थिक दण्ड से दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक भाटापारा संजय बाजपेयी ने इस प्रकरण के बारे मे बताया कि पीड़ित के पिता ने दिनांक 11.08.2024 को थाना भाटापारा ग्रामीण मे इस आशय का रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग लड़की दिनांक 10.08.2024 को सुबह 8.00 बजे घर से स्कूल जा रही हूँ कहकर निकली थी, जो अभी तक वापस घर नहीं लौटी है, जिसका आसपास व रिश्तेदारों में पता किया।

नवापारा में चोरी और नकाबपोशों का खौफ घरों से जेवरात ले उड़े चोर

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नवापारा और आसपास के अंचल में इन दिनों चोरों और संदिग्ध तत्वों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। लगातार सामने आ रही चोरी की घटनाओं और आधी रात नकाबपोश युवकों की संदिग्ध गतिविधियों ने आम लोगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ओर घरों और खेतों में चोरी की वारदातें बढ़ रही हैं, तो दूसरी ओर वायरल सीसीटीवी फुटेज ने नगर में दहशत का माहौल बना दिया है।

शीतलापारा में चोरी, बाहर से बंद कर दिए कमरे

नवापारा के वार्ड क्रमांक 20 शीतलापारा इलाके में अज्ञात चोरों ने बेहद शातिराना तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने रात के समय घर के कमरों की चिटकिनी बाहर से बंद कर दी और आराम से अंदर घुसकर सोना-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए।

पीड़ित अविनाश, जो टाटा मैजिक वाहन चालक है उसने अपनी शिकायत में बताया कि 30 दिसंबर 2025 की रात उसकी मां

रोहिणी साहू, बहन वंदना साहू और पड़ोस की महिलाएं आग तापने के बाद घर के अंदर सो गई थीं। सुबह करीब 5.30 बजे उठने पर पता चला कि उसके कमरे और माता-पिता के कमरे की चिटकिनी बाहर से बंद थी। बहन के खिड़की से बाहर निकलने के बाद जब खाली कमरे की जांच की गई, तो आलमारी में रखे पर्स से जेवरात गायब मिले।

चोरी गए सामान में सोने का गुलबंद, कान के इयरिंग, मंगलसूत्र का लॉकेट, झुमके, चांदी का करधन और 9 जोड़ी चांदी की बिछिया शामिल हैं। चोर पर्स खाली कर पलंग पर छोड़ गए। पीड़ित ने यह भी बताया कि आसपास के घरों की चिटकिनीयां भी बाहर से बंद की गई थीं।

पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित के अनुसार 31 दिसंबर 2025 की शाम तक खेत में सब सामान सुरक्षित था, लेकिन 1 जनवरी 2026 की सुबह खेत पहुंचने पर पंप और केबल गायब मिले। चोरी गए सामान की कीमत करीब 18 हजार रुपये बताई गई है। काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने पर 4 जनवरी को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

आधी रात नकाबपोशों की दहशत, सीसीटीवी से हड़कंप : बता दें कि कुछ दिनों पहले नवापारा नगर में आधी रात नकाबपोश युवकों की मौजूदगी ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। सदर रोड स्थित चांदनी चौक इलाके के सीसीटीवी कैमरे में 6-7 चेहरा ढंके युवक देर रात संदिग्ध हालत

पंप चोरी, किसान परेशान

इसी तरह नवापारा क्षेत्र के ग्राम भुरका खार में भी चोरी की एक और वारदात सामने आई है। ग्राम भुरका निवासी मयंक जो रायपुर में सिविल कांट्रेक्टर का काम करता है, उसके खेत से अज्ञात चोर 5 एचपी का सबमर्सिबल पंप और करीब 150 फीट केबल वायर चोरी कर ले गए।

नवनिर्मित श्री राम जानकी मंदिर में मुख्यमंत्री साय ने पूजा-अर्चना कर धर्मध्वज की स्थापना की

■ 51 कुंडीय श्रीराम चरित मानस महायज्ञ का भव्य आयोजन 6 से 12 जनवरी तक

गरियाबंद / नवप्रदेश। चतुर्भुज सिरकट्टी पावन धाम स्थित नवनिर्मित भव्य श्री राम जानकी मंदिर में 51 कुंडीय श्रीराम चरित मानस महायज्ञ का भव्य आयोजन 6 से 12 जनवरी तक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने श्री राम जानकी मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर प्रदेश के लिए सुख-समृद्धि कि कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने धार्मिक अनुष्ठान में आमंत्रित संत श्री 108 रामगोपाल दास जी महाराज (देवरघटा, शिवरीनारायण), पूज्य संत श्री 108 महंत सरजू शरण महाराज (राघवेन्द्र आश्रम, अयोध्या), पूज्य संत रामनारायण शरण महाराज (अयोध्या) तथा पूज्य संत उदयनाथ बाबा महाराज (कांडशर आश्रम, देवभोग), उपमुख्यमंत्री अरुण साव, मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, राजिम विधायक रोहित साहू, विधायक श्री दीपेश साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप की गरिमामय उपस्थिति में बटन दबाकर धर्मध्वज कि स्थापना की। यह मंदिर हजारों श्रद्धालुओं के दान दाताओं के फल स्वरूप 10 सालों में निर्मित हुई है जो कि अयोध्या के राम मंदिर के तर्ज पर बनाया गया है जिसमें लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत से राजस्थान के जयपुर के शिल्पकारों ने तैयार किया है। जो कि लगभग 22 हजार परिवारों के आर्थिक सहयोग से बना है। यह मंदिर छड़, सीमेंट, रेत जैसे अवयवों के उपयोग के बिना बनाया गया है जिसकी आयु 1000 वर्ष मानी जा रही है। इस अवसर पर उपस्थित सभी संत-महात्माओं, गणमान्य नागरिकों का मुख्यमंत्री ने स्वयं पुष्पहार से अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने उद्बोधन में आश्रम के संस्थापक ब्रह्मलीन संत श्री भुवनेश्वर शरण को नमन करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि चतुर्भुज सिरकट्टी धाम में मंगल कलश एवं धर्म ध्वजा की स्थापना का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने आश्रम निर्माण में सहयोग देने वाले आसपास के ग्रामों के 22 हजार परिवारों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा देश ऋषि-मुनियों, गीता, गौ माता और गंगा माता की भूमि है। उन्होंने अपने जीवन प्रसंग साझा करते हुए बताया कि घर में सबसे बड़े पुत्र होने के कारण पारिवारिक जिम्मेदारियों के चलते मात्र 10 वर्ष की आयु में गुरु श्री धनपति पंडा से गुरुदीक्षा प्राप्त कर अपने जीवन को सार्थक दिशा दी। उन्होंने कहा कि जीवन में माता-पिता सबसे बड़े भगवान होते हैं, उनका सम्मान करना चाहिए तथा बच्चों को भी अच्छे संस्कार देना चाहिए। राजिम कुंभ कल्प के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में यह आयोजन छोटे स्वरूप में किया जाता था, जिसे वर्तमान शासनकाल में भव्य रूप प्रदान किया गया है।

स्वास्थ्य मंत्री ने जायसवाल ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

भाटापारा/नवप्रदेश। स्वास्थ्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल बुधवार को जिले के एक दिवसीय प्रवास पर थे ।इस दौरान उन्होंने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया ।उन्होंने जिला अस्पताल स्थित इंटिग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब (ढ्ढक्कारु) को भारत सरकार के नेशनल क्वॉलिटी एश्योरेंस कार्यक्रम (हृक्रस्) के अंतर्गत क्वॉलिटी सर्टिफिकेट मिलने पर बधाई दी। श्री जायसवाल ने जिला अस्पताल स्थित डायलिसिस सेंटर ,मातृ शिशु अस्पताल ,फिजियोथेरेपी सेंटर का निरीक्षण किया।साथ ही मरीजों से मुलाकात कर उनका हाल -चाल जाना।उन्होंने संस्थागत प्रसव में हुई बढ़ोतरी के लिए जिले में हो रहे काम की सराहना की और 50 बिस्तर मातृशिशु अस्पताल में बेड्स की संख्या बढ़ाने की बात कही। स्वास्थ्य मंत्री ने मुरुम तालाब के पास एक इंटीग्रेटेड यूनिट के निर्माण की बात भी कही जिसमे योग,नेचुरोपैथी और आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से इलाज की व्यवस्था ,सियान क्लिनिक इत्यादि की सुविधा होगी। स्वास्थ्य विभाग में अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में यहाँ प्रतिमाह 450 से अधिक प्रसव हो रहे हैं ।जिनमें से 200 सिजेरियन प्रसव हैं। इसके अलावा यहाँ प्रतिमाह 300 डायलेसिस हो रहे हैं।

नपं कूंरा में सीएमओ , इंजीनियर द्वारा बड़ी कार्यवाही, पंप को निकाल कर किया जप्त

धरसीवां/नवप्रदेश। नगरपंचायत कूंरा के वार्ड क्रमांक 9 निवासी डॉ रूपचंद साहू के द्वारा अपने निवास के लिए दो मंजिला मकान तो बना लिया था पर अपने पेय जल व्यवस्था हेतु उन्होंने शासकीय जगह मुख्य मार्ग के किनारे ही उन्होंने अवैध रूप से बोर खनन का कार्य कर उनमें का पानी उपयोग कई सालों कर रहे थे । जिनका विरोध ग्रामीण जन करते रहे की आने जाने की मुख्य मार्ग पर ही बोर खनन कर दिए गए है जिससे लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । जिसका शिकायत पंचायत एवं वार्ड पार्षद तक पहुंचा और इस मामले को लेकर पंचायत द्वारा उक्त व्यक्ति को 2 से 3 नोटिस पंचायत ने उसे हटाने का जारी किया गया था पर उन्होंने नहीं हटाया तो मंगलवार 6 जनवरी को पंचायत परिषद

की मीटिंग में उक्त मामले को लेकर वार्ड पार्षद सहित समस्त जनप्रतिनिधियों ने गहमा गहमी इस प्रकार किया कि पंचायत के सीएमओ एवं इंजीनियर को मौके में खड़ा होकर जनप्रतिनिधियों के समक्ष ही उनमें लगे पंप को निकालकर जब्ती बनाया गया है । इस दौरान अध्यक्ष गोविंद साहू , उपाध्यक्ष राजा भैया , वार्ड पार्षद रेखराज देवांगन , संतोष साहू सहित समस्त पार्षदगण उपस्थित रहे ।

15 वित्त का पंचायतों का फंड सालभर से अप्राप्तः उधो वर्मा

पंचायतों के फंड में भी डाका

धरसीवां/नवप्रदेश। पंचायती राज का खुला माखौल उड़ाने का काम कर रही है भाजपा सरकार गांधी जी का सपना को चकनाचूर करने का काम कर रही है गांधी का सपना था गांव की संपूर्ण विकाश के लिए पंचायतों को सशक्त बनाई जाए कांग्रेस शासन में अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से पंचायती राज 1994 से लगातार जारी है कांग्रेस का मानना था कि गांव सशक्त होगे तो ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार होगा गांव में अपनी खुद की आवश्यकता के आधार पर आवश्यक कार्य कराने का अधिकार दिया साथ ही उसके लिए प्रयाप्त फंड भी दिया जाता रहा जिसमें अपनी आवश्यकता अनुरूप कार्य कराकर पंचायत की मूलभूत समस्या का समाधान खुद कर लेते थे लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि सरकार जो पंचायतों का अधिकार के राशि जैसे 15 वे वित्त की राशि सीधी ग्राम पंचायत,जनपद पंचायत,जिला पंचायत को सीधा खाते में डाला जाता है लेकिन गांव गरीब की विरोधी सरकार सभी पंचायतों का 15 वे वित्त का पैसा एक वर्ष से नहीं दिया है सरकार मनमानी करके पंचायतों के अधिकार में डाला डालने का कार्य कर रहे है पंचायत का मूलभूत कार्य बिजली,पानी,स्वच्छता, नाली और भी छोटे कार्य जो नियमित आवश्यकता के अनुरूप कार्य करते थे सभी ढप पड़े है,वहीं जिसका भारी जोर शोर से आवास का शपथ पत्र भरकर आम लोगों को गुमराह कर आवास दिलाने का डिंडोरा पीट कर सरकार बनाए वहीं गरीबों को छलने का कार्य भाजपा की सरकार कर रही है विगत 2 वर्षों से आवास बनना चालू हुआ है 2 किस्त देने के बाद तीसरा किस्त हजारों आवास हितग्राहियों का आखिरी किस्त नहीं दिया जा रहा है,वर्क जनरेट नहीं होने का बहाना बनाकर अंतिम किस्त नहीं दिया जा रहा है। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने मांग की है कि पंचायतों को संवैधानिक अधिकार पंचायती राज में मिला है। किसी की सरकार रहे सीधे पैसे 15 वे वित्त का पैसा पंचायत के खाते में आता है उस राशि को तत्काल जारी करे साथ ही गरीबों का आवास का अंतिम किस्त तत्काल जारी करे अन्यथा सरपंचों एवं गरीब आवास हितग्राहियों के न्याय दिलाने सड़क की लड़ाई लड़ा जाएगा।

पट्टाचार्य आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज को राज्य अतिथि का दर्जा

जैन समाज ने जताया हर्ष

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। आज प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के राजिम आगमन के दौरान जैन समाज के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का अवसर सामने आया। इस दौरान यह जानकारी प्राप्त हुई कि हमारे पट्टाचार्य आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य अतिथि का दर्जा प्रदान किया गया है। इस महत्वपूर्ण निर्णय की खुशी में नवापारा राजिम के समस्त जैन समाज ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनका आत्मीय स्वागत किया।

इस अवसर पर जैन समाज द्वारा आगामी 19 जनवरी से 25 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले श्री मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक शांतिनाथ जिन बिम्ब प्रतिष्ठा महोत्सव के छह दिवसीय भव्य कार्यक्रम की जानकारी भी दी गई। समाज की ओर से इस ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन में शामिल होने हेतु मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं मंत्रिमंडल के सदस्यों को आमंत्रण देने के उद्देश्य से राजिम विधायक रोहित साहू के निवास पर मुख्यमंत्री का पुष्पहार से भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जैन समाज के प्रतिनिधियों द्वारा मुख्यमंत्री को अभिनंदन पत्र, सामाजिक दुपट्टा, माला, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही आगामी पंचकल्याणक महोत्सव की विशेष पत्रिका का विधिवत विमोचन भी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के करकमलों से संपन्न हुआ। पत्रिका विमोचन के पश्चात समाजजनों ने मुख्यमंत्री से नवापारा राजिम पधारकर पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने का आग्रह किया। इस अवसर पर समाज के संरक्षक रमेश पहाड़िया, अध्यक्ष अखिलेश जैन, अलोक पहाड़िया, प्रभात जैन, सौरभ जैन, अंकुर पहाड़िया, रवि जैन, अशोक गंगवाल, मनोज जैन, किशोर सिंघई, डॉ. राजेंद्र गदिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। साथ ही महिला मंडल एवं बालिका मंडल की बहनों ने भी पट्टाचार्य आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज को राज्य अतिथि का दर्जा दिए जाने पर मुख्यमंत्री के प्रति हर्ष व्यक्त करते हुए आभार प्रकट किया।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202512101000174 /ब-121/वर्ष 2025-26

एदत् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका शालिनी सिंह पति अंकित सिंह निवासी प्रगति नगर, कुरूद भिलाई तह. व जिला दुर्ग, द्वारा अपने स्वयं की जन्म दिनांक 16.07.1999 को कुरूद भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) में होने के करण जन्म प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस संबंध में आवेदक द्वारा अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आवेदन पत्र, पार्षद द्वारा प्रस्तुत प्रमाण पत्र, अंकसूची, आधार कार्ड की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को इस संबंध में आपत्ति एवं दावा उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 12.01.2026 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.12.2025 को मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद्रमुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202601103000009 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 1. परमानंद पिता धरम राज उम्र 55 वर्ष वगैरह विरूद्ध देवलाल पिता शिवराम व अन्य 03 मौजा कातरो प.ह.नं. 57 रा.नि.मं. उतई तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 1205 रकबा 0.4000 हे. भूमि धरमराज पिता शिवराम एवं अनावेदकगण के नाम पर राजस्व अभिलेख पर दर्ज है। वर्तमान में धरमराज पिता शिवराम की मृत्यु दिनांक 15.12.2025 को हो चुकी है तथा धरमराज की पत्नि रम्भा बाई पति धरमराज देवदास की मृत्यु दिनांक - 20.10.2025 को हो चुकी है और आवेदकगण मृतक धरमराज देवदास के वैधानिक वारिसान है। ग्राम कातरो स्थित भूमि खसरा नंबर 1205 रकबा 0.4000 हे0 भूमि से मृतक धरमराज का नाम विलोपित कर अनावेदक देवलाल, कांतिलाल, दिलीप एवं शांति बाई के साथ-साथ संयुक्त रूप से आवेदकगण का नाम समस्त राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था, को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक. 27.01.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.01.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202512104700034 /अ-06अ/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जितेन्द्र कुमार नाहर पिता- श्री एन.सी. नाहर निवासी मालवीय नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा स्थित भूमि मौजा- चिखली प.ह.नं. 14 रा.नि.म. जेवरा सिरसा, तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर से खरीदी गई थी, किन्तु वर्तमान बी-01, विवरण में यह भूमि जितेन्द्र कुमार नाहर (व्यक्तिगत 381 रकबा 1.33 हे भूमि जितेन्द्र नाहर (एच.यू.एफ) के नाम नाम) से प्रदर्शित हो रहा है, जो कि एक गंभीर त्रुटि है। उक्त संबंध में त्रुटि सुधार कर उक्त भूमि में भूमिस्वामी जितेन्द्र नाहर (एच.यू.एफ) क्का नाम जो कि सही व सत्य है दर्ज किये जाने के संबंध में न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.01.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.12.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग

-: सूचना-पत्रः-

1. आवेदक श्रीमती सुधा मिश्रा पति अजय मिश्रा निवासी म.न. 322 स्ट्रीट नं. 25 चंद्र नगर वार्ड नं. 11 शांतिनगर सुपेला भिलाई, 3. उषा वर्लि मूर्ति, 5 पुष्पा देवांगन, 7. लेविन नांग।

विषय : सीमांकन/स्थल जांच के संबंध में सूचना बाबत्।

ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 रा.नि.मं कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1607/66 रकबा 1744 वर्गफीट हे. का सीमांकन/स्थल जांच हेतु न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर/अधीक्षक भू-अभिलेख/सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर/अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक दिनांक 07.11.2025 के परिपालन में दिनांक 07.01.2026 को समय 11 से बजे के बीच में सीमांकन/स्थल जांच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे, बाद की आपत्ति स्वीकार नही होगी ।

मुहर — राजस्व निरीक्षक कोहका

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अण्डा सर्कल जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202512101200030 /अ-27/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र.क्र 202512101200030/अ-27/ वर्ष 2025-26 आवेदिका प्रमिला चन्द्रकार पति एच.एल. चन्द्रकार व अन्य-01 निवासी ग्राम कोण्डागांव, तहसील व जिला दुग (छ.ग.) के द्वारा मौजा ग्राम रिसामा प.ह.नं. 33 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नं. 223/1 क्रमशः रकबा 2.61 रकबा हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदिकागण व अनावेदगण के नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि का आवेदिकागण एवं अनावेदक के मध्य बराबर भागो में खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 14.01.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.12.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 202526111212482

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी बानी चरण बिस्वाल पिता/पति गनपत बिस्वाल पता सेक्टर-4 भिलाई जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 85/25 (0.0022), 85/13(0.0022) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता राजेन्द्र कुमार बिस्वाल पिता/पति गनपत बिस्वाल पता सेक्टर-4 भिलाई जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15.01.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02.01.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै शपथकर्ता मैनू खॉं (MAINU KHAN) पिता इसहाक खॉं (ISHAK KHAN) उम्र 61 वर्ष, निवासी-मकान नंबर-289, वार्ड नंबर-41, मस्जिद के पीछे, केलाबाड़ी दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूं जो निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूं कि :- यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि, मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम मैनुद्दीन खान (MAIN-UDDIN KHAN) पिता निसाक (NISAK) दर्ज है। यह कि मेरे बैंक पासबुक एवं भूमि के दस्तावेज में मेरा सही नाम मैनू खॉं (MAINU KHAN) पिता इसहाक खॉं (ISHAK KHAN) दर्ज है। यह कि मेरा नाम मैनू खॉं (MAINU KHAN) एवं मैनुद्दीन खान (MAINUDDIN KHAN) दोनो नाम एक ही व्यक्ति का नाम है जो मेरा ही नाम है तथा निसाक (NISAK) एवं इसहाक खॉं (ISHAK KHAN) दोनो नाम एक ही व्यक्ति का नाम है, जो मेरे पिता का ही नाम है। यह कि मैं अपने आधार कार्ड में अपना नाम मैनुद्दीन खान (MAINUDDIN KHAN) को परिवर्तित कर अपना सही नाम मैनू खॉं (MAINU KHAN) को दर्ज करवाना चाहता हूं तथा पिता का नाम निसाक (NISAK) को परिवर्तित कर पिता का सही नाम इसहाक खॉं (ISHAK KHAN) को दर्ज करवाना चाहता हूं जिसके सत्यता के समर्थन में यह शपथ पत्र गजड प्रकाशन के लिये श्रीमान सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता — मैनू खॉं पिता इसहाक खॉं, निवासी-मकान नंबर-289, वार्ड नंबर-41, मस्जिद के पीछे, केलाबाड़ी दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202511100700071 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक/वसीयत प्राप्तकर्ता जितेन्द्र कुमार नाहर पिता नेमीचंद नाहर निवासी मालवीय नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम सिकोला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 203/67 रकबा 0.177 है. भूमि जो कि वसीयतकर्ता नेमीचंद नाहर पिता चुन्नीलाल नाहर निवासी मालवीय नगर दुर्ग के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/वसीयतकर्ता नेमीचंद नाहर पिता चुन्नीलाल नाहर के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 08.11.2024 को पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु दिनांक 21.08.2025 को हो जाने पर पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.12.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.11.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित करता हूँ कि मै पुष्पा बर्मन पति श्री सतीश कुमार, उम्र 40 वर्ष, निवासी जामुल तह. व जिला दुर्ग छ.ग. की रहने वाली हूँ, कि मेरे पुत्र रेयान्श आचारी का जन्म जिला चिकित्सालय दुर्ग मे दिनांक 03/01/2017 को हुआ है, जिसका पंजीयन क. बी-2017:22-90171-000261 पंजीयन दिनांक 17/01/2017 है मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र मे मेरा नाम पुष्पा आचारी एवं पिता एस. सतीश आचारी दर्ज है, जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम पुष्पा बर्मन एवं पिता का सही व वास्तविक नाम सतीश कुमार है। मैं अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र मे अपना पूर्ण व सही नाम पुष्पा बर्मन एवं पिता का पूर्ण व सही नाम सतीश कुमार दर्ज करवाना चाहती हूँ। तदानुसार सूचना जाने।

शपथकर्ती — पुष्पा बर्मन, पति श्री सतीश कुमार, निवासी जामुल तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

बंगलादेश में होने वाले चुनावों की निगरानी के लिए पर्यवेक्षक नहीं भेजेगा संयुक्त राष्ट्र

न्यूयॉर्क/ढाका (वार्ता)। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि वह बंगलादेश में फ़रवरी में होने वाले संसदीय चुनावों की निगरानी के लिए पर्यवेक्षकों को वहां नहीं भेजेगा।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफ़न दुजारिक ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र की दैनिक प्रेस ब्रीफिंग में सवालों का जवाब देते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र को कहीं भी चुनाव पर्यवेक्षक भेजने की आवश्यकता नहीं है, जब तक कि उसे संयुक्त राष्ट्र महासभा या संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से अधिकृत न किया जाए।

संयुक्त राष्ट्र ने आखिरी बार 2001 में बंगलादेश के चुनावों का निरीक्षण करने के लिए पर्यवेक्षकों को भेजा था। यह पूछे जाने पर कि क्या संयुक्त राष्ट्र 12 फ़रवरी को होने वाले राष्ट्रीय संसदीय चुनावों का निरीक्षण करने के लिए ढाका में पर्यवेक्षकों को भेजेगा, श्री दुजारिक ने पुष्टि की कि वह ऐसा नहीं करेगा। उन्होने कहा नहीं। हम ऐसा नहीं करते। संयुक्त राष्ट्र खुद पर्यवेक्षकों को तब तक नहीं भेजता जब तक कि महासभा या सुरक्षा परिषद से कोई जनादेश न हो। इसलिए अब हम ऐसा नहीं करते हैं।उन्होंने हालांकि कहा कि संयुक्त राष्ट्र जुड़ाव के अन्य रूपों पर विचार कर सकता है। उन्होंने कहा, मैं आपके लिए यह जांच कर सकता हूं कि क्या संयुक्त राष्ट्र को संबंधित देश कोई तकनीकी सहायता दे रहा है, जो हम अक्सर चुनावों के मामले में करते हैं।

ममता बनर्जी का सनसनीखेज आरोप

एसआईआर में ईसी भाजपा आईटीसेल के एप का कर रही उपयोग

कोलकाता। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग राज्य में एसआइआर प्रक्रिया को संचालित करने के लिए भाजपा के आइटी सेल द्वारा विकसित मोबाइल एप का उपयोग कर रहा है। दक्षिण 24 परगना जिले के सागरद्वीप में आगामी गंगासागर मेले की तैयारियों का जायजा लेने के लिए अपने दो दिवसीय दौरे के समापन से पहले उन्होंने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि निर्वाचन आयोग मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान हर तरह के गलत हथकंडे अपना रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोग योग्य मतदाताओं को मृत घोषित कर रहा है और बुजुर्गों, बीमारों तथा अस्वस्थ लोगों को सुनवाई में शामिल होने के लिए मजबूर कर रहा है। इसके लिए वह भाजपा के आइटी प्रकोष्ठ द्वारा विकसित मोबाइल एप का इस्तेमाल कर रहा है। यह गैरकानूनी, असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक है। यह अब और नहीं चल सकता। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने यह आरोप उस दिन लगाया, जब उनकी पार्टी के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ ब्रायन ने निर्वाचन आयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाया है कि बंगाल में एसआइआर के लिए मनमानी और अनियमित कार्रवाइयों का सहारा लिया है।

दिल्ली पत्थरबाजों के खिलाफ कार्रवाई, पांच गिरफ्तार

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के तुर्कमान गेट इलाके में फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण हटाने के अभियान ने हिंसक रूप ले लिया। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत देर रात यह कार्रवाई शुरू की थी। हालांकि, स्थानीय लोगों ने इस अभियान का विरोध किया, जिसके बाद स्थिति बेकाबू हो गई। विरोध कर रहे लोगों की भीड़ ने पुलिस और एमसीडी की टीम पर पथराव कर दिया। इस हिंसक घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल पैदा हो गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए स्थिति को नियंत्रित कर लिया। पथराव की इस घटना में पांच पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने एफ़आईआर दर्ज कर ली है और उपद्रवियों की पहचान का काम तेजी से जारी है। प्रारंभिक जांच और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कई उपद्रवियों को हिरासत में भी लिया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जो भी लोग इस घटना में शामिल पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर की जा रही थी, लेकिन कुछ लोगों ने इसे हिंसक रूप देकर कानून व्यवस्था को चुनौती दी।



पांच आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जॉइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस (सेंट्रल रेंज), मधुर वर्मा ने कहा, 'पत्थर फेंकने वालों को दो-तीन मिनट में भगा दिया गया, पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।' सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट डीसीपी नितिन वलसन ने कहा, 'रात में एमसीडी के कर्मचारी जेसीबी लेकर आए थे। हमने लोगों को बताया कि यह कोर्ट का आदेश है और वे इसके खिलाफअपील कर सकते हैं। उन्होंने अपील की, लेकिन उन्हें स्टे ऑर्डर मिला। 25-30 लोगों ने पुलिस पर पत्थरबाजी की। जवाबी कार्रवाई में, हमने उन्हें पीछे हटाने के लिए बल का इस्तेमाल किया। इस पत्थरबाज़ी में पांच पुलिस अधिकारी घायल हो गए। उन्हें मामूली चोटें आई हैं। हमने संबंधित धाराओं के तहत एफ़आईआर दर्ज कर ली है। तोड़फोड़ का काम एमसीडी कर रही है। जितना काम होना था, उतना हो गया है, और काम अभी भी जारी है। हमने कल ड्रोन कैमरे भी लगाए थे, हम सभी कैमरों की जांच कर रहे हैं।'

पुलिस ने 10 लोगों को हिरासत में लिया

दिल्ली पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ एफ़आईआर दर्ज की है। लगभग 10 लोगों को हिरासत में लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पत्थर फेंकने वालों की पहचान की जा रही है। एफ़आईआर फिलहाल अज्ञात लोगों के खिलाफ है, हालांकि पुलिस ने चार से पांच संदिग्धों की पहचान कर ली है।

सोमनाथ से सबसे अधिक नफरत पंडित नेहरू को थी : भाजपा

❒ इतिहास के दस्तावेज साझा कर भाजपा ने किया दावा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रुख की कड़ी आलोचना की है। त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि महमूद गजनवी और अलाउद्दीन खिलजी जैसे ऐतिहासिक आक्रांताओं ने तो मंदिर को केवल भौतिक रूप से लूटा था, लेकिन नेहरू के मन में भगवान सोमनाथ के प्रति सबसे ज्यादा घृणा थी।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा करते हुए त्रिवेदी ने नेहरू द्वारा कथित तौर पर पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री लियाकत अली खान को लिखे गए एक पत्र को साझा किया। त्रिवेदी ने दावा किया कि, इस पत्र में नेहरू ने खान को 'प्रिय नवाबजादा' कहकर संबोधित किया और सोमनाथ के दरवाजों की कथा को पूरी तरह झूठा बताया। त्रिवेदी ने दावा किया कि नेहरू ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का पूर्णतः विरोध किया था।

नेहरू ने भारत की विरासत की रक्षा करने के बजाय मंदिर के पुनर्निर्माण को कम महत्व देने की कोशिश की

भाजपा नेता का तर्क है कि यह पत्र एक प्रकार का आत्मसमर्पण था, जिससे यह संकेत मिलता है कि नेहरू ने भारत की सभ्यतागत विरासत की रक्षा करने के बजाय मंदिर के पुनर्निर्माण को कम महत्व देने की कोशिश की। उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान के दुष्प्रचार का सामना करने के स्थान पर नेहरू ने पड़ोसी देश को खुश करने के लिए हिंदू ऐतिहासिक प्रतीकों को कमतर आंका।

सुप्रीम कोर्ट की दो टूक- कानून को चुनौती देने आ जाते हैं अमीर, आम लोगों जैसे ट्रायल झेलो

नई दिल्ली(ए.)। मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अमीर कानून को चुनौती देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से मजबूत लोग केस दर्ज होने के बाद उस कानून को चुनौती देने के लिए अदालत का रुख करते हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत ने इस बढ़ते 'ट्रेंड' पर चिंता भी जाहिर की है।

शीर्ष न्यायालय में सीजेआई कांत और जस्टिस जॉयमाला की बेंच सुनवाई कर रही थी। दिल्ली के वकील गौतम खैतान की तरफ से याचिका दाखिल की गई थी, जिनके खिलाफ अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर डील मामले में केस दर्ज हुआ है। उनकी तरफ से सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ लूथरा कोर्ट पहुंचे थे। खैतान ने PMLA यानी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के कुछ प्रावधानों की वैधता को चुनौती दी है। इसपर सीजेआई ने कहा, 'यह बहुत ही दुर्लभ ट्रेंड चल रहा है कि जब ट्रायल चल रहा हो तब... अमीर और प्रभावशाली कानून को चुनौती देने के लिए कोर्ट आते हैं। किसी भी अन्य नागरिक की तरह ट्रायल का सामना कीजिए।' कोर्ट ने याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

इंदौर में दूषित पानी से महामारी जैसा संकट

3200 से अधिक मरीज प्रभावित, राष्ट्रीय संस्थानों की टीमें जांच में जुटीं

इंदौर। मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पेयजल के कारण उल्टी-दस्त की महामारी जैसी स्थिति बन गई है। यह राज्य में पहली बार है जब किसी सीमित क्षेत्र में इतनी कम अवधि में इतनी बड़ी संख्या में लोग एक ही बीमारी से प्रभावित हुए हैं। अब तक 3200 से अधिक मरीज सामने आ चुके हैं, जिनमें बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हैं। कई परिवारों में सभी सदस्य बीमार पड़ गए हैं, जिससे पूरा इलाका स्वास्थ्य संकट की चपेट में है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, पेयजल पाइपलाइन में लीकेज के कारण सीवेज का गंदा पानी मिल गया, जिससे फीकल कोलिफॉर्म बैक्टीरिया जैसे खतरनाक तत्व पानी में पहुंचे। इससे डायरिया और उल्टी का प्रकोप तेजी से फैला। हालांकि मौतों के आंकड़ों में विवाद है– सरकारी तौर पर 6-7 मौतों की पुष्टि की गई है, जबकि स्थानीय लोग और कुछ रिपोर्ट्स 15-17 मौतों का दावा कर रही हैं।

45 अरब डॉलर के आईपीओ शेयरों का लॉक होगा खत्म

मुंबई। शेयर बाजार में हाल के आईपीओ से जुड़ा एक अहम चरण अब सामने आने वाला है। नुवामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी से अप्रैल 2026 के बीच करीब 45 अरब डॉलर मूल्य के आईपीओ शेयरों का लॉक-इन पीरियड समाप्त होने जा रहा है। यह वह अवधि होती है, जिसमें लिस्टिंग से पहले के शेयरधारकों को अपने शेयर बेचने की अनुमति नहीं होती। रिपोर्ट के अनुसार, 6 जनवरी 2026 से 30 अप्रैल 2026 के बीच कुल 96 कंपनियों में प्री-लिस्टिंग शेयरधारकों का लॉक-इन खत्म होगा। इस दौरान जिन शेयरों पर लॉक-इन खुलेगा, उनकी कुल वैल्यू करीब 45 अरब डॉलर आंकी गई है। हालांकि, नुवामा ने यह भी स्पष्ट किया है कि लॉक-इन खत्म होने का मतलब यह नहीं है कि ये सभी शेयर तुरंत बाजार में बिकने आ जाएंगे।

आईसीसी का सख्त रुख, भारत में ही खेलने होंगे बांग्लादेश के मैच

नई दिल्ली। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) की उस मांग को पूरी तरह से खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने अपने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के मैच भारत से श्रीलंका शिफ्ट करने की गुहार लगाई थी. श्वस्क्क क्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक, आईसीसी ने बीसीबी को साफ शब्दों में बता दिया है कि सुरक्षा के नाम पर मैच शिफ्ट नहीं किए जाएंगे.

रायपुर विकास प्राधिकरण, रायपुर
द्वितीय तल, भक्त माताकर्मा व्यवसायिक परिसर
न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन- 0771-2536188, फैक्स- 2534688

उद्घोषणा

क्रमांक 11496/आर. सी./ रा.वि.प्रा./2025
रायपुर, दिनांक 20.11.2025

प्राधिकरण की कटोरातालाब सेक्टर 07 योजनांतर्गत **भूखंड क्रमांक सी 1 - 114/7 क्षेत्रफल 2000 वर्गफूट श्री शूभेन्द्र सिंग चौहान पिता स्व. दिलावर सिंग चौहान** को 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती द्वारा उक्त भूखंड को फ्री होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त **भूखंड** को फ्री होल्ड किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा हो इस उदघोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर प्राधिकरण में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति / दावा प्राप्त नही होने पर शासन के नियमानुसार फ्री होल्ड की कार्यवाही संपादित की जावेगी। निर्धारित तिथि के बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नही होगा।

जारी दिनांक ....

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण,
रायपुर (छ.ग.)

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय
धमधा जिला दुर्ग छ. ग.
।। शपथ पत्र ।।

मै सचिन साहू पिता करण सिंह उम्र 27 वर्ष, जाति तेली, निवासी धमधा तह. धमधा, जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूँ जो निम्नलिखे अनुसार कथन शपथपूर्वक करता हूं कि -

1/ यह कि, शपथकर्ता का पता / निवास उपर लिखे अनुसार है।

2/ यह कि, शपथकर्ता के पुत्री का सही नाम आरवी साहू / AARVI SAHU है, जिसका सही जन्म दिनांक 06/10/2022 हैं, जिसकी माता का सही नाम निशा / NISHA व पिता का सही नाम सचिन साहू / SACHIN SAHU है, जो पुर्णतः सत्य व सही है, परन्तु शपथकर्ता के पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र मे त्रुटि से उसके माता का नाम निशा साहू / NISHA SAHU दर्ज हो चुका है, जिसे सुधारकर शपथकर्ता के पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र मे उसके माता का सही नाम निशा / NISHA दर्ज करने की आवश्यकता है।

3/ यह कि, शपथकर्ता के पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र ऑनलाईन बन चुका हैं, जिसमे त्रुटि सुधारकर नया ऑनलाईन जन्म प्रमाण पत्र बनाने की आवश्यकता है।

4/ यह कि, सक्षम अधिकारी के समक्ष यह शपथपत्र ऑनलाईन जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटि सुधार हेतु प्रस्तुत है।

सत्यापन - उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता है कि, शपथपत्र के अभिकथन कंडिका क्रमांक 1 से- 4 पूर्ण रूप से सत्य व सही है जिसे आज दिनांक 06/01/2026 को स्थान धमधा, जिला दुर्ग में पढ़, समझकर अपने हस्ताक्षर से सत्यापित किया ।

सत्यापनकर्ता

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय
धमधा जिला दुर्ग छ. ग.
।। शपथ पत्र ।।

मै निशा आ. नेतराम उम्र 27 वर्ष, जाति तेली, निवासी वार्ड 8, ग्राम धमधा तह. धमधा, जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी है, जो निम्नलिखे अनुसार कथन शपथपूर्वक करती हूं कि -

1/ यह कि, शपथकर्ता का पता / निवास उपर लिखे अनुसार है।

2/ यह कि, शपथकर्ता के माता का सही नाम लता साहू / LATA SAHOO है, जो शपथकर्ता के माता के आधारकार्ड, पेनकार्ड व अन्य सभी दस्तावेजों में दर्ज है, जो कि पूर्णतः सत्य व सही है, किंतु शपथकर्ता का नाम उसके सुपुत्री शपथकर्ता के कक्षा 10वीं के अंकसूची में त्रुटि से अंग्रेजी अक्षरों में LATA दर्ज हो चुका है, जिसे सुधारकर शपथकर्ता के माता का सही नाम लता साहू / LATA SAHOO दर्ज करने की आवश्यकता है।

3/ यह कि, अब शपथकर्ता के माता को भविष्य में लता साहू / LATA SAHOO पति नेतराम निवास ग्राम पेडरी, तह. धमधा जिला दुर्ग छ.ग. के नाम से जाना / पहचाना / लिखा/ पढ़ा जावे।

4/ यह कि, सक्षम अधिकारी के समक्ष यह शपथपत्र शपथकर्ता के उक्त अंकसूची में माता का नाम त्रुटि सुधार करने हेतु प्रस्तुत है।

सत्यापन - उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करती / करता है कि, शपथपत्र के अभिकथन कंडिका क्रमांक 1 से- 4 पूर्ण रूप से सत्य व सही है जिसे आज दिनांक 06/01/2026 को स्थान धमधा, जिला दुर्ग में पढ़, समझकर अपने हस्ताक्षर से सत्यापित किया ।

सत्यापनकर्ता

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **27214** दिनांक **07.01.2026**
वार्ड का नाम- **41 - पं. सुंदरलाल शर्मा वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **41** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR566A00276** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **VIJAY SINGH** पिता / पति श्री/श्रीमती **SUNDER SINGH THAKUR** के नाम से दर्ज है जिसको श्री /श्रीमती **VINOD KUMAR KASHYAP, THAKUR AKHIL SINGH, SATISH SINGH THAKUR** पिता /पति श्री/श्रीमती **LT. THAKUR VIJAY SINGH KASHYAP** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत दानपत्र** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "

(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **27194** दिनांक **07.01.2026**
वार्ड का नाम- **68 - डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **68** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR567C0264B** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **JAMUNA BAI YADAV, ROSHANI YADAV** पिता / पति श्री/श्रीमती **LT. RAJENDRA KUMAR YADAV** के नाम से दर्ज है जिसको श्री /श्रीमती **KAMAL YADAV** पिता /पति श्री/श्रीमती **ANAND KUMAR YADAV** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "

(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई
निविदा सूचना

क्र./ वाहन/न.नि./2026/1020/384 **भिलाई, दिनांक 05/01/2026**

आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई की ओर से निर्मात्री संस्थान / अधिकृत संधारणकर्ता/ स्थानीय संधारकर्ता से निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्र.	कार्य का नाम	निविदा लागत (रुपये में)	निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि
1	वाहन क्र. CG07/C/2569 (डम्पर) का संधारण कार्य।	2,44,400.00	27/01/2026

टीप - नियम शर्तो एवं मापदण्ड की जानकारी कार्यपालन अभियंता (वाहन) के कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.com एवं चिप्स की वेबसाईट eproc.cgstate.gov.in से देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता

कार्यालय कलेक्टर (आबकारी), जिला धमतरी (छ.ग.)

क्रमांक/आब./निविदा/2025/1482 **धमतरी, दिनांक 31/12/2025**

// भवन किराया निविदा सूचना //

धमतरी जिले में संचालित विदेशी मदिरा दुकान सुन्दरगंज को नवीन स्थल पर स्थानांतरण कर नवीन नाम विदेशी मदिरा दुकान कम्पोजिट नारी के नाम से संचालित किया जाना है, उक्त नवीन स्थल में भवन / दुकान का निविदा प्रक्रिया एवं चयन प्रकिया सम्पन्न कराने हेतु मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है। अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से रुपये 1000/- (अक्षरी - एक हजार रुपये) का चालान जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। जिला प्रबंधक, सी.एस. एम.सी.एल., जिला - धमतरी के नाम से रूपये 10,000/- (अक्षरी दस हजार रुपये) मूल्य की सुरक्षा निधि तकनीकी बिड के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

निविदा बिक्री की अंतिम तिथि - 01/01/2026 से 10/01/2026 तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 15/01/2026 समय दोपहर 02.00 बजे
निविदा खोलने की तिथि - 15/01/2026 समय दोपहर 04.00 बजे
स्थान - कक्ष क्रमांक 44 कलेक्टोरेट धमतरी
(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

जिला आबकारी अधिकारी
जिला - धमतरी (छ.ग.)
जी- 252605847/2

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालन दण्डाधिकारी रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)
//आदेश//

क्रमांक/क/10/ वाचक / तह./ ज.प्र. / 2026
रायपुर, दिनांक 06/01/2026
प्रति,
रजिस्ट्रार (जन्म/मृत्यु)
नगर पालिका निगम रायपुर
रायपुर (छ.ग.)

विषय - जन्म प्रमाण-पत्र में पुत्री का नाम सुधार किये जाने बाबत ।

विषयान्तर्गत संबंध में लेख है, कि आवेदिका **श्रीमती आभा सिंह, पति- बिपिन कुमार सिंह** निवासी टैगोर नगर तहसील व जिला रायपुर (छ0ग0) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र वास्तें शपथ पत्र, छत्तीसगढ शासन वित्त, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकीय विभाग/आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय नगर पालिका निगम रायपुर द्वारा प्राप्त जन्म प्रमाण-पत्र, माता-पिता आधार कार्ड, शपथ पत्र की छायाप्रति लगाया गया है। **पुत्री- अनाया सिंह (ANAYA SINGH), पिता- बिपिन कुमार सिंह (BIPIN KUMAR SINGH) माता- आभा सिंह (ABHA SINGH)** अंकित पुत्री का नाम सुधार किये जाने हेतु प्रस्तुत कर लेख किया गया है, कि **पुत्री -अनाया सिंह** का जन्म दिनांक 16.02.2024 को माता लक्ष्मी नर्सिंग होम रायपुर (छ0ग0) में हुआ था। आवेदक द्वारा जन्म प्रमाण पत्र **पुत्री- अनाया सिंह** के नाम से बनवाया था। वर्तमान में अनाया सिंह (ANAYA SINGH), परिवर्तित कर अन्नदा सिंह (ANNADA SINGH), कराना चाहते है जिसके संबंध में उनके द्वारा पूर्व में बने जन्म प्रमाण पत्र बनवाया गया है। अतः पूर्व में जारी प्रमाण पत्र सुधार कर किये जाने का निवेदन किया है, जिसके प्रत्येक्ष में आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत **अनाया सिंह** का नाम संशोधित करते हुए **अन्नदा सिंह** दर्ज किये जाने का आदेश पारित किया जाता हैं।

अतः आप उपरोक्त आदेश के परिपालन में संशोधित जन्म प्रमाण-पत्र जारी किया जावें।

तहसीलदार एवं कार्यपालनदंडाधिकारी
रायपुर, जिला- रायपुर(छ.ग.)

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-2, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है, कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत धनसुली रायपुर, स्थित भवन **क्रमांक एल.आई.जी.-231 श्री रमेश कुमार साहू पिता श्री नीलकंठ साहू** के नाम से स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 25.09.2009 को लीजडीड पंजीकृत कर, पूर्ण मूल्य जमा कर इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 5149 दिनांक 12.07.2011 के माध्यम से आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया। वर्तमान में आबंटी **श्री रमेश कुमार साहू पिता श्री नीलककंठ साहू** निवासी मकान नं. 05 धुवपारा के पास ग्राम सेंघ पोस्ट फ्लौद थाना मंदिर हसौद तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को **श्री विजय साहू पिता श्री अजर साहू निवासी- मकान नं. 817 गौरा चौरा गली सुरजीत सायकल स्टोर्स के पीछे लाखेनगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)** को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचन प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **27245** दिनांक **07.01.2026**
वार्ड का नाम- **42 - महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **42** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR561C00163** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **BALARAM SONI** पिता / पति श्री/श्रीमती **SUDARSHAN** के नाम से दर्ज है जिसको श्री /श्रीमती **RAMHIN BAI SONI** पिता /पति श्री/श्रीमती **LT. BALARAM SONI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "

(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) CIN – U40108CT2003SGC015820
कार्यालय कार्यपालन यंत्री, अ.उ.दा (संधा.)संभाग, छ.ग.स्टेट पॉवर ट्रांस.कं.लिमि.,भिलाई
पता:–क्वा.न. सी–7&8 बिजली नगर कॉलोनी भिलाई–3
वेबसाईट :- www.cspc.co.in ई-मेल eeehtmaint.bhilai@cspc.co.in टेलीफोन नं :- टेलीफोन/फैक्स नं.:- 0788.2281729

क्रमांक/52–3200/निविदा वाहन/885 भिलाई, दिनांक : 07/01/2026

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

'हल्के वाणिज्यक पिकअप वाहन (TATA–407) श्रेणी अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध हेतु'

सहायक यंत्री, अति उच्च दाब (संधा.)उप संभाग भिलाई के लिए 01 नग हल्के वाणिज्यक पिकअप/ TATA-407 श्रेणी के वाहन चालक सहित अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध (दो वर्ष) हेतु पंजीकृत/उपयुक्त ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

क्र	कार्यालय का नाम / स्थान वाहन का प्रकार	अवधि	निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय	कोटेशन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	कोटेशन खुलने की तिथि एवं समय
01	सहायक यंत्री अति उच्च दाब (संधा.) उपसंभाग, भिलाई (1 No. NEW Light commercial vehicle pickup / TATA 407)	दो वर्ष	दि. 28.01.2026 समय 03.00 बजे	दि. 29.01.2026 समय 03.00 बजे	दि. 29.01.2026 समय 03.30 बजे
			1.निविदा प्रपत्र की लागत रु. 2000/–(GST सहित) (वापसी योग्य नहीं) 2. अमानत राशि रु. 13000/– DD के रूप में RAO, CSPTCL, Raipur के नाम से स्वीकार किया जावेगा।		

निविदा प्रपत्र कार्यालय से क्रय किया जा सकता है।

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत, विज्ञप्ति समयावधि विस्तार संबंधित जानकारी व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://cspc.co.in से डाउनलोड की जा सकती है। 2. शुद्धिपत्र/निरस्तीकरण/समयवृद्धि की जानकारी कंपनी के ऊपर उल्लेखित वेबसाईट एवं कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

(नोट:–आवश्यकतानुसार तिथि व समय परिवर्तित की जा सकती है।)

S-46481/3

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें

कार्यपालन यंत्री
अति उच्च दाब(संधा.) संभाग छ.रा.स्टे.पॉ.ट्रान्स.कं.लिमि. भिलाई

" छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग "
धमतरी वनमंडल धमतरी
काष्ठागार नगरी का ई-ऑक्सन का संक्षिप्त विज्ञापन

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि धमतरी वनमंडल धमतरी के अन्तर्गत **नगरी काष्ठागार** में संग्रहित ईमारती काष्ठ, जलाऊ एवं बल्ली का ई-ऑक्सन द्वारा निर्वर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि वे ई-ऑक्सन में भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय/वन काष्ठागार नगरी से प्राप्त की जा सकती है।

नीलाम दिनांक - 14 जनवरी 2026
नीलाम समय - प्रातः 9.00 बजे से

प्रजाति	नया वनोपज		अविक्रित वनोपज		योग वनोपज	
	ईमारती (घ.मी.)	बल्ली डेंगरी (नग)	ईमारती (घ.मी.)	बल्ली डेंगरी (नग)	ईमारती (घ.मी.)	बल्ली डेंगरी (नग)
सागौन	99.513	1012	179.511	1045	279.024	2057
साल	470.313	89	29.697	107	500.01	196
साजा	22.238	-	3.792	217	28.292	217
बीजा	39.932	-	1.080	-	38.75	-
हल्दू/मुण्डी/खम्हार	4.544	-	31.906	-	36.45	-
सलई/मोयन	-	-	0.395	-	0.395	-
धावड़ा	-	-	-	45	-	45
कर्रा/सेन्हा/अन्य	65.396	12	-	461	65.396	473
योग:-	**701.936**	**1113**	**246.381**	**1875**	**948.317**	**2988**

नीलाम में प्रस्तावित वनोपज की अनुमानित मात्रा

टीप - (1) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई- कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य हैं।
(2) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
(3) लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई- कार्मस पोर्टल में अपने आईडी से लॉगइन करके देख सकते है।
(4) ई-ऑक्सन में लॉट क्रय के पश्चात् प्रथम क्रेता को 40 सेंड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट मे अन्य क्रेताओ द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

फोन 07722-238371
फैक्स 07722-236137

वनमंडलाधिकारी
धमतरी वनमंडल धमतरी

जी-252605855/2

कर्मचारियों का जन्मदिन स्कूली बच्चों संग मनाना, खुशियां बांटना

रायपुर/नवप्रदेश। जिले में शासकीय कर्मचारियों के जन्मदिन अब केवल व्यक्तिगत आयोजन नहीं रह गए हैं, बल्कि समाज सेवा का माध्यम बनते जा रहे हैं। मुख्यमंत्री साय की मंशानुसार प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना और न्योता भोज के अंतर्गत संचालित "प्रोजेक्ट आओ बाँटें खुशियाँ" का उद्देश्य ही है - खुशियों को बाँटना, और इस पहल को शासकीय कर्मचारी पूरे उत्साह के साथ अपना रहे हैं। आज प्रधान पाठक पूर्णिमा साहू ने शासकीय स्कूल देवरभट्ठा, शिक्षक ईश्वर कुमार साहू ने शासकीय मीडिल स्कूल चपरीद आरंग, स्टाफ नर्स सु वीना वर्मा ने आंगनबाड़ी केंद्र कुशालपुर, लेक्चरर खेलावन जोशी ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल टेकारी अभनपुर ने जन्मदिन के अवसर पर बच्चों के साथ केक काटकर, फल और पौष्टिक आहार वितरित कर इस दिन को विशेष बनाया।

छग में स्काउट गाइड के आयोजन पर विवादों का साया, 10 करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप

रायपुर। छत्तीसगढ़ में नौ से 13 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी पर विवाद गहरा गया है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने खुद को भारत स्काउट गाइड की राज्य परिषद का अध्यक्ष बताते हुए आयोजन को स्थगित करने की घोषणा कर दी। मंगलवार शाम इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित इस सूचना के बाद स्काउट गाइड के राज्य आयुक्त इंदर जीत सिंह खालसा ने इसे भ्रामक प्रचार बताते हुए मोर्चा खोल दिया।

आरोप है कि मामले में बिना अनुमति स्थान परिवर्तन और नियमों की अनदेखी की गई है। मामले में राज्य जंबूरी के लिए 10 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत है। नियमतः यह राशि स्काउट गाइड के खाते में जानी थी, लेकिन इसे जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) बालोद के खाते में स्थानांतरित कर दिया गया। इस जंबूरी में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 12 हजार से 15 हजार रोवर-रेंजरों के आगमन की संभावना है। 5,500 लोग पहुंच चुके हैं।

10 करोड़ की वित्तीय अनियमितता के कारण आयोजन को रद कर दिया गया

पूरे प्रकरण में बड़ी चुनौती के रूप में सांसद बृजमोहन अग्रवाल और स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के बीच स्काउट गाइड के अध्यक्ष पद की दावेदारी मुख्य है। दोनों अध्यक्ष होने का दावा कर रहे हैं। बृजमोहन का दावा है कि 10 करोड़ की वित्तीय अनियमितता के कारण आयोजन को रद कर दिया गया है। इस आयोजन को नवा रायपुर में होना था, परंतु गलत तरीके से बालोद में व्यवस्था की गई है। यदि आयोजन होता है तो यह शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी होगी।

कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ

गजेंद्र यादव स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने भिलाई में कहा कि कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है। स्काउट गाइड का सालभर का कार्यक्रम पहले से तय रहता है। जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं, वे मिथ्या हैं। सरकार को बदनाम किया जा रहा है।

कार्यकारिणी ने तय किया स्थल

खालसा स्काउट एवं गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त इंदर जीत सिंह खालसा आयोजन स्थल के विवाद पर अनभिज्ञता जता रहे हैं। उनका कहना है कि उन्हें नवा रायपुर के पुराने प्रस्ताव की जानकारी ही नहीं है। हालांकि उन्होंने कहा कि राज्य की कार्यकारिणी ने तय किया था कि आयोजन बालोद में किया जाए।

नशीली टेबलेट सिंडिकेट का भंडाफोड़, 4 मेडिकल दुकान संचालक सहित एमआर गिरफ्तार

मेडिकल दुकानों में छापा में मिले अल्प्राजोलम एवं स्पासमो 17808 नशीला टेबलेट जब्त

❒ ग्राहक बनकर पुलिस ने मेडिकल स्टोर से खरीदी नशीली टेबलेट

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पुलिस ने राजधानी में प्रतिबंधित नशीला टेबलेट का कारोबार करने वाले सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस सिंडिकेट में शामिल चार मेडिकल दुकानों के संचालक तथा एक मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव (एमआर) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने ऑपरेशन निश्चय के तहत इन मेडिकल दुकानों में छापा मारते हुए अल्प्राजोलम एवं स्पासमो 17808 नशीला टेबलेट जब्त किया है। इस सिंडिकेट का मुख्य आरोपी एमआर है, जो प्रतिबंधित नशीली दवाइयों को जबलपुर से कोरियर एवं बस ट्रांसपोर्टिंग के माध्यम से रायपुर मंगाता था।

पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को नशीले टेबलेट का कारोबार करने वाले इस सिंडिकेट का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि रायपुर पुलिस नशे के विरुद्ध लगातार चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन निश्चय के अंतर्गत प्रतिबंधित नशीला टेबलेट में लिप्त अपराधियों की बदलती कार्यप्रणाली पर त्वरित और सटीक कार्रवाई करते हुए सप्लायर चेन सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस सिंडिकेट में 4 मेडिकल दुकान रत्ना मेडिकल स्टोर कुशालपुर पुरानी बस्ती, काव्या मेडिकोज टिकरापारा, प्यारी लक्ष्मी मेडिकल स्टोर भनपुरी खमतराई एवं भरोसा मेडिकल स्टोर सांकरा धरसींवा में छापा मारकर यहां से प्रतिबंधित नशीला टेबलेट जब्त किया। इन मेडिकल स्टोर के संचालकों कान्हा कृष्ण कश्यप उर्फ सूरज 31 वर्ष निवासी प्रोफेसर कालोनी, धीमन मजूमदार 31 वर्ष निवासी कृष्णा नगर रायपुर, राहुल वर्मा 26 वर्ष निवासी डीआरएम ऑफिस के पास जागृति नगर खमतराई तथा मोहम्मद अकबर 29 वर्ष निवासी बाजार चौक सांकरा धरसींवा को इस मामले में गिरफ्तार किया है।

इस सिंडिकेट का पर्दाफाश करने के लिए पुलिस भी ग्राहक बनकर कुशालपुर स्थित रत्ना मेडिकल स्टोर पहुंची थी। इस पुलिस कर्मी को आम व्यक्ति समझकर मेडिकल स्टोर के संचालक ने उसे बिना किसी वैध कागजात के अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीला टेबलेट की बिक्री कर दी। इसके बाद पुलिस ने इस मेडिकल दुकान में छापा मारते हुए एमआर आनंद के ठिकाने पर दबिश दी, जिसके बाद अन्य मेडिकल दुकानों में छापा मारकर वहां से प्रतिबंधित नशीला टेबलेट जब्त किया। पूछताछ करने पर उसने उक्त टेबलेट को आनंद शर्मा से लाना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा आनंद शर्मा की पतासाजी करते हुये उसके ठिकाने पर दबिश देकर उसके कब्जे से मकान में रखे प्रतिबंधित नशीले टेबलेट जप्त किया गया। पूछताछ में आनंद शर्मा ने स्वयं को एमआर होना बताने के साथ ही प्रतिबंधित नशीले टेबलेट को जबलपुर से कोरियर एवं बस ट्रांसपोर्टिंग के माध्यम से रायपुर मंगाना बताया।

मेडिकल दुकानें सील लाइसेंस भी होंगे निरस्त

मेडिकल दुकानों में प्रतिबंधित नशीली दवाइयों की बिक्री के मामले में सभी मेडिकल दुकानों को सील कर दिया गया है। वहीं इन दुकानों के संचालकों का मिला लाइसेंस भी निरस्त किए जाने की प्रक्रिया की जा रही है। इधर जिस कोरियर कंपनी और बसों के माध्यम से इस नशीले टेबलेट का परिवहन किया जा रहा था, उसका भी पता लगाया जा रहा है। पुलिस इन दोनों के संचालकों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई करने की तैयारी में है।

एमआर करता था मेडिकल दुकानों में नशीली दवाइयों की सप्लाई

पुलिस अफसरों के अनुसार, इस सिंडिकेट का मुख्य आरोपी गणपति नगर न्यू चंगोराभाठा निवासी एमआर आनंद शर्मा 45 वर्ष है। आनंद ही प्रतिबंधित टेबलेट को ऑर्डर देकर जबलपुर से मंगाया करता था। ये नशीली दवाइयां कभी कोरियर से तो कभी बस ट्रासंपोर्टिंग के माध्यम से वह मंगाता था। इसके बाद वह इन नशीली दवाइयों को मेडिकल दुकानों में डिमांड के अनुसार सप्लाई करता था।

बदलता अपराध, उसी रफ्तार से बदलती पुलिस रणनीति

पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा एवं पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के दिशा-निर्देश पर संचालित ऑपरेशन निश्चय के लगातार दबाव के कारण अब प्रतिबंधित नशीले टेबलेट के तस्कर एवं सप्लायर अपने पारंपरिक तरीकों को छोड़कर नए पैटर्न अपना रहे हैं। रायपुर पुलिस द्वारा इंटेलिजेंस-ड्रिवन, एंड-टू-एंड विवेचना और माइक्रो-लेवल सर्विलांस अपनाया जा रहा है।

छग के बिजलीघरों के सर्वाधिक पीएलएफ का कीर्तिमान

सीईए के अनुसार अभी तक देश में तीसरा स्थान

रायपुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा दिसम्बर 2025 में राज्य विद्युत उपक्रमों के अन्तर्गत आने वाले बिजलीघरों की समीक्षा के अनुसार छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी का कामकाज देश में तीसरे नंबर पर रहा है। वहीं दिसम्बर 2025 में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के बिजलीघरों ने 87.11 प्रतिशत प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) के सर्वोच्च स्तर को स्पर्श किया है। तथा 1840.67 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन का कीर्तिमान रचा गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ.रोहित यादव तथा प्रबंध निदेशक श्री एस.के.कटियार ने इस उपलब्धि को शानदार टीम वर्क का परिणाम बताया है।

केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण राज्य क्षेत्र की 33 संस्थाओं के कामकाज का मूल्यांकन करती है। इसमें राज्य विद्युत मण्डल तथा राज्य पॉवर कंपनियां शामिल होती है। सीईए की रिपोर्ट के अनुसार, छत्तीसगढ़ में पंजाब, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश तथा महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्यों को पीछा छोड़ा है वहीं उड़ीसा तथा पश्चिम बंगाल राज्य छत्तीसगढ़ से आगे है।

जहां तक दिसम्बर 2025 के पीएलएफ का सवाल है तो उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार विगत 15 वर्षों में एक बार ही इससे अधिक पीएलएफ अर्जित किया गया था। दिसम्बर 2025 का पीएलएफसर्वाधिक है। बताया गया है कि पूर्व के वर्षों में भी एक ही बार 87.11 प्रतिशत से अधिक पीएलएफ अर्जित किया गया था। इस तरह छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के इतिहास में दिसम्बर माह में सर्वाधिक पीएलएफ अर्जित करने का यह दूसरा मौका है। यह उपलब्धि यह साबित करती है कि इस माह में बिजलीघरों के संचालन में नगण्य व्यवधान उपस्थित हुआ।

एक धड़कन, जिसने ज़िंदगी बदल दी

'प्रोजेक्ट धड़कन' के तहत सही समय पर जांच और इलाज से मिली अरमान को हृदय रोग से मुक्ति

रायपुर/नवप्रदेश। गांव में मितानिन ने एक दिन कहा था, ÷आपके बच्चे की धड़कन बाकी बच्चों से तेज है,÷ यह वाक्य आज भी रजनी यादव के कानों में गूंजता है। वे बोलते-बोलते रो पड़ती हैं, हमने कभी ध्यान ही नहीं दियाज अब लगता है, क्यों नहीं दिया!

गोगांव, रायपुर की रहने वाली रजनी यादव का तीसरा बेटा अरमान, अपने दोनों बड़े भाइयों और दोस्तों के साथ हंसता-खेलता बड़ा हो रहा था। कभी पिट्ठूल खेलता, कभी दौड़ लगाता, सब कुछ सामान्य लगता था। बस बार-बार होने वाला सर्दी-बुखार माता-पिता को थोड़ा परेशान जरूर करता था, लेकिन किसी को अंदेशा नहीं था कि उस मासूम सी हंसी के पीछे एक गंभीर खतरा छिपा है। फिर 13 दिसंबर 2025 का दिन आया। सरोरा स्थित शासकीय स्कूल में, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार पहुँची चिरायु टीम ने जब बच्चों की जांच शुरू की, तो अरमान की बारी पर डॉक्टर ठिठक गए। उसके हृदय की धड़कन सामान्य नहीं थी। यही वह पल था, जिसने एक परिवार की ज़िंदगी की दिशा बदल दी। टीम अरमान को तत्काल सत्य साईं नारायण अस्पताल, नया रायपुर लेकर गई। विस्तृत जांच हुई और रिपोर्ट ने माता-पिता के पैरों तले ज़मीन खिसका दी। अरमान के दिल में 18 मिमी का छेद था। डॉक्टरों ने बिना देर किए कहा, "ऑपरेशन जरूरी है।"

ईंट-भट्ठे में काम करने वाले पिता रंगनाथ यादव और मां रजनी के सामने सवालों का पहाड़ खड़ा था – पैसे का इंतजाम कैसे होगा?

बच्चा का स्वास्थ्य, उसका भविष्य कैसा होगा?

लेकिन उस घड़ी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। चिरायु टीम की सलाह पर भरोसा किया और अपने बेटे को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

प्रदेश की कानून व्यवस्था बदहाल, सरकार-पुलिस लाचार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था बदहाल हो चुकी है, सरकार-पुलिस लाचार हो गये है। जिला पुलिस रायपुर द्वारा प्रस्तुत सालाना रिपोर्ट गृह मंत्री की विफल होने का प्रमाण है. जिस प्रकार से आपराधिक घटनाओं में तेजी आयी है उसके बाद गृह मंत्री को हटा देना चाहिए. राजधानी में महीने में 24 रेप हो रहे 120 चोरियाँ हो रही हर दूसरे दिन हत्या हो रहा है ऐसे इस गृहमंत्री के रहते कानून व्यवस्था में कसावट सम्भव नहीं है. समय जब दुनिया भर में प्रशासनिक सुधार के लिए व्यवस्था का सरलीकरण किया जा रहा है, अधिकारों के विकेन्द्रीकरण का दौर चल रहा उस समय राज्य सरकार द्वारा कमिश्नरी प्रणाली लागू कर के सत्ता अधिकारों का केन्द्रीकरण किया जा रहा है। एक ही व्यक्ति के अधीन गिरफ्तारी से लेकर जमानत तक के अधिकार दिये जाने के निर्णय लिया जाना सरकार की रूढ़िवादी सोच को दर्शाता है।

मोदी सरकार ने मनरेगा में 100 दिन काम देने लायक बजट ही नहीं दिया

❒ 125 दिन काम का दावा हवा हवाई

रायपुर/नवप्रदेश। मोदी सरकार राम का नाम लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के श्रमिकों से रोजगार का हक छीन रही है, मनरेगा कानून में परिवर्तन को मोदी सरकार का श्रमिक विरोधी षडयंत्र करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने ने कहा है कि मोदी सरकार ने मनरेगा का नाम ही नहीं बदला हैं, बल्कि सोच को भी बदला है। मनरेगा ग्राम स्वराज और मेहनतकश श्रमिकों का सम्मान था, रोजगार का हक था. मोदी सरकार राम जी का नाम लेकर श्रमिकों से रोजगार का हक छीन रही है, भगवान राम जी मोदी भाजपा सरकार को माफ नहीं करेगी। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा की मोदी सरकार सबसे बड़ी संख्या में रोजगार देने वाली मनरेगा के खिलाफ पहले दिन से थी इसलिए मनरेगा के बजट राशि को 100 दिन रोजगार देने लायक नहीं दिया. 2023-24 में मनरेगा के तहत 25 करोड़ 68 लाख पंजीकृत श्रमिक थे और बजट 60 हजार करोड़ दिया गया जिसमे मात्र 8 करोड़ 32 लाख लोगो को 50 दिन से भी कम रोजगार मिला जिस पर 89 हजार करोड़ खर्च हुये. 2024-25 में पूर्व से पंजीकृत 51 लाख श्रमिकों का नाम काट दिया गया पंजीकृत श्रमिकों की संख्या 25 करोड़ 17 लाख हो गईं और बजट में कोई वृद्धि नहीं किया गया एवं इस वर्ष भी 8 करोड़ 3 लाख लोगो को मात्र 37 दिन ही काम दिया गया. इस वर्ष 17 करोड़ 14 लाख लोगो को मनरेगा से रोजगार नहीं मिला. ऐसे में 125 दिन रोजगार देने का दावा युवाओं को दो करोड़ रोजगार हर साल देने, अच्छे दिन लाने, 30-35 रु. में पेट्रोल डीजल देने 15 लाख सभी के खाता में जमा कराने के खोखले दावा की तरह है।

सूर्यघर बिजली योजना से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर सशक्त कदम

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से सौर ऊर्जा को बढ़ावा देते हुए देश ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। यह योजना आम नागरिकों को बिजली बिल से राहत देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत राजनांदगांव की अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर ने अपने निवास ग्राम पार्रीकला में 3 किलोवॉट क्षमता का सोलर पैनल स्थापित कराया है। सोलर पैनल की स्थापना के बाद उन्हें योजना का प्रत्यक्ष और दीर्घकालीन लाभ मिल रहा है। प्रतिमा चंद्राकर ने बताया कि योजना के अंतर्गत उन्हें 3 किलोवॉट के सोलर पर केंद्र शासन से 78 हजार रुपये तथा राज्य शासन से 30 हजार रुपये, कुल 1 लाख 8 हजार रुपये की सब्सिडी शीघ्र ही सीधे उनके बैंक खाते में प्राप्त हुई। इससे सोलर पैनल स्थापना की लागत में उल्लेखनीय कमी आई। उन्होंने कहा कि सोलर पैनल लगाए जाने से उनके निवास का बिजली बिल शून्य हो गया है, जिससे घरेलू खर्च में बड़ी राहत मिली है।

प्रदीप देशपांडे ने संकल्प और परिश्रम से बदली अपनी किस्मत

❒ प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना बनी आत्मनिर्भरता की राह

~~**रायपुर/नवप्रदेश।** धुन के पक्के~~ लोग अपने संकल्प और परिश्रम से न केवल स्वयं का जीवन संवारते हैं, बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणा बनते हैं। वैशाली नगर, ~~राजनांदगांव निवासी प्रदीप कुमार~~ रामराव देशपांडे ने अपने दृढ़ इरादों से यह सिद्ध कर दिखाया है कि सही योजना और मेहनत के सहारे आत्मनिर्भरता की मजबूत नींव रखी जा सकती है।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग हेतु सबिसडी अधिकतम 10 लाख तक

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना भारत सरकार की एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जो खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के छोटे उद्यमियों को सशक्त बनाने, उन्हें औपचारिक बनाने और बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है, जिसके तहत नए और मौजूदा उद्यमों को ऋण-आधारित सब्सिडी (35 प्रतिशत तक, अधिकतम 10 लाख रुपये), ब्रांडिंग और मार्केटिंग सहायता, सामान्य बुनियादी ढांचा और प्रशिक्षण जैसी मदद मिलती है, जिससे वे आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल के तहत प्रतिस्पर्धा कर सकें और आय बढ़ा सकें।

प्रदेश में उपलब्ध लघुवनोपज की व्यापक संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने चिरौंजी, हर्रा एवं बहेरा पर आधारित प्रोसेसिंग उद्योग की स्थापना की। इस उद्योग के लिए मशीन एवं शेड निर्माण हेतु कुल 5 लाख 50 हजार रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ, जिसमें से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत 2 लाख 13 हजार 500 रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना बनी आत्मनिर्भरता की राह

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत प्रदीप कुमार रामराव देशपांडे ने अपना उद्योग प्रारंभ कर स्वरोजगार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। इस योजना ने उन्हें न केवल आर्थिक सहायता प्रदान की, बल्कि नवाचार और उद्यमिता के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया।

महिला स्वसहायता समूह को मिला स्थायी रोजगार

उद्योग की स्थापना के साथ ही देशपांडे ने कौरिनभाठा स्थित संस्कारधानी महिला कृषक अभिरुचि स्वसहायता समूह की महिलाओं को रोजगार से जोड़ा। इससे महिलाओं को नियमित आय का साधन मिला और वे आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हुईं, जिससे उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति में भी सकारात्मक परिवर्तन आया।

न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों की ली बैठक

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के आयोजन के संबंध में दिशा-निर्देश देते हुए अधिकारियों को दायित्व सौंपे। उन्होंने मुख्य अतिथि आगमन, ध्वजारोहण के कार्यक्रम के साथ ही बैठक व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल की साज-सज्जा, पेयजल, स्वल्पाहार, साफ-सफाई, पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन प्रतिबद्धतापूर्वक करेंगे। इस अवसर पर पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम भी होगा। कलेक्टर ने अधिकारियों को गणतंत्र दिवस समारोह में विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों से संबंधित झाँकी तैयार करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

एसआईआर में गड़बड़ियों को लेकर बूथ ऑब्जर्वर से मिले : शास्त्री

राजनांदगांव/नवप्रदेश। वार्ड क्रमांक 42 में एसआईआर के तहत मतदाता सूची में की गई बूथ पुनर्रचना में अनियमितताएं सामने आई हैं। पूर्व पार्षद एवं युवा नेता ऋषि शास्त्री ने बूथ ऑब्जर्वर से मुलाकात कर तीन बूथों की नई और पुरानी मतदाता सूची का निरीक्षण किया।निरीक्षण में पाया गया कि पहले जहां दो बूथ थे, उन्हें मांग के अनुसार तीन भागों में बांटा गया, लेकिन इसमें संतुलन नहीं रखा गया। तीन में से दो बूथों में मतदाताओं की संख्या अत्यधिक दर्ज की गई है, जबकि नए बनाए गए बूथ में अन्य दोनों की तुलना में लगभग आधी जनसंख्या दर्शाई गई है। नई मतदाता सूचियों में नाम हस्तांतरण की भी गड़बड़ियां मिली हैं। कई मामलों में एक ही परिवार के सदस्यों के नाम अलग-अलग अनुभागों में दर्ज पाए गए। इसके अलावा कुछ मतदाताओं के नाम दूसरे वार्डों में जोड़ दिए जाने की भी जानकारी सामने आई है। शास्त्री ने बताया कि संबंधित मतदाताओं को इसकी जानकारी देकर संशोधन कराने को कहा गया है। साथ ही नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए आगामी दिनों में डोर-टू-डोर लिस्टिंग की जाएगी। इन सभी विषयों की जानकारी कांग्रेस शहर अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार और ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन को दी गई है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के साथ मिलकर निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात कर आवश्यक सुधार की मांग की जाएगी।

नेशनल हाईवे में आधा दर्जन जगहों पर बनेगा सर्विसलेन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नेशनल हाइवे 53 पर सोमनी से चिचोला तक सुरक्षित यातायात हेतु दुर्घटना मुक्त क्षेत्र में सर्विस रोड व वाहन अंडर पास का निर्माण कार्य जल्द ही प्रारंभ होने वाला है। हाइवे में दुर्घटना रोकने चार जगह पर सर्विस लेन का निर्माण किया जाएगा। राजनांदगांव में यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखकर परिवहन की सुविधाओं के विस्तारीकरण के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 पर सोमनी से लेकर चिचोला तक वाहन सुरक्षा के लिए सड़क सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। जिसमें कुल वाहन अंडरपास और सर्विस मार्ग निर्माण की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और सोमनी से चिचोला तक हादसा मुक्त आवागमन की दिशा में जल्द कार्य प्रारंभ होगा। वहीं 108 करोड़ की लागत से सोमनी से लेकर चिचोला तक सड़क पर विकास कार्य पूरे होंगे। इस दिशा में मठगांव कुंज से इंदिरापेट नगर बायपास तक दोनों तरफ सर्विस रोड और पेड़ी में वाहन अंडर पास के लिए कुल 47 करोड़ लागत, सुंदरा डेंटल कॉलेज से पार्री नाला तक एक तरफ के सर्विस रोड निर्माण के लिए 7.8 करोड़ लागत, सोमनी गांव के दोनों छोर पर मोड़ तथा खुर्सी मोड़ तक सर्विस रोड के निर्माण के लिए लगभग 4.78 करोड़ की लागत, महाराजपुर के लिए वाहन अंडरपास एवं मुख्य मार्ग पर दोनों तरफ सर्विस रोड के लिए कुल 22 करोड़ की लागत और चिचोला, एप्पल नगर, डोंगरगढ़ रोड के पास वाहन अंडरपास एवं मुख्य सड़क के दोनों ओर सर्विस रोड के लिए कुल 27 करोड़ की लागत से टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है, और जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ होने जा रहा है।

यातायात नियम का उल्लंघन करने वालों पर होगी 'त्रिनयन' की कड़ी नज़र

- जिला पुलिस ने ट्रैफ़िक क़ानून तोड़ने वालों की शिकायत हेतु जारी की हेल्प लाइन नंबर
- अब आम नागरिक फोटो वीडियो के साथ कर सकेंगे शिकायत

बलौदाबाज़ार/नवप्रदेश। यातायात नियम का उल्लंघन करने वालों पर अब 'त्रिनयन' के माध्यम से पैनी नज़र रखी जाएगी। जिले में 36 वें सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला पुलिस ने ट्रैफ़िक क़ानून तोड़ने वालों की शिकायत हेतु त्रिनयन हेल्प लाइन नंबर 9479226641जारी किया। इस हेल्प लाइन नंबर पर ह्वाट्सऐप के माध्यम से आम नागरिक फोटो और वीडियो के साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले ,शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले ,मोबाइल पर बात करते हुए गाड़ी चलाने वाले लोगों की शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।जिला पुलिस द्वारा जारी क्यूआर कोड स्कैन करके सीधे त्रिनयन के ह्वाट्सऐप से जुड़ सकते हैं ।जिला पंचायत अध्यक्ष जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ,नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा ने मंगलवार को जिला ऑडीटोरियम में आयोजित 36 वे सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ,नगर पालिका अध्यक्षअशोक जैन और पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा ने जिला पुलिस द्वारा आयोजित का कार्यक्रम की सराहना की।

यातयात सुरक्षा में लिए जिला पुलिस के प्रयासों के बारे में भी बताया

कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि ट्रैफ़िक नियम आम नागरिकों की भलाई के लिए हैं। व्यक्तिगत बदलाव जैसे दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना,ट्रिपलिंग न करना और ट्रैफ़िक नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटना से बचाव होगा। पुलिस अधीक्षक शभावना गुप्ता ने कहा कि ट्रैफ़िक पुलिस के डर से नहीं बल्कि ईमानदारी से अपनी और दूसरे नागरिकों की सुरक्षा और बचाव के लिए यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा बच्चे देश का भविष्य है इसलिए उन्हें खास तौर पर इस कार्यक्रम में बुलाया गया ताकि वे जागरूक हों और परिवार को भी जागरूक करें इस दौरान उन्होंने यातयात सुरक्षा में लिए जिला पुलिस के प्रयासों के बारे में भी बताया।

धर्मांतरण को लेकर मचा बवाल ग्रामीणों को दिया जा रहा लालच

धर्मांतरण को लेकर मचा बवाल

ग्रामीणों का आरोप है कि डेविड चाको छह महीने अमेरिका और छह महीने राजनांदगांव में रहता है। जिला प्रशासन ने उसका नेहरू नगर स्थित चर्च पहले बंद कर दिया था, लेकिन अब वह धर्मापुर में इसी तरह की गतिविधियां चला रहा है। यहां संचालित अनाथ आश्रम में पिछले तीन वर्षों से 15 नाबालिग आदिवासी बच्चे गैरकानूनी ढंग से रखे गए हैं, जो सभी कांकेर जिले के उस गांव से हैं। जहां सबसे ज्यादा धर्मांतरण हो रहा है।

हिंदू संगठन ने विदेशी फंडिंग मिलने का लगाया आरोप

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव जिले के धर्मापुर क्षेत्र में विदेशी फंड से बड़े पैमाने पर धर्मांतरण के गंभीर आरोप लगते हुए मामला गरमाया हुआ है। ग्रामीणों और हिंदू संगठनों का दावा है कि श्री डेविड चाको नामक व्यक्ति को यहां रहने के लिए जगह दी गई थी, लेकिन वह विदेशियों से फंड लेकर खुलेआम धर्मांतरण को बढ़ावा दे रहा है।

करोड़ों रुपये की लागत से बना चर्च बिल्डिंग और अनाथ आश्रम इसकी गवाही दे रहा है। आज हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया, जिसके बाद पुलिस का भारी अमला स्थिति नियंत्रित करने पहुंचा।

ग्रामीणों और हिंदू संगठनों ने लगाए आरोप

इन बच्चों को ईसाई बना दिया गया है। ग्राम सरपंच और सचिव ने स्पष्ट कहा कि डेविड चाको को केवल आवासीय प्रयोजन के लिए अनुमति दी गई थी, यदि यहां चर्च या अनाथ आश्रम चलाया जा रहा है तो यह पूरी तरह गैरकानूनी है। हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रलोभन और विदेशी धन से गरीब आदिवासी परिवारों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने आयोजन स्थल का घेराव करने की कोशिश की और नारेबाजी की, जिससे क्षेत्र में तनाव बढ़ गया। सूचना पर पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश पर थाना प्रभारी सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा।पुलिस ने दोनों पक्षों से बातचीत कर समझाइश दी और स्थिति शांत कराई। किसी तरह की हिंसा नहीं हुई, लेकिन पुलिस ने आयोजनकर्ताओं से दस्तावेज मांगे और पूछताछ की। यदि शिकायत दर्ज होती है तो छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी। हिंदू संगठनों ने सरकार से सख्ती की मांग की है कि ऐसे मामलों पर निगरानी बढ़ाई जाए। दूसरी ओर, आयोजन में शामिल लोग इसे सामान्य प्रार्थना सभा बता रहे हैं। जिले में हालिया महीनों में धर्मांतरण के कई विवाद सामने आए हैं, जिससे सामाजिक तनाव बढ़ा है। प्रशासन ने शांति की अपील की है और क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ा दी है। सवाल उठ रहा है कि जिला प्रशासन को इन गतिविधियों की भनक क्यों नहीं लगी?

आबकारी की टीम ने किया अवैध शराब एवं लाहन जब्त

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की टीम द्वारा सोमवार को 25600 रुपये का अवैध शराब एवं महुआ लाहन जब्त किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कसडोल वृत्त ग्राम चिखली, चौकी सोनाखान में आबकारी विभाग की टीम द्वारा आरोपी राजेन्द्र कुमार पिता प्रेमलाल उम्र 37 वर्ष ग्राम चिखली के कब्जे से 25.00 बल्क लीटर हाथभट्ठी महुआ शराब जब्त किया गया। हाथभट्ठी कच्ची महुआ शराब का बाजार मूल्य 5000 रुपये होना पाया एवं 300 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। महुआ लाहन का बाजार मूल्य 18,000 रुपये होना पाया गया।आरोपी राजेन्द्र कुमार पिता प्रेमलाल उम्र 37 वर्ष ग्राम चिखली के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) च 34(2) 59 (क) प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया।इसी प्रकार पलारी वृत्त ग्राम सरकीपार थाना पलारी में आबकारी विभाग की टीम द्वारा आरोपी सरजू बंजारे पिता गज्जू बंजारे उम्र 38 वर्ष के कब्जे से 10.08 लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त किया गया। देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 5,600 रुपये होना पाया गया।आरोपी सरजू बंजारे पिता गज्जू बंजारे उम्र 38 वर्ष सा. सरकीपार थाना पलारी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2) 59 (क) प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया।

महापौर एवं कलेक्टर ने लिया मोहारा जल संयंत्रगृह का जायजा

- कलेक्टर ने जल शोधन प्रक्रिया देख, शिवनाथ नदी में रॉ वाटर की ली जानकारी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने मोहारा जल संयंत्रगृह का जायजा लिए। महापौर श्री यादव ने ग्रीष्म ऋतु के पूर्व संयंत्र का संधारण करने सभी पंप दुरूस्त कर आवश्यक समाग्री का पर्याप्त भण्डारण के निर्देश दिए, वही कलेक्टर श्री यादव ने मोहारा के 10, 17 एवं 27 एमएलडी प्लांट का निरीक्षण कर जल शोधन प्रक्रिया देख शिवनाथ नदी में रॉ वाटर के संग्रहण की जानकारी ली।

महापौर श्री यादव मोहारा जल संयंत्रगृह के तीनो प्लांटो का क्रमशः निरीक्षण कर कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी लिये, उन्होने कहा कि ग्रीष्म ऋतु के पूर्व एलम, ब्लीचिंग तथा क्लोरिन गैस व अन्य आवश्यक सामाग्री का पर्याप्त भंडारण रखे, पंप आदि को दुरूस्त रखे, अतिरिक्त मोटर भी रखे ताकि खराब होने की स्थिति में बदला जा सकें। उन्होनें प्लांट के सीएफएल व फिल्टर बेड के अलावा सभी पानी टंकीयो की सफाई करने के भी निर्देश दिए, जिससे आम जनता को गर्मी में सुचारू रूप से पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

कलेक्टर श्री यादव ने जल शोधन की प्रक्रिया देखी तथा एलम की उपलब्ध मात्रा की जानकारी लेकर गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने कहा। उन्होंने तीनो प्लांट तथा जलशोधन प्रक्रिया की जानकारी ली। आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने विस्तार से जलशोधन की जानकारी देते हुये बताया कि मोहारा स्थित शिवनाथ नदी से इंटकवेल के माध्यम से जलशोधन हेतु रॉ वाटर लेकर क्रमशः 27 एमएलडी, 10 एमएलडी पुराने प्लांट तथा अमृत मिशन द्वारा वर्तमान में निर्मित 17 एमएलडी फिल्टर प्लांट में जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया की जाती है। इसके पश्चात फिटकरी व क्लोरिंन डाल कर पानी को किटाणु रहित किया जाता है।

आयुक्त ने आगे जानकारी दी कि पानी के उपचार में फिल्टर बेड का इस्तेमाल, तरल पदार्थ से ठोस पदार्थो को अलग करने के लिये किया जाता है। फिल्टर बेड के जरिये पानी को छिद्रपूर्ण माध्यम या फिल्टर से गुजारा जाता है। शुद्धिकरण पश्चात शहर के 15 टंकी में भरने के पश्चात पाईप लाईन के माध्यम से शहर में पेयजल सप्लाई की जाती है।

कलेक्टर श्री यादव ने जलशोधन की प्रक्रिया देखने के पश्चात फिल्टर प्लांट के लेब का निरीक्षण किया ।

और विभिन्न प्रकार के टेस्ट को देख पानी की सप्लाई उचित मानक में है या नहीं की जॉच कर जानकारी लिये। उन्होने कहा कि पाईप लाईन लिकेज एवं गंदा पानी आने की शिकायत का त्वरित निराकरण करे। किसी भी प्रकार की खराबी आने पर आमजनों को भी सूचित करे।

विकसित भारत जी.राम.जी अधिनियम गांवों की तस्वीर और तक़दीर बदलेगा : गजेंद्र यादव

- मनरेगा से अधिक प्रभावी पारदर्शी और रोजगारपरक है विकसित भारत जी.राम.जी अधिनियम शताब्दी पांडे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भाजपा जिला कार्यालय राजनांदगांव में आयोजित प्रेस वार्ता की शुरुआत जिला मीडिया सह प्रभारी रवि सिन्हा द्वारा विषय प्रस्तुति एवं अतिथियों के परिचय एवं स्वागत उद्बोधन के साथ की गई। इसके पश्चात प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत जी.राम.जी अधिनियम 2025 लाया गया है। यह अधिनियम देश के गांवों को विकसित बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

मानपुर में नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम

- नक्सलियों द्वारा बड़ी वारदात को अंजाम देने की साजिश को समय रहते विफल कर दिया गया

मानपुर/नवप्रदेश। जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी पुलिस द्वारा जिला नक्सल-मुक्त करने के उद्देश्य से निरंतर एवं प्रभावी नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत पुलिस को एक और बड़ी सफलता प्राप्त हुई है, जिसमें नक्सलियों द्वारा बड़ी वारदात को अंजाम देने की साजिश को समय रहते विफल कर दिया गया है। थाना मोहला क्षेत्रांतर्गत स्थित परवीडोह की पहाड़ी, जो कि घने जंगलों एवं दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों वाली है, पूर्व में नक्सलियों की गतिविधियों का प्रमुख गढ़ रही है। इसी क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की मंशा से सलवाही माइन (पाइप बम) तैयार करने के लिए विस्फोटक सामग्री को छुपाकर रखा गया था।

6 जनवरी 2026 को डीआरजी टीम जिला पुलिस मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं आईटीबीपी के संयुक्त दल द्वारा परवीडोह पहाड़ी क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा सतर्कता एवं सूझ-बूझ के साथ कार्रवाई करते हुए नक्सलियों द्वारा छुपाकर रखा गया कुल 11 नग सलवाही माइन (पाइप बम) निर्माण में प्रयुक्त विस्फोटक डंप बरामद किया गया। समय रहते इस डंप को बरामद कर निष्क्रिय किया गया, जिससे किसी भी प्रकार की बड़ी नक्सली वारदात को विफल कर दिया गया है। इस प्रभावी एवं साहसिक कार्रवाई से जिले में सक्रिय नक्सली संगठनों में भय एवं भागदौड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। साथ ही क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया गया है।

नाबालिग को भगाकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

डोंगरगांव/नवप्रदेश। नाबालिग बालिका को भागकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने रायपुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी भी नाबालिग बताया जा रहा है। डोंगरगांव पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 24 दिसंबर को प्रार्थी ने थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि उसकी नाबालिग बच्ची को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसला कर भगा कर ले गया है। पुलिस टीम गठित कर गुमशुदा को 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद किया गया। पीड़िता द्वारा अपने साथ दुष्कर्म होना बताये जाने पर आरोपी की पतासाजी हेतु मुखबिर लगाकर तत्काल टीम रायपुर रवाना की गयी एवं घेराबंदी कर नाबालिग बालक को गिरफ्तार कर बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया।

परीक्षा केंद्र में बेटी की नकल से लेकर सेक्स रैकेट तक

सरसींवा में सवालों के घेरे में शिक्षा विभाग

- नकल, निलंबन, सेक्स स्कैंडल और भ्रष्टाचार: क्यों अब भी परीक्षा दायित्व में एल.पी. पटेल?

सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़)/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की परीक्षा व्यवस्था की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न खड़े हो गए हैं। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) के अध्यक्ष को सौंपे गए एक दस्तावेज़-आधारित आवेदन में पी.एम.श्री सेजेस सारंगढ़ के प्राचार्य एल.पी. पटेल को व्यापम द्वारा आयोजित समस्त परीक्षाओं के केंद्राध्यक्ष सहित सभी परीक्षा दायित्वों से तत्काल पृथक करने की मांग की गई है। आवेदन में कलेक्टर कार्यालय, स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय, जिला कोषालय अधिकारी की जांच रिपोर्ट, शासन के निलंबन आदेश और न्यायालयीन निष्कर्षों का हवाला दिया गया है।

आवेदन के अनुसार 2009-10 में ओपन स्कूल की कक्षा 12वीं परीक्षा के दौरान, जहाँ एल.पी. पटेल स्वयं केंद्राध्यक्ष/अध्ययन केंद्र प्रभारी थे, वहीं उन्होंने अपनी पुत्री कु. पूजा पटेल को परीक्षा दिलवाकर पद व संसाधनों का दुरुपयोग किया, नकल कराई गई और 74त्न अंकों के साथ प्रदेश में तीसरा स्थान दिलाया गया। जांच में दोष सिद्ध होने पर पुत्री का परिणाम निरस्त किया गया और एल.पी. पटेल को ओपन

स्कूल परीक्षा कार्यों से ब्लैकलिस्ट किया गया। जनवरी 2012 में उन्हें अपने शासकीय आवास में सेक्स वर्कर के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े जाने पर निलंबित किया गया यह मामला मीडिया में प्रकाशित हुआ। इसके बाद कापन स्थित शासकीय विद्यालय में प्राचार्य रहते हुए प्रति छात्र ?500 की अवैध वसूली जांच में सही पाई गई। अक्टूबर 2024 में उनके अधीनस्थ आरटीई शाखा के कर्मचारी को 50,000 रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो ने गिरफ्तार किया। 2025 में बोर्ड परीक्षा के दौरान कलेक्टर की अनुमति के बिना उड़नदस्ता दल में बदलाव, युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में गंभीर अनियमितता, पति-पत्नी द्वारा छ.ग. मूलभूत नियम 44 का उल्लंघन, पत्नी श्रीमती सुषमा पटेल को नियमविरुद्ध सेजेस में पदस्थ कराने (जिसे बाद में निरस्त किया गया और न्यायालयीन टिप्पणी हुई) शासकीय भूमि पर अतिक्रमण, तथा कर्मचारियों को मानसिक प्रताड़ना जैसे प्रकरणों का भी उल्लेख है–जिन पर अलग-अलग स्तर पर कार्रवाई/जांच दर्ज है।शिकायतकर्ता चूड़ामणि गोस्वामी, व्याख्याता सह मास्टर ट्रेनर (व्यापम परीक्षा) वर्तमान पदस्थापन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोडाम ने अपने शिकायत मे कहा है कि इतने प्रमाणित और बार-बार के कदाचार के बावजूद एल.पी. पटेल को परीक्षा जैसे संवेदनशील दायित्व में रखना परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता के लिए गंभीर खतरा है, इसलिए उन्हें व्यापम की आगामी सभी परीक्षाओं से तत्काल हटाया जाए।

बस स्टैंड में शर्मा ट्रेवल्स के संचालक पर टंगिया से किया जानलेवा हमला

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर में इन दिनों क्राइम अनकंट्रोल होता दिख रहा है। मामूली बातों को लेकर लोग एक-दूसरे पर जान से हमला करने से भी नहीं चूक रहे हैं। इसी कड़ी में शहर में शर्मा ट्रेवल्स के संचालक पर एक युवक ने टंगिया से जानलेवा हमला कर दिया।

संचालक ने बस से एक युवक को उतरने को कहा, इसी बात को लेकर दोनों के बीच जमकर विवाद हो गया और बाबू नामक युवक ने शर्मा ट्रेवल्स के संचालक मनीष तिवारी के हाथ पर टंगिया से हमला कर दिया। जिससे मौके पर पीड़ित खून से लथपथ हो गया। हमले के बाद बस स्टैंड क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

पुलिस के अनुसार, बाबू नामक युवक बस में बैठा था, जिसे मनीष तिवारी ने उतरने को कहा था। जबकि सूत्र बताते हैं कि आरोपी द्वारा शराब के नशे में वारदात को अंजाम दिया है। बहरहाल, हमले के बाद आरोपी फरार है, जिसके संभावित ठिकानों में पुलिस जुटी हुई है। इससे पहले भी नया बस स्टैंड में चाकूबाजी की घटना हो चुकी है।नया बस स्टैंड में आए दिन असामाजिक तत्वों का डेरा रहता है। जिससे विवाद की स्थिति निर्मित होती रहती है। यही नहीं शराबियों का नया बस स्टैंड अड्डा बन गया है। जबकि यहां रोजाना दिनभर सैकड़ों यात्री परिवार के साथ सफर करते हैं। इसके बाद भी नया बस स्टैंड में दिनभर गाली-गलौज और शराबियों की हरकतों से आमजन के साथ दुकान संचालक भी परेशान हैं। पुलिस की पेट्रोलिंग बोर्ड शहर में ऐसे हरकतों पर नजर नहीं रख पा रही है।

न्यूज गैलरी

नाबालिग के परिजनों ने पुलिस पर लगाया आरोप, एसपी से शिकायत

कोरबा/नवप्रदेश। एक नाबालिक छात्रा के परिजनों ने पुलिस कर्मियों द्वारा अवैध वसूली कर परिवार को धमकाने का सनसनीखेज आरोप लगाया है और मामले की लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुम्हारी सान्ही निवासी एक ग्रामीण ने 26 नवंबर की दोपहर 2 बजे के आसपास उसकी नाबालिग पुत्री पसान साप्ताहिक बाजार जाने के नाम पर घर से निकली थी और वापस नहीं लौटी थी। परिचितों के पास पूछताछ करने पर वह किसी शनि नामक लड़के के साथ देखे जाने की सूचना मिली। इस घटना की शिकायत परिजनों द्वारा थाना पसान में किया गया किन्तु उनके द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट पर शनि नामक व्यक्ति को अज्ञात व्यक्ति दर्शाया गया है। बयान दर्ज नहीं होने पर परिवार जब वापस लौटा तो उसकी पुत्री ने उन्हें बताया कि थाना पसान के पुलिस कर्मियों ने 10 हजार रुपए की राशि व बकरा देने की बात कही गई थी। उसकी पुत्री घर लगभग आधा घंटा रही और फिर रात को ही घर से बिना बताये लापता हो गई है। पीडित परिवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत कर जांच की गुहार लगाई है।

कोरबा की डायलिसिस यूनिट से 574 मरीजों को मिला नि:शुल्क लाभ

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन. केशरी के नेतृव में जिले के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इन्हीं प्रयासों में बडी पहल के रूप में जिला चिकित्सालय (मेडिकल कॉलेज) कोरबा में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के तहत जीवनधारा निःशुल्क डायलिसिस सेवा संचालित किया जा रहा है। इस यूनिट में अत्याधुनिक 9 डायलिसिस मशीनों की स्थापना होने से समय स्थानीय स्तर पर गंभीर किडनी रोगियों के को उपचार की सुविधा का लाभ मिल रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन. केशरी ने बताया कि जिला चिकित्सालय कोरबा में डॉयलिसस यूनिट प्रारंभ होने से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बडी राहत है क्योंकि गरीब परिवार के रोगियों को किडनी (गुर्दे) का इलाज असंभव होता था। उनके लिए डायलिसिस कराना ही मुख्य रास्ता बचता था, इसके लिए दूर दराज के शहरों में जाकर उपचार कराते थे लेकिन इसके लिए हर महीने हजारों रूपये की आवश्यकता होती है। ऐसे मे जिला चिकित्सालय में डायलिसिस यूनिट प्रारंभ होने से किडनी के मरीजों को अब अपने शहर में ही सस्ती या मुफ्त डायलिसिस सुविधा मिल रही है। जिले के डायलिसिस यूनिट में 9 मशीने संचालित है अभी तक 36520 सत्रों में 574 मरीजों को अभी तक निःशुल्क उपचार मिल चुका है।

मारपीट मामले में पुलिस ने 24 लोगों को भेजा जेल

रायगढ़/नवप्रदेश। किरोड़ीमलनगर में पिता. पुत्र पर जानलेवा हमला मामले में पुलिस ने 24 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस की इस कार्रवाई से आरोपियों में हड़कंप मचा हुआ है। दरअसल 4 जनवरी को वार्ड क्रमांक 9 किरोड़ीमलनगर निवासी गोविंद राम नेताम 45 वर्ष ने थाना कोतरारोड़ में रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थी ने बताया कि उसके मोहल्ले के पीछे वरुण सिंह द्वारा गैलवे कंपनी के लिए दूसरे प्रांत से लाए गए मजदूर रह रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार 4 जनवरी की दोपहर प्रार्थी के पुत्र छवि नेताम पर गैलवे कंपनी से जुड़े कुछ युवकों द्वारा जबरन साथ में काम करने का दबाव बनाया गया। जब छवि नेताम में ने काम करने से इनकार किया तो आरोपियों द्वारा गाली. गलौच करते हुए मारपीट की गई। मारपीट शामिल आरोपियों में बुधमन उरांव, मंगलदीप उरांव, मनोज उरांव, प्रकाश गोप, अरुण करमाली, दीपक उरांव, कार्तिक उरांव एवं अशोक उरांव के नाम सामने आए। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना कोतरारोड़ में धारा 109,1 एवं 3,5 भारतीय न्याय संहिता में प्रकरण दर्ज किया गया।

रायगढ़ में चोरों का आंतक, एक ही दिन में टूटे दो घरों के ताले

रायगढ़/नवप्रदेश। जिले में एक बार फिर से चोरो नें सूने मकान का फायदा उठाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मंगलवार को चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं में अज्ञात चोरों के द्वारा कुल 2 लाख 10 हजार रुपए और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए गए। दोनों ही परिवार घर में ताला लगाकर त्योहार मनाने बाहर गए थे। इसी दौरान चोरों ने मौका पाकर कैश और जेवरात पार कर दिए। वहीं इस मामले में संबंधित थानों में अपराध दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। पहला मामला जूटमिल थाना क्षेत्र का है, जहां मिद्रुमुड़ा के रहने वाले शिव कुमार साव (42) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे पीडी कॉमर्स कॉलेज में चपरासी के पद पर कार्यरत हैं। शनिवार की सुबह वह परिवार के साथ बड़े भंडार त्योहार मनाने गए थे। सोमवार को घर लौटने पर देखा कि कमरे का ताला टूटा हुआ है और सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी का लॉकर तोड़ा गया था और उसमें रखे 80 हजार रुपए कैश और 1 लाख 20 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवरात चोरी हो गए।

बालोद जिले के दुधली में स्काउट-गाइड जंबूरी की तैयारियां पूरी

सियासी बवंडर के बीच हजारों कैडेट्स पहुंचे, 500 विदेशी मेहमान आए

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले के दुधली गांव में 9 जनवरी से आयोजित होने जा रही इंडिया स्काउट्स एंड गाइड्स की राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जम्बूरी से पहले ही राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। भाजपा की अंदरूनी खींचतान के बीच कार्यक्रम पर सवाल उठे, लेकिन स्काउट गाइड्स संगठन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सभी दावों का खंडन किया है।

8 हजार से अधिक प्रतिभागी होंगे शामिल: राज्य सचिव सहित स्काउट गाइड्स के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बताया कि इस समय देशभर से 5,000 से अधिक युवा प्रतिभागी जम्बूरी स्थल पर पहुंच चुके हैं। आने वाले दिनों में यह संख्या 8,000 प्रतिभागियों तक पहुंचने की उम्मीद है। इसके अलावा विदेशों से भी 500 से अधिक प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले हैं।

विवादों पर लगाया विराम, आयुक्त का बयान: कार्यक्रम को लेकर पिछले दिनों राजनीतिक विवाद और अंदरूनी कलह की खबरें सामने आई थीं। इस पर स्काउट गाइड्स के आयुक्त ने आधिकारिक विज्ञप्ति जारी कर सभी खबरों का खंडन किया और स्पष्ट कहा कि, 'आयोजन किसी भी परिस्थिति में स्थगित नहीं होगा।' राज्य आयुक्त ने कहा कि यह कार्यक्रम स्काउटिंग-गाइडिंग की प्रतिष्ठा और अंतरराष्ट्रीय सहभागिता से जुड़ा अहम आयोजन है।

स्थल पर चल रही सक्रिय तैयारियाँ

स्थल पर बड़े पैमाने पर कैंपिंग व्यवस्थाएं, सुरक्षा इंतजाम, चिकित्सा सुविधाएं, स्टेज और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियां तेजी से चलती दिखीं। वहीं, दूर-दूर से आए बच्चों और युवा स्काउट्स से बातचीत में सभी ने उत्साह जाहिर करते हुए कहा कि, आयोजन सुचारू रूप से जारी है और यहां माहौल बेहद सकारात्मक है।

अंतरराष्ट्रीय सहभागिता से बढ़ेगी चमक

जम्बूरी में विदेशों से आने वाले 500 मेहमान कार्यक्रम को अंतरराष्ट्रीय रंग देंगे। संगठन का दावा है कि यह अब तक का छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा स्काउट-गाइड्स आयोजन साबित होने वाला है।

---

9 जनवरी को उप मुख्यमंत्री अरुण साव का कवर्धा आगमन

नपं पांडातराई में विभिन्न विकास व निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे

कवर्धा/नवप्रदेश। 9 जनवरी को पंडरिया नगर में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी का आगमन हो रहा है। इस अवसर पर उनके मुख्य आतिथ्य में पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कुल मैदान में सुबह 10 बजे से नगर पालिका परिषद् पंडरिया एवं नगर पंचायत पांडातराई अंतर्गत विभिन्न विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा। विधायक भावना बोहरा ने बताया की हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि 9 जनवरी को प्रदेश के माननीय उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्री माननीय अरुण साव जी का आगमन हो रहा है। इस दौरान उनके द्वारा पंडरिया विधानसभा वासियों को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी जाएगी। उनके आगमन व स्वागत को लेकर तैयारियां जारी है और कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों में उत्साह स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकार श्री विवेक शर्मा जी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है और मैं पंडरिया विधानसभा की समस्त जनता को भी आमंत्रित करती हूँ की वे इस कार्यक्रम में जरुर पधारें।

भावना बोहरा ने कहा कि डबल इंजन भाजपा सरकार में पंडरिया विधानसभा को निरंतर विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। इन विकास कार्यों से विधानसभा वासियों को सुविधा मिल रही रही है वहीं क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो रहा है। पंडरिया विधानसभा में सड़क, पुल, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, अधोसंरचना निर्माण और सामुदायिक संरचनाओं से जुड़े विभिन्न कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इन कार्यों का लोकार्पण करते हुए उन्हें जनता को समर्पित किया जाएगा, वहीं कई नई योजनाओं का भूमिपूजन कर भविष्य के विकसित पंडरिया की आधारशिला रखी जाएगी। भाजपा सरकार के लिए विकास, सुशासन और जनकल्याण केवल वादे नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली विकास यात्रा हैं। माननीय श्री अरुण साव जी का आगमन पंडरिया विधानसभा के विकास के प्रति सरकार की गंभीरता और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। केंद्र एवं राज्य में भाजपा के मजबूत नेतृत्व के कारण क्षेत्र के लिए लगातार नई सौगातें मिल रही हैं और अधूरे कार्य तेजी से पूरे हो रहे हैं। यह कार्यक्रम कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भरेगा और पंडरिया विधानसभा को विकासशील से विकसित पंडरिया की ओर अग्रसर करेगा।

भावना बोहरा ने आगे कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कुशासन में 5 वर्षों तक उपेक्षित पंडरिया विधानसभा विगत 2 वर्षों में डबल इंजन भाजपा सरकार के कुशल नेतृत्व में पंडरिया विधानसभा में विकास कार्य धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। गांवङ्कगांव में बेहतर सड़कें, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, पेयजल एवं बिजली आपूर्ति और बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में मजबूत कदम है। किसी भी देश की प्रगति का रास्ता गाँव के विकास से होकर गुजरता है। इसी उद्देश्य से हम ग्रामीण स्तर पर हर गाँव-गाँव और घर-घर सुविधाओं एवं योजनाओं का विस्तार कर रहें हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए लगातार विकास व अधोसंरचना निर्माण के कार्य प्रगति पर हैं।

ग्रामीण महिलाओं और किसानों को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमारा प्रयास निरन्तर जारी है। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में आम नागरिकों की उपस्थिति अपेक्षित है। सभी क्षेत्रवासियों से आह्वान है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भाजपा सरकार के विकास के संकल्प को मजबूत करें और पंडरिया के उज्ज्वल भविष्य की इस ऐतिहासिक घड़ी के साक्षी बनें।

रायगढ़ में शिक्षक के नाम पर लाखों का लोन लेकर धोखाधड़ी

रायगढ़/नवप्रदेश। के रायगढ़ जिले में एक सरकारी शिक्षक के साथ लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एक आरोपी ने शिक्षक के नाम पर विभिन्न बैंकों से बड़ी रकम का लोन निकाला और फिर किस्तों का भुगतान बंद कर दिया। पीड़ित शिक्षक की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना खरसिया थाना क्षेत्र में हुई है, जहां शिक्षक लोकनाथ रात्रे ने अपनी शिकायत में बताया कि उनका परिचय ग्राम सपिया निवासी विद्याचरण गोरे से था, और उनके मामा गिरीश कुमार जोल्हे ने मई 2024 में उनसे संपर्क किया। गिरीश कुमार ने शिक्षक को विश्वास में लेकर उनके नाम पर लोन निकालने और किस्तों का भुगतान स्वयं करने का प्रस्ताव दिया, जिसके बदले में 35 प्रतिशत राशि देने का वादा किया। शिक्षक के दस्तावेजों का दुरुपयोग करते हुए, गिरीश कुमार जोल्हे ने चोला मण्डलम, आईसीआईसीआई, एक्सिस बैंक और भारतीय स्टेट बैंक से कुल 27 लाख 25 हजार रुपये का लोन निकाला।

छत्तीसगढ़ में सिंगल-यूज़ प्लास्टिक पर कार्यवाई, बिक्री-स्टोरेज बैन!

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने सिंगल-यूज प्लास्टिक पर अपनी कार्रवाई और तेज कर दी है। वहीं अब राज्य शहरी विकास प्राधिकरण ने राज्य के सभी शहरी स्थानीय निकायों को सिंगल-यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल, बिक्री और स्टोरेज पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों के तहत नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत क्षेत्रों में नियमित रूप से निरीक्षण और कार्रवाई की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों, व्यापारियों और प्रतिष्ठानों पर जुर्माना लगाया जाएगा।

सिंगल-यूज प्लास्टिक को लेकर पर सूडा की सख्ती: दरअसल, राज्य शहरी विकास अभिकरण ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के लिए नई और सख्त एडवाइजरी जारी की है। इस कदम का मुख्य मकसद गंभीर पर्यावरणीय नुकसान को रोकना और सिंगल-यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को पूरी तरह खत्म करना है। इस मुद्दे पर शहरों में जागरूकता अभियान चलाने के भी आदेश जारी किए गए हैं।

नियम तोड़ने वालों पर लगेगा जुर्माना: निर्देशों के अनुसार राज्य के किसी भी हिस्से में सिंगल-यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल, स्टोरेज या बिक्री नहीं की जा सकती। अधिकारियों को बाज़ार इलाकों, दुकानों और गोदामों का अचानक इंस्पेक्शन करने का आदेश दिया गया है। अगर कोई व्यापारी या नागरिक बैन प्लास्टिक का इस्तेमाल करते हुए पाया जाता है, तो उस पर तुरंत जुर्माना लगाया जाएगा और गंभीर मामलों में उसके बिजनेस लाइसेंस को रद्द करने जैसी कड़ी कार्रवाई भी की जा सकती है।

स्वच्छता दीदियों की भूमिका, घर-घर पहुंचेगा संदेश: सूडा ने साफ कहा है कि सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्पों को आम लोगों तक पहुंचाने में स्वच्छता दीदियां अहम भूमिका निभाएंगी। डोर-टू-डोर अभियान के जरिए नागरिकों को कपड़े के थैले, जूट बैग और अन्य पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उद्देश्य साफ है प्लास्टिक की आदत बदले और टिकाऊ विकल्प अपनाए जाएं।

शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर बड़ी ठगी

1 लाख इन्वेस्टमेंट पर पहले 30 हजार दिया प्रॉफिट, फिर 2 करोड़ की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर बड़ी ठगी का मामला सामने आया है। जिसमें ओडिशा के एक बिजनेसमैन से 2 करोड़ का फ्रॉड किया गया। जानकारी के मुताबिक, आरोपियों ने शुरू में छोटे इन्वेस्टमेंट पर ज़्यादा रिटर्न का वादा करके कारोबारी को अपने जाल में फंसाया।

उन्होंने पहले उससे 1 लाख इन्वेस्ट करवाए और फिर 30,000 एक्स्ट्रा लौटाकर उसका भरोसा जीत लिया। इसके बाद पीड़ित ने आरोपियों को 2 करोड़ कैश दे दिए। पैसे मिलते ही आरोपियों ने अपना टेलीग्राम ग्रुप बंद कर दिया और फरार हो गए।

जानकारी के मुताबिक, ठगों ने बड़ी चालाकी से कारोबारी का भरोसा जीत लिया। शुरुआत में उनसे 1 लाख रुपये का निवेश कराया गया और उस पर 30 हजार रुपये का मुनाफा लौटाया गया। इस छोटे से प्रॉफिट से बिजनेसमैन का भरोसा और पक्का हो गया। इसके बाद आरोपियों ने उसे 2 करोड़ इन्वेस्ट करने पर 40 लाख के नेट प्रॉफिट का वादा करके लालच दिया।

मामले की जांच में जुटी पुलिस

इस मामले को लेकर देवेंद्र नगर थाना पुलिस ने बताया कि ओडिशा के बिजनेसमैन नेमीचंद जैन को रायपुर बुलाया गया और फिर उनके साथ धोखाधड़ी की गई। जब पीड़ित को पता चला कि उनके साथ ठगी हुई है, तो उन्होंने देवेंद्र नगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मुख्य आरोपियों अर्चना अग्रवाल, विकास साहू, सुमिन नंदा, अजय त्रिपाठी और अजीत पात्रा के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है। पुलिस की स्पेशल टीमें अब इन साइबर फ्रॉड करने वालों की तलाश कर रही हैं।

ओडिशा से ला रहे थे 5 क्विंटल 20 किलो गांजा, 3 अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

एंबुलेंस से 2.60 करोड़ का गांजा नागपुर ले जाते 3 पकड़ाए

■ दवा का कार्टून और प्लास्टिक बोरियों भरा था गांजा

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के कोमाखान में पुलिस ने एक एंबुलेंस से 5 क्विंटल 20 किलो गांजा जब्त किया है। इसकी अनुमानित कीमत 2.60 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इस मामले में तीन अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, तस्कर गांजे को ओडिशा के भवानीपटना से महाराष्ट्र के नागपुर ले जा रहे थे। तस्करी के लिए उन्होंने महाराष्ट्र पासिंग एंबुलेंस पर ओडिशा की फर्जी नंबर प्लेट (ह्रष्ठ 02,ङ्ग 5501) का इस्तेमाल किया था। पुलिस ने नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर वाहन समेत गांजा जब्त कर लिया है।

एंटीनाकोटिक्स टास्क फोर्स और कोमाखान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग की फोर्स कंपनी की ट्रैवलर्स एंबुलेंस में अवैध रूप से गांजा ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने टेमरी नाका पर नाकेबंदी की। ओडिशा के भवानीपटना की ओर से महासमुंद आ रही एंबुलेंस को रोका गया। वाहन में सागर वाघ (26, निवासी जालना, महाराष्ट्र), संजीव आहिरे (45, निवासी औरंगाबाद, महाराष्ट्र) और सुशील दामाड़े (20, निवासी औरंगाबाद, महाराष्ट्र) सवार थे। पूछताछ करने पर तीनों ने गोलमोल जवाब दिए। एंबुलेंस की तलाशी लेने पर उसमें दवा के 16 कार्टून और 14 प्लास्टिक बोरियों में 5 क्विंटल 20 किलो गांजा भरा मिला। पुलिस ने गांजे के साथ-साथ 4 मोबाइल फोन और एंबुलेंस को भी जब्त कर लिया। जब्त किए गए कुल सामान की कीमत 2,65,10,500 रुपये आंकी गई है। आरोपियों को नारकोटिक्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार सिंघोड़ा, बसना और सांकरा थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसके दौरान 5 जनवरी को सिंघोड़ा पुलिस ने एक ऑटो से 26 किलो गांजा जब्त किया। गहन जांच में मुख्य सप्लायर बौद्ध, ओडिशा निवासी संबित मलिक को गिरफ्तार किया गया। बाद पुलिस ने नागपुर (महाराष्ट्र), जालौन (उत्तर प्रदेश), बालाघाट व जबलपुर (मध्य प्रदेश) से जुड़े तस्करों को रंगे हाथों दबोच लिया और तस्करी में प्रयुक्त 2 कार, 3 बाइक, एक स्कूटी व एक ऑटो कुल 10.40 लाख रुपये मूल्य के वाहन पुलिस ने जब्त किया है। इसी कड़ी में रायपुर निवासी वाहन मालिक हर्षित सक्सेना को भी गिरफ्तार किया गया है, जिसकी स्कूटी का उपयोग तस्करी में किया जा रहा था।

पूरे नेटवर्क को बेनकाब किया

नशीले पदार्थों के कारोबार पर लगाम कसने के लिए एंटी नारकोटिक्स फोर्स और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से बीते 15 दिनों के भीतर कार्रवाई करते हुए 6 अलग-अलग मामलों में कुल 113 किलो गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार कीमत लगभग 47 लाख 15 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने 'एंड-टू-एंड' कार्रवाई करते हुए ओडिशा स्थित मुख्य सप्लायर तक अपनी पहुंच बनाई और पूरे नेटवर्क को बेनकाब कर दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com